धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

24.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

माघ, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 194




12 'आप' ने दिल्ली को कूड़े के ढेर में बदला

## न्यूज डायरी

### रक्षा कवच, प्रलय परेड में आकर्षण का केंद्र होगा

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) अपनी झांकी रक्षा कवच प्रस्तुत करेगा। बहु-स्तरीय सुरक्षा और बहु-क्षेत्रीय खतरों से रक्षा थीम पर आधारित यह झांकी भारत की रक्षा तकनीक में हुई प्रगति और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों को दिखायेगी। इसके अलावा, सैटेलाइट आधारित निगरानी प्रणाली और अरुध्र मीडियम पावर रडार भी इस झांकी में प्रदर्शित किये जायेंगे। झांकी में 2024 की कई प्रमुख उपलब्धियों को भी दिखाया जायेगा। झांकी में प्रलय हथियार प्रणाली को भी प्रदर्शित किया जायेगा।

### 10 आंगनबाड़ी सेविकाओं को भी मिला निमंत्रण

**रांची।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड की 10 आंगनबाड़ी सेविकाओं को निमंत्रण मिला है। महिला बाल विकास विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार, हजारीबाग से गोंडवार चुरचू की बासमती मुर्मू, कटकमसांडी से वीणा देवी, खूंटी से शांति सोय और कनक रानी, गिरिडीह से मेधादेवी, रेखा मंडल, कोडरमा से कंचन देवी, दुमका से रीना देवी, धनबाद से शगुफ्ता इस्मत और पश्चिम सिंहभूम से बिंदिया रानी शामिल है। इस बार परेड की अतिथि रहेंगी गिरिडीह की दो आंगनबाड़ी सेविकाएं। इन्होंने बेहतर तरीके से आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया है। ये हैं सदर प्रखंड के कल्याणडीह आंगनबाड़ी केंद्र की मेघा देवी और बेंगाबाद प्रखंड के सोनबाद आंगनबाड़ी केंद्र की रेखा मंडल।

### 28 को 8वीं, 29 को 9वीं बोर्ड की परीक्षा

**रांची।** 8वीं बोर्ड की परीक्षा 28 को और 9वीं बोर्ड की परीक्षा 29 जनवरी को होगी। जैक ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। जैक के सचिव जयंत मिश्रा ने गुरुवार को राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि परीक्षा एवं ओएमआर शीट पर ली जायेगी।

### दो करोड़ कैश मिलने के बाद डीइओ सस्पेंड

**पटना।** शिक्षा विभाग ने बेतिया के जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ) रजनीकांत प्रवीण को सस्पेंड कर दिया है। गुरुवार को उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की गयी छापामारी में दो करोड़ से अधिक कैश बरामद हुआ था। छापेमारी में मिले पैसों को गिनने के लिए विजिलेंस टीम को मशीनें मंगवानी पड़ी थी। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने चहेते ठेकेदारों को ही काम दिया। अपने पद का दुरुपयोग कर गलत ढंग से धन कमाया। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी।


गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 75600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 रु./प्रति किलो |





# कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में रतन टाटा आकर्षण के केंद्र

**खबर मन्त्र संवादाता**

**रांची।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के मौके पर कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में इसबार प्रसिद्ध उद्योगपति स्व रतन टाटा की मूर्ति आकर्षण के केंद्र में रहेगी। झांकी में झारखंड की विरासत, विकास और संस्कृति की झलक दिखेगी। झांकी में यहां के पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को भी प्रदर्शित किये जायेंगे। गुरुवार को झांकी का फुल ड्रेस रिहर्लसल भी किया गया।

### रतन टाटा को श्रद्धांजलि

कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी में रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी जायेगी, जिनका 86 वर्ष की उम्र में 9 अक्टूबर 2024 को निधन हो गया था।

इसबार की झांकी में जमशेदपुर चर्चा में रहेगा। वह शहर जिसके विकास में रतन टाटा का काफी योगदान रहा था। यह देश के पहले ह्रस्टील सिटी के रूप में भी जाना जाता है। स्वर्णरेखा और खरकई नदियों के संगम पर दक्षिण-पूर्वी झारखंड में स्थित जमशेदपुर देश की औद्योगिक शक्ति का प्रतीक है।

जमशेदजी टाटा के नाम पर, जिन्होंने 1907 में वहां एक स्टील प्लांट स्थापित किया था, जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा शहरी केंद्र और एक महत्वपूर्ण औद्योगिक तथा परिवहन केंद्र है। झांकी में टाटानगर के नाम से विख्यात जमशेदपुर की औद्योगिक इकाइयों का एक मनोरम दृश्य भी प्रस्तुत किया जाएगा।




### नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सीएम ने किया नमन

# नेताजी के विचार-आदर्श से मिलती है ताकत : हेमंत

### झारखंड से उनकी कई यादें जुड़ी हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती पराक्रम दिवस पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि यह दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है। हमें इस बात का गर्व है कि हमारे बीच एक ऐसी विभूति एवं पराक्रमी पैदा हुए, जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई को नयी ताकत दी थी। श्री सोरेन ने कहा, नेताजी के विचार और आदर्श और उनके संदेश से आज भी हम लोगों आत्मविश्वास और ताकत का संचार होता है। उनके नाम से ही हम सभी को ताकत मिल जाती है। (शेष पेज 11 पर)



### झारखंड के हर वर्ग का विकास प्राथमिकता : सीएम

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य हित में सरकार सभी वर्ग तथा समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के हर तबके के लोगों को सशक्त और आगे बढ़ाने सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, बिना समाज को मजबूत किये राज्य को मजबूत नहीं किया जा सकता। सीएम ने गुरुवार को उक्त बातें केंद्रीय सरना समिति भारत के एक प्रतिनिधि मंडल से भेंट में कही। सीएम के आवासीय दफ्तर में केंद्रीय सरना समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने श्री सोरेन ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से सरना आदिवासी समाज की समस्याओं एवं मांगो से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा और निदान की मांग की। सीएम ने कहा कि सरना आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा एवं संस्कृति को संरक्षित करने के साथ उनके हक- अधिकार को देने के लिए हमारी सरकार ठोस कदम उठा रही है। सीएम से भेंट करने वालों में समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव समेत अमर उरांव, राजू मंडल, शिवा कच्छप, प्रदीप तिर्की, सोनू मुंडा, झरी मुंडा, राजेश तिर्की, हेमन्त गाड़ी, चिंतामणि सांगा, सुलोचना खालखो, सावित्री कच्छप, लाली कच्छप, संजना उरांव, मधु तिर्की, प्रीति कच्छप और सायरा कच्छप शामिल थे।

### आरामतलबी से बचें, देश विरोधी ताकतों से सतर्क रहें : मोदी

# एक लक्ष्य-एक ध्येय विकसित भारत बनाना

### पराक्रम दिवस पर पीएम ने नेताजी को किया नमन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कहा कि देशवासियों को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से एक लक्ष्य-एक ध्येय, विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है। नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते उन्होंने देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण के लिए आरामतलबी से दूर रहें। श्रेष्ठता, परिश्रम एवं दक्षता पर फोकस करके वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हासिल करें। देश की एकता पर बल देते हुए मोदी ने कहा कि लोगों को देश को कमजोर करने वाली ताकतों से सतर्क रहना चाहिए।

**नेताजी की प्रेरण से हम संकल्प सिद्धि की ओर :** उन्होंने दोहराया कि देश, नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। (शेष पेज 11 पर)



### विद्यार्थियों से की बातचीत

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर पीएम मोदी विद्यार्थियों के साथ विभिन्न विषयों विशेष रूप से विकसित भारत के बारे में बातचीत की। पीएमओ के अनुसार श्री मोदी ने संसद के केंद्रीय कक्ष ( संविधान सदन) में यह संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पराक्रम दिवस , नेताजी के जन्मस्थान और उनके जीवन , देश को विकसित राष्ट्र बनाने , देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए किये जा रहे प्रयासों , इलेक्ट्रिक वाहनों और पी एम सूर्यघर योजना जैसे विषयों पर सवाल किये और इनके बारे में छात्रों के साथ जानकारी साझा की।

# वित्त मंत्री के कार्यक्रम पर मधुमक्खियों का हमला

### कई अधिकारी और पत्रकार जख्मी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के एक कार्यक्रम के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस हमले में कई अधिकारी और पत्रकार घायल हो गये। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के नेतृत्व में एक टीम पांकी बराज का निरीक्षण करने पहुंची थी। टीम में सिंचाई विभाग के वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण कार्य चल रहा था और इसी दौरान मधुमक्खियों का हमला हो गया। मधुमक्खियों के हमले के बाद वित्त मंत्री की सुरक्षा में तैनात जवानों ने घेर लिया और गाड़ी में बैठा लिया। सभी लोगों ने वहां से भागकर मधुमक्खियों से अपनी जान बचायी। मंत्री और अधिकारी ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद बराज का निरीक्षण करने के लिए करीब पहुंचे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया।



# हजारीबाग में सीबीआइ की छापेमारी

### साइबर क्रइम से जुड़ा है मामला, इलाके में हड़कंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** साइबर क्राइम से जुड़े मामले में सीबीआइ ने गुरुवार को इचाक थाना क्षेत्र के सिरसी गांव में छापेमारी की। यह छापेमारी राजू कुशवाहा के घर पर हुई। बताया जाता है कि राजू कुशवाहा के बेटे राहुल कुमार ने ऑनलाइन बैंक ट्रांजेक्शन किया था। इस मामले में सीबीआई ने छापेमारी की और उनके परिजनों से करीब चार घंटे तक पूछताछ की। छापेमारी के दौरान सीबीआई की टीम ने कई पहलुओं की बारीकी से जांच की। टीम खास तौर पर पटना से सिरसी गांव आयी थी। छापेमारी के बाद सिरसी गांव में चर्चा का माहौल है। लोग कयास लगा रहे हैं कि इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।



**कई दस्तावेज साथ ले गयी :** जांच टीम कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने साथ लेकर पटना रवाना हो गयी। जानकारी के मुताबिक, राहुल कुमार रांची में पढ़ाई करता है और पार्ट टाइम जॉब भी करता है। उसने अपने खाते से पैसे निकालकर ट्रांजेक्शन किये थे। इसी मामले की जांच के लिए सीबीआई की टीम हजारीबाग पहुंची थी। हजारीबाग सीबीआइ टीम ने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया।

जिन लोगों के घर पर सीबीआई ने छापेमारी की, उन्होंने पूरी घटना की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि सीबीआई की टीम सुबह करीब 8:00 बजे पहुंची थी। उन्होंने 1:40 तक घर में मौजूद लोगों से पूछताछ की और महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने साथ ले गये। राजू कुशवाहा ने कहा कि सीबीआइ ने कुछ बिंदुओं को लिखवाया है। यह भी कहा गया है कि जब भी सीबीआई की ओर से नोटिस भेजा जायेगा, तो पटना आना होगा। इस कार्रवाई में आठ लोगों की टीम शामिल थी।

# तकनीकी चुनौतियों से निपटने की नीति जरूरी

- चुनावों का भविष्य, चुनौती पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले सीइओ
- कार्यकुशलता, पारदर्शिता और वोटरों का विश्वास बढ़ाने पर जोर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) राजीव कुमार ने गुरुवार को तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों को कारगर बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चुनावों का भविष्य टेकनोलॉजी, सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और साइबर सिक्योरिटी में प्रगति और चुनौतियों से आकार लेगा। वह यहां आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कार्यकुशलता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में टेक्नोलॉजी और डिजिटल इनोवेशन की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। शुक्रवार को दूसरे दिन लोकतंत्र के लिए 'चुनावों का भविष्य' पर एक सत्र आयोजित किया जायेगा। चुनावों और चुनावी लोकतंत्रों के बेहतर तालमेल और मजबूती के लिए साझा प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए एक 'परिणाम दस्तावेज/घोषणा' के साथ इसका समापन होगा।

**टेक्नोलॉजी लाभप्रद और घातक भी :** सीइसी श्री कुमार ने सभी प्रतिभागियों से चुनावों को अधिक पारदर्शी, समावेशी और सुलभ बनाने में तकनीकी प्रगति के साथ अवसरों का पता लगाने का आह्वान किया। न केवल वैश्विक स्तर पर चुनावी प्रक्रियाओं की सुरक्षा करने में, बल्कि उनकी पहुंच और प्रभाव का विस्तार करने में भी इलेक्शन मैनेजमेंट की भूमिका को रेखांकित किया। (शेष पेज 11 पर)



### फर्जी नैरेजिट के खिलाफ चेतावनी

चुनावी प्रक्रियाओं में विश्वास को खत्म करने वाले फर्जी नैरेजिट के खिलाफ चेतावनी देते हुए कुमार ने कहा कि इस तरह के फर्जी नैरेटिव आम तौर पर चुनाव प्रक्रिया के महत्वपूर्ण मोड़ पर इसके महत्वपूर्ण पहलुओं को निशाना बनाने के लिए बनाए जाते हैं। कुमार ने चुनावों के भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख रुझानों को भी रेखांकित किया, जिसमें एआई-संचालित प्रक्रियाएं, ऑनलाइन और दूरस्थ मतदान, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और वैश्विक सहयोग में वृद्धि शामिल है। अवसर और चुनौतियां विषय पर आयोजित सत्र में बोलते हुए भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त दाशो सोनम टोपगे ने ईवीएम उपलब्ध कराने के लिए भारत की सराहना की और भूटान में चुनाव में ईवीएम के इस्तेमाल के बाद से ईवीएम द्वारा लाई गई प्रक्रिया दक्षता की तारीफ की।

# आयरन ओर, सोना सहित दो दर्जन खदानें नीलामी को तैयार

### झारखंड को मिलेगा 5000 करोड़ का राजस्व

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में कई खनिजों की खदानें नीलामी के लिए तैयार है। खनिज खदानों की नीलामी से राज्य सरकार को लगभग पांच हजार रुपए मिलेंगे। इस राशि से कल्याणकारी योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। बताते चलें कि राज्य में झारखंड एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड को खनिजों का पता लगाने और खनन गतिविधि को आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी मिली है। यह कंपनी राज्यभर में लौह अयस्क, कोयला, तांबा, बॉक्साइट, सोना सहित अन्य खनिजों का पता लगाएगी। डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के लिए नई आर्कजीआईएस सॉफ्टवेयर पैकेज खरीदा जाएगा। इस सॉफ्टवेयर के जरिये भू-वैज्ञानिक मैपिंग के साथ अन्वेषण रिपोर्ट और खनन योजनाएं तैयार किए जाएंगे।



**इन कोल ब्लॉक से उत्पादन जल्द :** वहीं चार को ब्लॉक से भी जल्द शुरू हो जाएगा। इसमें से पलामू में स्थिति रजहारा नॉर्थ कोल ब्लॉक फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को आबंटित किया गया है। हजारीबाग में स्थिति बदाम कोल ब्लॉक एनटीपीसी को आवंटित किया गया। हजारीबाग में स्थिति मोईत्रा कोल ब्लॉक जेएसडब्ल्यू को आबंटित किया गया है और लातेहार में स्थित तुबेद कोल ब्लॉक डीवीसी को आबंटित किया गया है। इन कोल ब्लॉक से जल्द ही कोयला का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

वहीं चाईबासा की 11 आयरन ओर की खदानें नीलामी के लिए तैयार है। इसके अलावा चार लाइम स्टोन, एक बेल मेटल और एक कॉपर खदान की भी नीलामी होगी। कॉपर और बेस मेटल की खदान गिरिडीह में है। जबकि लाइम स्टोन के दो खदान रांची और दो खदान रामगढ़ में हैं।

इसके अलावा चार बॉक्साइट खनिज खदान, एक कॉप, छह ग्रेफाइट, दो लाइम स्टोन के खदानों भी 2025 में नीलामी के लिए तैयार हो जाएंगे। इन खदानों का अन्वेषण कार्य अंतिम चरण में हैं। (शेष पेज 11 पर)

### खदानों की भी नीलामी प्रक्रिया जल्द

झारखंड के लगभग दो दर्जन खदानों की नीलामी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसमें 11 आयरन ओर की खदानें सहित पांच सोना की खदानें भी शामिल हैं। जिन सोना के खदानों की नीलामी होगी, उनमें पूर्वी सिंहभूम के भीतरडीरी और जोजोडीह खदान, सरायकेला-खरसांवा का हेबन सेमा, बीतापुर-सोकानडीह और रामपुर कासीडीह सोना की खदानें शामिल हैं।

# बीएयू के वैज्ञानिकों ने विकसित की बैटरी संचालित धान रोपने की मशीन

- पैडी ट्रांसप्लांटर किसानों द्वारा उगाये गये धान के पौधों की सीधे खेत में करेगी रोपाई
- यह मशीन सिर्फ बेहद सस्ती ही नहीं, बल्कि काफी उपयोगी भी

**सुधीर**

**रांची।** खेती में बढ़ती लागत और मानव श्रम की कमी ने राज्य के किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। राज्य के किसानों के लिए अब, धान की खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। ऐसे में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कृषि अभियंत्रण विभाग के वैज्ञानिकों ने धान रोपने की मशीन बनाने में सफलता हासिल की है। यह मशीन आम लोगों की पहुंच दूर नहीं होगी। यह मशीन सिर्फ बेहद सस्ती ही नहीं, बल्कि काफी उपयोगी भी है। धान की रोपाई करने वाली इस मशीन का नाम पैडी ट्रांसप्लांटर रखा गया है। कृषि अभियंत्रण विभाग के सहायक प्राध्यापक और इस परियोजना के नेतृत्वकर्ता डॉ उत्तम कुमार का कहना है कि बीएयू द्वारा निर्मित पैडी ट्रांसप्लांटर का पेटेंट भी हो चुका है। अब बीएयू के नियमानुसार इस मशीन के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए किसी प्रोफेशनल निमार्ता से एमओयू होगा और उसके बाद यह किसानों तक पहुंचेगी।


पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन

### चार साल में तैयार की गयी है यह मशीन

डॉ उत्तम के अनुसार, भारत सरकार से प्राप्त परियोजना के तहत चार साल में यह धान रोपाई मशीन तैयार की गई है। इसे बनाने में 15 हजार रुपये की लागत आई है। बीएयू की एक विशेष कमेटी है जो तय करती है कि किसानों को यह किस कीमत पर उपलब्ध होगी। डॉ. उत्तम कुमार कहते हैं कि बीएयू द्वारा निर्मित पैडी ट्रांसप्लांटर इस मायने में खास है कि यह किसानों द्वारा खेतों में उगाए गए पौधों की रोपाई करने में सक्षम है। यह मशीन किसानों का पैसा भी बचाएगी, क्योंकि परंपरागत तरीके से कृषि मजदूरों द्वारा धान के पौधों की रोपाई में 7500 रुपये प्रति हेक्टेयर का खर्च आता है, जबकि इस मशीन से रोपाई का खर्च घटकर 1500 रुपये प्रति हेक्टेयर रह जाता है।

### हर दिन 50 डिसमिल खेत में होगी धान की रोपाई

डॉ उत्तम की मानें तो धान की रोपाई के लिए अब तक बनी सभी मैनुअल या ऑटोमेटिक मशीनों में प्लास्टिक मैट का इस्तेमाल होता है, इसमें मिट्टी की मोटाई मात्र दो सेमी होती है। ऐसे में पौधा अच्छे से विकसित नहीं हो पाता है। बीएयू द्वारा आविष्कृत धान रोपाई मशीन की खासियत यह है कि यह किसानों द्वारा उगाये गये धान के पौधों की सीधे खेत में रोपाई करती है। इसमें 12-12 वोल्ट की दो ड्राई बैटरियां लगी हैं। एक मशीन रोपाई का काम चलाती है और दूसरी मशीन को खेत में आगे बढ़ाती है। उन्होंने बताया कि एक बैटरी चार घंटे तक चल सकती है और 37 किलो वजन वाली इस मशीन से हर दिन 50 डिसमिल खेत में आसानी से धान की रोपाई की जा सकती है।

## बेंगलुरु में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में शामिल हुईं कृषि मंत्री

# मोटे अनाज की क्रांति आने वाले भविष्य की जरूरत : शिल्पी नेहा

- मड़ुआ की खेती पर केस स्टडी कर रहा है हावर्ड यूनिवर्सिटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जैविक खेती और श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए 23 से 25 जनवरी तक बेंगलुरु में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का उदघाटन हुआ। मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सहित देश भर के कई गणमान्य उपस्थित थे। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड के स्टॉल का उद्घाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया।

इस मौके पर विभागीय सचिव अबुबकर सिद्दीकी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस वृहद आयोजन के लिए कर्नाटक सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड और कर्नाटक के बीच कई तरह की समानताएं है। खासकर मिलेट्स की बात करें तो दोनों राज्य में ये समान रूप से देखने को मिलेगा। पौराणिक काल से झारखंड और कर्नाटक में मिलेट्स के उत्पाद और उपयोग की परपंरा रही है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ये गर्व की बात है कि अभी भी आदिवासी समाज मिलेट्स की खेती से जुड़े हैं। इसके साथ ही मुझे इस बात का गर्व है कि मैं आदिवासी समाज की उरांव जाति से आती हूं। मिलेट्स हमारे भोजन का मुख्य अनाज है। मिलेट्स को एक समय में गरीबों का भोजन कहा जाता था। आज लोग इसकी जानकारी भी ले रहे हैं और इसे बड़े चाव से खा भी रहे हैं। पूरे देश में झारखंड और कर्नाटक ऐसे दो राज्य हैं, जो मिलेट्स का उपयोग कर रहे हैं। बदलते समय में चावल और गेहूं को भी मुख्य आहार के रूप में लोगों ने अपनाया है। वैसे हमारे स्वास्थ्य और मौसम के लिहाज से मोटा अनाज जायदा फायदेमंद है। इसको आसानी से लगाया जा सकता है। चावल और गेहूं की तुलना में अब कई राज्यों की सरकारें मोटे अनाज को बढ़ावा दे रही है।

मंत्री ने कहा कि मोटा अनाज की क्रांति हमारे आने वाले भविष्य के लिए जरूरी है। झारखंड और कर्नाटक मिल कर ऐसे किसानों को सहयोग कर सकती है जो मोटा अनाज के फसल से जुड़े है। झारखंड में मिलेट पॉलिसी के तहत किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मोटा अनाज के लिए बाजार मुहैया कराने में ये नीति कारगर साबित होगी। झारखंड मिलेट मिशन के तहत किसानों को 3 हजार रुपया प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। वैसे एफपीओ को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो मोटे अनाज की खेती से जुड़े हैं। इस मिशन की सफलता में आईसीआर और आईएमआर, स्टेट यूनिवर्सिटी की बड़ी भूमिका रहेगी। मंत्री ने कहा कि गुमला में मड़ुआ की खेती पर हावर्ड यूनिवर्सिटी केस स्टडी कर रहा है। पहले इसे गरीब किसान के साथ जोड़कर देखा जाता था। जहां मोटे अनाज की खेती हो रही है, ऐसे जिले कुपोषण से लड़ने में मददगार साबित हो रहे है। इस मुहिम को राज्य स्तर से ऊपर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की जरूरत है।

## चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले अधिकारी-कर्मी होंगे सम्मानित

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को सीइओ ने तैयारियों का लिया जायजा

राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने कहा कि 25 जनवरी को आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राज्यपाल सम्मानित करेंगे। गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

**व्यवस्था को दुरुस्त रखने का दिया निर्देश :** के. रवि कुमार ने पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अन्य जिलों के उपायुक्त, पदाधिकारी एवं बीएलओ भी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में कॉलेज एवं एनएसएस के बच्चे, नए मतदाता, वृद्धि मतदाता और दिव्यांग मतदाता आदि भी सम्मिलित होंगे। उन सब के लिए पेयजल, शौचालय एवं भोजन आदि की व्यवस्था का पदाधिकारी विशेष ध्यान रखें।

वहीं, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने कहा कि कार्यक्रम में लोगों को निर्वाचन के दौरान हुए कार्यों एवं बीएलओ के प्रयासों से अवगत कराने के उद्देश्य से वीडियो, बैनर आदि का डिस्प्ले किया जाये। साथ ही सम्मानित होने वाले पदाधिकारियों, कर्मियों व बीएलओ के स्वागत की भी व्यवस्था की जाये।

### राज्यपाल को ध्वजा-रोहण का आमंत्रण

**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर, अंजनी कुमार मिश्र एवं डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरूवार को संयुक्त रूप से राज्यपाल संतोष गंगवार को 26 जनवरी के दिन मोरहाबादी मैदान में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण के लिए आमंत्रण दिया।

## आइएएस अधिकारी के बेटे का फर्जी प्रमाण पत्र विवाद मामला

# खास लोगों के लिए अलग कानून लागू कर रही है सरकार : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची नगर निगम में एक आईएएस अधिकारी के बेटे के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले ने तूल पकड़ लिया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि आईएएस अधिकारी राजीव रंजन के बेटे के एक जन्म प्रमाण पत्र को वैध माना गया है जबकि अन्य को निरस्त कर दिया गया है। इस पर पहला सवाल यह है कि रांची नगर निगम ने तीन में से किस प्रमाण पत्र को वैध ठहराया और किन्हें रद्द किया। यह निर्णय किस आधार पर लिया गया कि कौन सा प्रमाण पत्र असली है और कौन सा फर्जी। उन्होंने कहा कि दूसरा सवाल यह कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते समय एक शपथ पत्र देना अनिवार्य होता है। यदि फर्जी शपथ पत्र दिया गया था, तो क्या नगर निगम ने संबंधित आईएएस अधिकारी के खिलाफ फर्जीवाड़े का मामला दर्ज किया है। तीसरा सवाल है कि नगर निगम के उस अधिकारी पर क्या कार्रवाई की गई। इसने तीन अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्र जारी किये और उन्हें सत्यापित किया। चौथा सवाल यह है कि जिस ऊंचे पद पर संबंधित आईएएस अधिकारी कार्यरत हैं उनके खिलाफ विभागीय स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गयी, क्या ऐसे अधिकारी के भरोसे झारखंड का वित्त विभाग चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता और बड़े अधिकारियों के लिए अलग-अलग कानून लागू किए जा रहे हैं। यदि ऐसा फर्जीवाड़ा किसी सामान्य व्यक्ति ने किया होता, तो नगर निगम उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करता लेकिन, यह मामला बड़े अधिकारी से जुड़ा है इसलिए निगम का रवैया नरम है। उन्होंने इस पूरे मामले को गंभीरता से जांचने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पर कहा कि यह पूरी प्रक्रिया एक बड़ा धोखा और फर्जीवाड़ा है। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि यदि कोई भाजपा नेता की इसमें संलिप्तता है तो ठोस सबूत पेश किये जाये। इस अवसर पर तारिक इमरान भी थे।

### पंचपरगनिया और कुरमाली विषय की परीक्षा रद्द

**रांची।** झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत आयोजित पंचपरगनिया एवं कुरमाली विषय परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। उक्त पत्रों की पुनर्परीक्षा के संबंध में सूचना यथीशीघ्र आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी जाएगी। इससे संबंधित सूचना जेएसएससी के परीक्षा नियंत्रण ने जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि इस परीक्षा से संबंधित दायर याचिका पर 13 एवं 21 अगस्त 24 को आदेश पारित किया गया है। इस आदेश के आलोक में गठित विशेषज्ञ समिति से प्राप्त प्रतिवेदन के समीक्षा के बाद इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 1 से 5 में के लिए पंचपरगनिया एवं कुरमाली विषय की परीक्षा को रद्द किया जाता है।

# परंपरा को तोड़कर परिवर्तन लाने वाले महामानव थे सुभाषचंद्र बोस : डॉ रवींद्र

- भाजपा ने सुभाष चंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रदेश कार्यालय में भी उनके चित्र पर श्रद्धांजलि दी गई, नमन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वरुण साहू, कमाल खान, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, अरुण झा, इंद्रजीत यादव, अरुण चंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे। बाद में डॉ राय ने मीडिया से कहा कि भारतीय राष्ट्र जीवन में सुभाष चंद्र बोस एक महानायक थे। जिन्होंने भारत की राजनीति और स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा 1893 में स्वामी विवेकानंद ने विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक ध्वजा को दिग्विजयी बनाया। वही, गुलाम भारत में आजादी के ध्वज को सुभाष बाबू ने ऊंचा किया।

उन्होंने कहा कि सुभाष बाबू परंपरा तोड़कर परिवर्तन के महानायक थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती से सुभाष बाबू का गहरा संबंध है। इस धरती से उन्होंने ने राजनीतिक इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया के खिलाफ परंपरा को तोड़कर उन्होंने रामगढ़ अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़े और जीत भी दर्ज की जिसे दकियानूसी कांग्रेस पचा नहीं पाई। यह इतिहास में बड़ी राजनीतिक घटना है। उन्होंने कहा कि आजाद हिंद फौज की स्थापना कर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज के पुण्य अवसर पर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विकसित झारखंड बनाने का संकल्प लेते हैं।

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग में जल्द होगी अध्यक्ष की नियुक्ति, मांगे गये आवेदन



**रांची।** झारखंड राज्य में बाल अधिकार संरक्षण आयोग में अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति जल्द की जाएगी। इसके लिए महिला बाल विकास विभाग ने सूचना जारी कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन प्रक्रिया 27 जनवरी से शुरू होगी और 10 फरवरी तक चलेगी।

**क्या है आवेदन प्रक्रिया**

- आवेदन जैप-आइटी के रिक्रूटमेंट पोर्टल के जरिए किये जा सकते हैं।
- आयोग में वांछित पदों से संबंधित सूचनाएं पोर्टल पर उपलब्ध होंगी।
- केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे।

# भाजपा ने आइएएस पूजा सिंघल को निलंबन मुक्त करने पर उठाये सवाल

- पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में 28 महीना पहले किया गया था गिरफ्तार, उनके सीए के पास से बरामद हुए थे ₹16 करोड़



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के तहत चलनेवाली राज्य सरकारों पर बड़ा सवाल किया है। श्री प्रसाद ने झारखंड की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद हेमंत सरकार द्वारा निलंबन वापसी करना और फिर पदस्थापन की प्रत्याशा में कार्मिक में पोस्टिंग करने पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में 28 महीना पहले गिरफ्तार किया गया था। उनके सीए के पास से 16 करोड़ रुपये बरामद हुये थे। अधिकारियों ने उनके पास से 36 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किये थे। पिछले 28 महीने से जेल में रहने के बाद दिसंबर में उन्हें जमानत मिल गई और 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस ले लिया गया। अब उन्हें बहाल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक आईएएस अधिकारी जिसके खिलाफ मुकदमा चल रहा है और पीएमएलए कोर्ट ने मामला दर्ज किया है। करोड़ों रुपये बरामद किये गये। कांग्रेस भी झारखंड सरकार का हिस्सा है और उन्हें जवाब देना होगा कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका सवाल राहुल गांधी से सवाल है, जो संविधान को हाथ में लेकर घूमते हैं। हम इसकी निंदा करते हैं और कांग्रेस की ओर से एक जवाब की मांग करते हैं।

## सुरक्षा की तैयारी : पुलिस मुख्यालय ने राज्य सरकार को भेजा प्रस्ताव

# राजधानी रांची में सभी प्रमुख स्थानों और प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाना होगा अनिवार्य : डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए झारखंड पुलिस ने कमर कस ली है। बेंगलुरु पुलिस की तर्ज पर राजधानी के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के लिए कानून बनाने जा रही है। सीसीटीवी के दायरे में पूरे शहर को लाने के लिए एक्ट में कई तरह के प्रावधान हैं जिसके तहत प्रतिष्ठान मालिकों को खुद से सीसीटीवी कैमरा लगाना पड़ेगा। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा एक प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया है।

**क्या है पूरा मामला :** राजधानी में इलेक्ट्रॉनिक निगरानी बढ़ाने के लिए शहर के हर हिस्से में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने बड़ा कदम उठाया है। झारखंड पुलिस ने इसके लिए बेंगलुरु पुलिस के कर्नाटक सार्वजनिक सुरक्षा प्रवर्तन अधिनियम का गहराई से अध्ययन किया है।

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य अपराध को रोकने और अपराध में शामिल अपराधियों का पता लगाने के लिए है। एक्ट में यह प्रावधान रहेगा कि अधिक भीड़ भाड़ वाले मॉल, प्रतिष्ठान, अपार्टमेंट और जिस इलाके में 100 से ज्यादा लोग रहते हों वहां सभी निजी तौर पर सीसीटीवी कैमरे लगवायेंगे।

### सीसीटीवी कैमरे लगाना हो जायेगा अनिवार्य



सरकार द्वारा अगर एक्ट को पास कर दिया जाता है तो अधिकांश बड़े प्रतिष्ठान के आसपास प्रतिष्ठानों के मालिकों को सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य हो जाएगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि सरकार एक नोटिफिकेशन के माध्यम से यह तय करेगी कि किन-किन प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने हैं। स्थान चिन्हित करने के बाद निजी तौर पर वहां के प्रतिष्ठान मालिकों को सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। एक्ट में यह भी नियम रहेगा कि सीसीटीवी फुटेज को हर हाल में 30 दिनों तक सेव रखा जाए।

### क्या है बेंगलुरु पुलिस के एक्ट में

**कैमरे की रेंज 50 मीटर जरूरी**

कर्नाटक सार्वजनिक सुरक्षा प्रवर्तन अधिनियम के जरिए यह नियम बनाया गया है कि 500 से या अधिक लोगों की मासिक आवाजाही वाले प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। सीसीटीवी कैमरे के रख रखाव की जिम्मेदारी प्रतिष्ठान मालिकों की होगी। कैमरे की पूर्ण एचडी रेजोल्यूशन, नाइट विजन क्षमता और 30 दिन की स्टोरेज क्षमता सहित होना चाहिए। एक्ट के तहत सभी कमर्शियल प्रतिष्ठानों के परिसर के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। एक्ट में इस बात का भी जिक्र है कि कैमरा की रेंज सड़क की तरफ से 50 मीटर जरूर होना चाहिए।

### कर्नाटक पुलिस एक्ट का अध्ययन के बाद तैयार हुआ प्रस्ताव

झारखंड पुलिस ने कर्नाटक पुलिस के उस एक्ट को लेकर भी अध्ययन किया जिसमें निगम क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्राइवेट संस्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि जब वह डीजीपी कॉन्फ्रेंस में गए थे तब वहां कर्नाटक के डीजीपी से उनकी बात हुई और इस एक्ट के बारे में पता चला। डीजीपी के अनुसार कम से कम निगम क्षेत्र में सभी प्रमुख प्राइवेट स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगना चाहिए। कर्नाटक पुलिस की तर्ज पर वे भी इसके लिए प्रयास शुरू कर चुके हैं। इस संबंध में सरकार को प्रस्ताव भी भेज दिया गया है।

# नेताजी के रहते देश आजाद होता, तो भारत बंटा नहीं होता : सरयू राय

- जब न फोन था, न संचार के अन्य साधन, तब भी नेताजी को देश भर के लोग जानते थे
- नेताजी की योजना से देश चलता, तो आज वर्तमान स्थिति से ज्यादा विकसित होता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि अगर नेताजी भारत को आजाद कराने में सफल हो गये होते तो आज देश बंटा नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि 1937 में नेताजी ने अपना जो प्लानिंग कमीशन बनाया था, उसके हिसाब से देश चलता तो ज्यादा विकास करता, ज्यादा आगे बढ़ता। नेताजी की स्मृति दुनिया के प्रायः हर देश के निवासियों में है। आप अंदाजा लगाएं कि जिस वक्त भारत में संचार के इतने साधन नहीं थे, न सबके पास रेडियो और न ही टेलीफोन था, उस दौर में भी भारत का बच्चा-बच्चा नेताजी के बारे में जानता था। इससे पता चलता है कि नेताजी अपने दौर में कितने लोकप्रिय थे।

यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान, आम बागान, साकची में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने और उनके महान स्वतंत्रता अभियान की चित्र-पट्ट विवरणिका का उद्घाटन करने के बाद सरयू राय ने कहा कि गांव-गांव के लोगों को मालूम था कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की है और देश को आजाद कराने के लिए वह निकल



नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक सरयू राय।

पड़े हैं। चित्र-पट्ट विवरणिका विधायक निधि से बनाई गई है।

श्री राय ने कहा कि हम लोग नेताजी को अपनी प्रेरणा के रुप में याद करते हैं। उनका कोई विकल्प तो हो ही नहीं सकता। इसलिए हम लोग उनसे प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि नेताजी जिस तरीके से आगे बढ़ रहे थे, वह काबिले तारीफ है। यह दुर्भाग्य था कि 1945 में नागासाकी-हिरोशिमा पर अमेरिका ने एटम बन गिरा दिया अन्यथा भारत बहुत पहले आजाद हो गया होता। जय हिंद और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, यह उनका नारा था जो आज तक लोगों की जुबान पर है।

श्री राय ने कहा कि अब इस मैदान का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान हो गया है। टाटा स्टील ने कितने मैदान जेवलप कर दिये लेकिन इस मैदान को टाटा स्टील ने यूं ही छोड़ दिया। इस मैदान को विकसित करना चाहिए। यहां जो सीढ़ियां लगी हैं, वो बेहद ऊंची हैं। चढ़ने-उतने में लोगों को तकलीफ होती है। हम लोग इसे सही करेंगे। पूरे मैदान का सौंदर्यीकरण करेंगे। उनकी इच्छा है कि इस मैदान पर लाइट एंड साउंड का प्रोग्राम चलना चाहिए। उस प्रोग्राम में हम लोगों को नेताजी के बारे में बताएंगे। 30 मिनट का प्रोग्राम हो। उस प्रोग्राम में नेताजी ने क्या-क्या किया, क्या उनका योगदान रहा, उनकी क्या दूरदृष्टि थी, इन चीजों का उसमें समावेश हो। लोग आएं और उसे देखें।

सरयू राय ने इस मैदान की खस्ताहालत पर चिंता जताई और कहा कि वह पांच साल के लिए पूर्वी में क्या चले गये, लोगों ने इसे यूं ही छोड़ दिया। एक बाउंड्री तक नहीं हुई। यह मैदान है या कबाड़खाना, कोई भी देख कर बता सकता है। श्री राय से एक सज्जन ने आग्रह किया कि शहर के किसी एक लेन का नाम नेताजी के नाम पर होना चाहिए। इस पर श्री राय ने कहा कि वह इस मुद्दे पर प्रशासनिक अधिकारियों से बात करेंगे।

इस मौके पर शेखर डे, राजू दत्ता, सुबोध श्रीवास्तव, मनोज सिंह, अजय श्रीवास्तव, मुकुल मिश्र, आशुतोष राय, सुरंजन राय, हरेराम सिंह, पप्पू सिंह, राजीव सिंह, भीम सिंह, अमरेंद्र पासवान, राघवेंद्र सिंह, सुनील सिंह, रविशंकर सिंह, विवेक पांडेय, निखार सबलोक, नीरू सिंह, उषा यादव, राजपति देवी, डॉ जेपी महतो, विश्वजीत सिंह, मनकेश्वर चौबे, शशांक शेखर, उत्तम भगत, अमित शर्मा, मुन्ना सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नू, निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर

**चांडिल।** चौका थाना क्षेत्र के चांदुडीह के पास पुलिया में गुरुवार को मछली व्यापारी गम्हरिया के दुग्धा के लालू कैबत (55) तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल हो गये। जिसे ग्रामीणों ने इलाज हेतु 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ पहुंचाया। जहां चिकित्सक आकाश साहा ने प्राथमिक उपचार कर सिर पर गंभीर चोट होने के कारण बेहतर ईलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेज दिया। थाना प्रभारी बजरंग महतो ने कहा पुलिस ट्रैक्टर जब्त कर चुकी है।

### एक्सआईटीई कॉलेज में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम

**गम्हरिया।** एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया के एनएसएस विभाग द्वारा बैंक ऑफ इंडिया जमशेदपुर में विश्व हिंदी दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के डिवीजनल जोनल मैनेजर मोहम्मद अनवर जमाल उपस्थित थे। इसके अलावा उनके साथ बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक विश्वजीत और संजीव प्रसाद भी मौजूद रहे। मौके पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व एनएसएस सेवा योजना अधिकारी नवल चौधरी द्वारा मुख्य अतिथि को कॉलेज के मोमेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमे निबंध प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया पॉल, द्वितीय पूनम बिरुआ तथा तृतीय फेलिक्स विंसेंट रही जबकि क्विज प्रतियोगिता में कोमल मिश्रा ने प्रथम, गंगोत्री बानरा ने द्वितीय व मुस्कान अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर बैंक प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा केवल एक संवाद ही नहीं, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। भारत के विभिन्न हिस्सों में हिंदी बोली जाती है। इसे राजभाषा का दर्जा भी दिया गया है। अभी भारत देश में कई ऐसे सरकारी संस्थान हैं जहां हिंदी भाषा में ही सभी कार्य किए जाते हैं। मौके पर कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के प्रमुख प्रो अकींचन, प्रो निधि, प्रो अंजलि, प्रो स्वाति, प्रो रितिका उपस्थित थे।

### जयंती पर याद किये गये नेताजी बोस

**गम्हरिया।** प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। वहीं कई राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों ने भी कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। गम्हरिया स्थित डिवाइन एजुकेशन सेंटर और अपूर पाठशाला में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। मौके पर शिक्षकों व बच्चो ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किय्या। मौके पर शिक्षक जयंत कुमार बोस, सविता बख्शी, सौरभ प्रमाणिक, विश्वनाथ घोष, नारायण जोरदार, जॉय चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे। गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के समीप फुटपाथी दुकानदार संघ की ओर से नेताजी की 128वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फुलकान्त झा, जेपी भक्त, राज कुमार गुप्ता, सपन चंद्र, शिव कुमार झा, देव कुमार दास, नीरज भगत, सुजीत साहू समेत कई दुकानदार उपस्थित थे। वहीं, राजद कैम्प कार्यालय में भी स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता सुभाष चंद्र बोस को कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर राजद नेता अर्जुन प्रसाद यादव, शुशिता बारीक, श्याम सुन्दर मालाकार, सियाराम बैठा, इन्दर सिंह, गाजु साव, रामेश्वर सिंह यादव, मुकेश झा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने मनायी बोस जयंती

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती समारोह का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

# प्रतिष्ठित उद्योगपति अशोक भालोटिया का कोलकाता में निधन, अंतिम संस्कार आज

- पार्वती घाट में आज किया जायेगा अंतिम संस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर के चंद प्रतिष्ठित उद्योगपतियों में से एक व सिंहभूम चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष अशोक भालोटिया का गुरुवार को कोलकाता में निधन हो गया। श्री भालोटिया लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे और इलाज के लिए कोलकाता गये थे। वहीं पर उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली।

उनका पार्थिव शरीर जमशेदपुर परिजनों के पास पहुंच गया है, और उसे टीएमएच के शीतगृह में सुरक्षित



अशोक भालोटिया, फाइल फोटो।

रखा गया है। अशोक भालोटिया की अंत्योष्टि शुक्रवार को पार्वती घाट पर होगी। अशोक भालोटिया शहर के उन गिने चुने उद्योगपतियों में से एक थे, जो अपनी पक्की जुबान और दानवीरता के लिए जाने जाते थे। वह अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मलेन झारखंड के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भी थे।

इसके अलावा वह दर्जनों सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे। परिजनों के मुताबिक तमाम हित नात ० वृहद भालोटिया परिवार के सदस्य जमशेदपुर पहुंच गए है। 24 जनवरी को सुबह 10:30 बजे सर्किट हाउस एरिया स्थित उनके निवास स्थान मंगल भवन, 10, जुबिली रोड से उनकी अंतिम यात्रा पार्वती घाट के लिए प्रस्थान करेगी। 26 से 28 को उनके निवास स्थान पर बैठक कार्यक्रम होंगे।

### अशोक भालोटिया के जाने से मारवाड़ी समाज में आयी रिक्तता की भरपाई असंभव है : कमल-संदीप

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष एवं मारवाड़ी समाज की हर एक संस्था से जुड़े हुए अशोक भालोटिया के आकस्मिक निधन पर कमल किशोर अग्रवाल और संदीप मुरारका ने शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि अशोक भालोटिया स्वयं में एक संगठन थे। उन्होंने अपने पिता चंदूलाल भालोटिया और ताऊ चिमनलाल भालोटिया की सामाजिक विरासत को ना केवल सहेजा बल्कि आगे बढ़ाने का काम किया। व्यवहारकुशल, सहज उपलब्ध और दानवीर अशोक भालोटिया की कमी को मारवाड़ी समाज में पूरा करना निकट भविष्य में असंभव है। अशोक भालोटिया अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मलेन के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भी थे।

## एक नजर में

### आम बागान मैदान में अब चित्र-पट्ट पर देखें नेताजी का महान स्वतंत्रता अभियान



**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस पर जमशेदपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान, आमबगान, साकची स्थित नेताजी स्मृति स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में उनके महान स्वतंत्रता अभियान की चित्र-पट्ट विवरणिका का उद्घाटन किया जायेगा। इसका निर्माण जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की निधि से किया गया है। मौके पर सुभाष संस्कृति परिषद एवं अन्य सामाजिक - सांस्कृतिक - राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी बारूद गिरफ्तार



**गम्हरिया।** नाबालिग युवती को भगाने के आरोपी बारूद मंडल को कांड्रा पुलिस ने को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उसकी गिरफ्तारी रतनपुर से की गई है। इस बाबत कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने बताया कि अक्टूबर 2024 में बारूद मंडल के खिलाफ नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए युवती के परिजनों द्वारा आवेदन दिया गया था। उक्त मामला दर्ज होने के बाद से लगातार छापामारी जारी थी। इसी बीच पुलिस को उसके रतनपुर गांव में होने की गुप्त सूचना मिली। उकत गुप्त सूचना पर गुरुवार सुबह की सुबह पुलिस से उसके रतनपुर स्थित घर मे छापेमारी कर बारूद मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त पूर्व में भी कई मामलों में आरोपी रह चुका है।

### आजादी आंदोलन में गैर समझौतावादी धारा के महानायक थे नेताजी सुभाष चंद्र बोस



**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आगेर्नाइजेशन जमशेदपुर नगर इकाई ने आजादी आंदोलन के गैर समझौतावादी धारा के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 128वां जन्म जयंती साकची आमबगान मैदान में मयार्दापूर्वक मनाया। सर्वप्रथम नेताजी की मूर्ति पर माल्यार्पण प्रदेश कोषाध्यक्ष युधिष्ठिर कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आज के छात्र नौजवानों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन संघर्ष से सीख लेने की जरूरत है। और उनके आदर्श पर अडिग होकर चलने की जरूरत है। देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए जब देश में बेरोजगारी, भुखमरी शिक्षा का निजीकरण व्यापरीकरण बढ़ रहा है, इस समय में छात्र और नौजवानों को एकजुट होने की जरूरत है।नेताजी ने जिस भारत की सपना देखा था आज उसके निर्माण के लिए हम सभी छात्र,नौजवान को दायित्व लेना होगा। कार्यक्रम का संचालन नगर उपाध्यक्ष प्रेमचंद टुडु द्वारा किया गया। मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष युधिष्ठिर कुमार, प्रदेश सचिव मंडली सोनी सेनगुप्ता, जिला सचिव शुभम झा, जिला कार्यालय सचिव किशोर कुमार पाल, जिला उपाध्यक्ष बबीता सोरेन, झरना महतो, अमित, राहुल, समीर, अधीर, नीरज, अपूर्व, रिलामाला उपस्थित थे।

### 1939 में नेताजी ने कालिकापुर पोटका में लगाया था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा... नारा



**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड अंतर्गत कालिकापुर गांव में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कमल चंद्र भक्त वेलफेयर सोसायटी के संरक्षक अनुपम भक्त की अगुवाई में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती धूमधाम से मनायी जा रही है। इधर, मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई व प्रतिभागियों को कॉपी पेंसिल देकर हौसला अफजाई की। कार्यक्रम के अंत में समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सोसायटी के संरक्षक अनुपम भक्त ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। यहां बताते चले कि पोटका प्रखंड के कालिकापुर गांव में 5 दिसंबर 1939 में उनका आगवन हुआ था व उन्होंने सभा कर उन्होंने तुम मुझे खून दो, हम तुम्हे आजादी देगे जा नारा बुलंद किया। गांव के शिक्षक संघ के नेता अनुपम भक्त आज भी गांव में स्वतन्त्रता आंदोलन से जुड़ी सभा के दौरान उपयोग में लाए गए बेच कुर्सी, टेबुल की संजो कर रखी गई है व इस मौके पर उनकी प्रदर्शनी में लगाई गई।इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कमल चंद्र भक्त वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अनुपम भक्त, भोला भक्त, मुखिया मुखिया बाघराय सोरेन,राजकमल भक्त, हिमांशु चंद्र भक्त समेत काफी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

### नेताजी जयंती पर वेलफेयर ट्रस्ट ने बांटा कंबल




**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर अल कबीर पॉलीटेक्निक कालेज के उमर मस्जिद के बगल, डाम दुबी, मिलतनगर, इस्लाम नगर, कबीर नगर में रह रहे जरूरतमंद लोगों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण मुख्य अतिथि कपाली थाना प्रभारी सोनू कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सितगोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान, कपाली नप के सिटी मैनेजर शकील मेहदी एवं इस्लाम नगर मस्जिद के इमाम फरीद सिवनी के हाथों लगभग 105 लोगों में किया गया। मुख्य अतिथि ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना कर ट्रस्ट के लोगों से अनुरोध किया कि ऐसे ही कपाली थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर एक जागरूकता अभियान का कार्यक्रम करें।

# नेताजी की जयंती पर बंग बंधु की भव्य झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को देश नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती सामाजिक संगठन बंगबंधु की पहल पर धूमधाम से मनाया गया। जमशेदपुर के विभिन्न बंगला भाषी संगठनों ने मिलकर इस दिन को यादगार बना दिया। सुबह साकची आई अस्पताल से एक विशाल झांकी निकाला गया, जिसमें साकची, बिष्टुपुर, परसुडीह, सुंदरनगर, कदमा, सोनारी, बारीडीह, टेल्को, बिरसानगर सहित आसपास के क्षेत्रों की महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल हुए। देशभक्ति गीतों के साथ यह झांकी साकची नेताजी सुभाष मैदान पहुंचा, जहां नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। झांकी के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुब्रता बरुआ, नीत दत्ता, कोयल बनर्जी, अर्पणा गुहा, रत्ना पात्रा, माधुरी बरुआ, बीना नाग, मधुचंदा, आरती सेन और मिठू बरुआ सहित अन्य कलाकारों ने संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए। इसके अलावा, सरकार योगा अकादमी की निदेशक अंशु सरकार के नेतृत्व में दो छात्राओ ने योग प्रदर्शन किया गया।

# बिष्टुपुर श्रीलेदर्स शोरूम में नेताजी की 128वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

- अदम्य साहस और अद्भुत विचारधारा के स्वामी थे नेताजी : शेखर डे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिस व्यक्ति की जयंती आज हम मना रहे हैं उस महान व्यक्तित्व की गाथा एक दिवस और एक समारोह में संपूर्ण करना असंभव है। अदम्य साहस और अद्भुत विचारधारा के स्वामी सुभाष चंद्र बोस सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे बल्कि तत्कालीन साम्राज्यवाद और अन्याय के विरुद्ध एक ऐसे वीर सिपाही थे जो लड़कर और छीन कर आजादी प्राप्त करना चाहते थे। घुटनों पर बैठकर अंग्रेजी हुकूमत के आगे हाथ फैलाना वो नहीं चाहते थे। आजादी भी ऐसी जिसमें कोई भी प्राणी स्वयं को बंधा हुआ महसूस न करे। उक्त विचार



नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण करते अतिथि व अन्य।

बिष्टुपुर के रोड स्थित श्रीलेदर्स शोरूम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 128वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जमशेदपुर के समाजसेवी सह श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने रही। उन्होंने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की।

इस मौके पर एस चटर्जी, प्रतिलेखा राय, परेश कुमार नंदी, भास्कर मित्रा, कई गणमान्य लोग के अलावा श्रीलेदर्स के कर्मचारी गण उपस्थित थे। वहीं मंच का संचालन मीरा शर्मा ने की।

श्री शेखर डे ने आगे कहा कि आज आजादी के 75 वर्षों बाद भी महिलाओं पर कई सारी पाबंदियां हैं। पर सुभाष चन्द्र बोस ने आजादी के कई वर्ष पूर्व ही इन पाबंदियों को तोड़ दिया था और बकायदा अस्त्र और शस्त्र चलाने की ट्रेनिंग देकर महिलाओं की फौज तैयार की थी।

# नेताजी विचार मंच कदमा ने मनायी बोस जयंती

- पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने नेताजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नेताजी विचार मंच कदमा के द्वारा कदमा बस स्टैंड के पास नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के 128 वें जन्मजयंती का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी हमारे आदर्श हैं। उनके राष्ट्र प्रेम और समर्पण की भावना अपने आप में अनूठा है।

अदम्य साहस वाले नेता जी जो देश के सच्चे सपूत थे ऐसे महापुरुष



माल्यार्पण करते पूर्व मंत्री।

की गाथा और इतिहास सुनकर प्रत्येक भारतीय का सीना चौड़ा हो जाता है और हम गौरवान्वित महसूस करते हैं और नेता जी के प्रति आदर भाव से सर झुक जाता है। इनकी जीवनी राष्ट्र के प्रति समर्पित होने एवं राष्ट्र के उन्नति-तरक्की के लिए अपना सबकुछ न्योछावर करने को प्रेरित करता है। नेताजी न केवल एक नाम है बल्कि एक विचार है। विचारधारा है एवं एक संदेश है कि आज हम सभी को अपने राष्ट्र तथा समाज के उत्थान के लिए अपना योगदान देना चाहिए। तुम मुझे खून दो,मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देने वाले नेताजी ने इस नारे के मध्यम से देश को यह संदेश दिया है कि हमें देश हित के लिए अपना सबकुछ त्यागने के लिए कृतसंकल्पित होना चाहिए। नेताजी त्याग और बलिदान के प्रतिमूर्ति है और आज भी उनकी विचारधारा प्रासंगिक है।

# ब्रह्माकुमारी विवि के नये भवन यूनिवर्सल पीस पैलेस- ए रिट्रीट सेंटर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन है। जो व्यक्तिगत परिवर्तन और विश्व नवनिर्माण के लिए समर्पित है। आध्यात्मिक शिक्षा, राजयोग, ध्यान और व्यक्तिगत परिवर्तन को बढ़ावा देने हेतु कई वर्षों के अथक प्रयास से झारखंड का पहला रिट्रीट सेंटर मरीन ड्राइव में नए भवन (यूनिवर्सल पीस पैलेस- ए रिट्रीट सेंटर) की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इस समारोह में अति विशिष्ट अतिथि



के रूप में परम आदरणीय गरिमामयी राजयोगिनी शीलू दीदीजी (वाइस चेयरपर्सन, एजुकेशन विंग -फएफत्र्), आदरणीय राज योगी मृत्युंजय भाईजी (चेयरपर्सन, एजुकेशन विंग RYERYFY) मधुबन से पधार रहे हैं। आदरणीय राजयोगिनी रानी दीदीजी (सबजोन इंचार्ज, बिहार- झारखंड) मुज्जफरपुर से पधार रही हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पराक्रम दिवस के रूप में मनायी नेताजी की जयंती

- क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं विधायक पूर्णिमा साहू रहे मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक, महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। गुरुवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान (आम बागान) में नेताजी की आदमकद



नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं विधायक पूर्णिमा साहू।

प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू भी मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे', 'भारत माता की जय' और वंदे मातरम के नारे लगाकर नेताजी के योगदान को स्मरण किया।

विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सम्पूर्ण जीवन अदम्य साहस, त्याग और दृढ़ संकल्प की अनुपम मिसाल है। नेताजी क्रांति से ही स्वाधीनता दिलाने के पक्षधर थे और युवा नौजवानों को संगठित कर वर्ष 1943 में आजाद हिन्द फौज का गठन किया। उन्होंने कहा कि नेताजी ने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और युवाओं में आजादी के लिए लड़ने का जज्बा पैदा किया। नेताजी ने हमें सिखाया कि असंभव कुछ भी नहीं है, बशर्ते हमारे इरादे मजबूत हों। उनकी 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' की पुकार ने उस दौर के युवाओं में जोश और आत्मविश्वास भरा। आज की युवा पीढ़ी को नेताजी के आदर्शों को अपनाकर देश के विकास और प्रगति हेतु आगे आना होगा।

भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस के त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखेगा। विपरीत एवं विषम परिस्थितियों के बीच माँ भारती के लिए किया गया नेताजी सुभाष चंद्र बोस का संघर्ष एवं उनके क्रांतिकारी विचार आने वाली पीढ़ियों में देशभक्ति की अलख जगायेंगे।

## स्पीड न्यूज

### पलामू एसपी ने पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन को किया सम्मानित



**पांकी पलामू।** एसपी कार्यालय के सम्मान समारोह में वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करनेवाले पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस जवानों को सम्मानित किया गया। इसमें एसपी रीष्मा रमेसन ने पुलिस पदाधिकारी तथा जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### निरीक्षण में मंत्री पर मधुमक्खियों का हमला



**पांकी पलामू।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के निरीक्षण कार्यक्रम में मधुमक्खियों के हमले में कई अधिकारी और पत्रकार जख्मी हो गये। मंत्री को कार्यक्रम बीच में ही रोक लौटना पड़ा। गुरुवार को वे पांकी प्रखंड में अमानत नदी बराज के अधूरे कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। अचानक मधुमक्खियां हमला की।

### अजीत सिड्स ने किसानों को दी जानकारी



**चैनपुर पलामू।** अजीत सीड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने चैनपुर ब्लॉक के नावा बीयादोहर में किसान गोष्ठी की। जिसमें विधायक आलोक चौरसिया भी थे। मौके पर अजीत शीड्स ने किसानों को सब्जी की खेती के बारे में जानकारी दी। विधायक ने कहा कि किसान गोष्ठी में किसानों को विभिन्न तरह के खेती करने, बीज व दवा का उपयोग करने की जानकारी दी जा रही है जो सराहनीय है। मौके पर कंपनी के शीतांशु उपाध्याय, विषंभर सिंह, शिवम सिंह, श्री महाकाल ट्रेडर्स चैनपुर के प्रोपराइटर अतुल कुमार भी उपस्थित थे।

### विद्या विकास भारती की टीम ने जपला सरस्वती विद्या मंदिर का किया निरीक्षण



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला शहर के रामबीघा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को विद्या विकास समिति झारखंड प्रांत मुख्यालय के निर्देश पर एक विशेष टीम ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस टीम में सरस्वती विद्या मंदिर, मेदिनीनगर के प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदन भी थे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों का निरीक्षण कर जानकारी ली। मौके पर प्राचार्य कुशजी पांडे, प्रभारी प्राचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, अभिषेक पाठक भी थे।

### थाना परिसर में शिकायत समाधान कार्यक्रम



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** झारखंड पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम लेस्लीगंज थाना परिसर में किया गया। कई लोगों ने अपनी समस्या संबंधित आवेदन थाना में जमा किये। उद्घाटन लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज झा, पांकी पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता, पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन, सीओ सुनील कुमार ने किया। कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्या का समाधान शिविर का उद्देश्य है। कार्यक्रम में तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, पीरटांड़ थाना प्रभारी, एसआई विक्रम शिल, एएसआई अजय कुमार थे।

### +2 सर्वोदय उवि में मनी बोस जयंती



**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत प्लस टू सर्वोदय उच्च विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को नेताजी सुबाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी की चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुधा कुमारी तथा आशीष सिन्हा थे। कहा कि नेताजी का आजादी की लड़ाई में बहुत योगदान है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, महामंत्री चंचल यादव, युवा अध्यक्ष ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रवेश यादव, शंकर पासवान, मोहन सिंह, विदेशी सिंह, आसिफ असारी, दिलकश अंसारी, शमशीर पठान, अब्दुल आदि मौजूद थे।

### तरहसी में लगा एकदिवसीय स्वास्थ्य मेला



**तरहसी पलामू।** तरहसी आरके +2 उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को एकदिवसीय स्वास्थ्य मेला लगा, जिसका शुभारंभ तरहसी पश्चिमी जिप सदस्य कृष्ण मुरारी सिंह, प्रमुख प्रिया कुमारी ने किया। मेले में 530 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर दवा दी गयी। कहा कि असमर्थ लोग अपने स्वास्थ्य संबंधी जांच और समस्या का निराकरण अवश्य ही करायें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ नारायण, बीससूत्री अध्यक्ष सच्चिदानंद पांडे, आशुतोष मिश्रा, विनोद गुप्ता, डॉ नदीम सिद्दीकी, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ अब्दुल समद, डॉ प्रतिभा कुमारी, डॉ रंजना कुमारी आदि मौजूद थे।

### जेजेएमपी के नाम पर टेंपो जलाने का प्रयास



**रामगढ़ पलामू।** थाना क्षेत्र के गोरे गांव में जेजेएमपी के नाम पर धमकी देकर घर के बाहर दरवाजे पर लगी टेंपो जलाने की कोशिश की गयी। सीट का हिस्सा जल गया है। घटना बुधवार रात की है, लेकिन इसकी जानकारी गुरुवार सुबह 9 बजे हुई। पुलिस को सूचना दी गयी है। टेंपो गोरे की कुसुम्बरी देवी का बेटा राकेश कुमार चलाता है।

### आनंदमार्ग का संभागीय सेमिनार

**पलामू।** आनंदमार्ग प्रचारक संघ ने रांची-गया डायसीस का साल का प्रथम संभागीय सेमिनार दिनांक 24, 25 और 26 जनवरी को आनंदमार्ग स्कूल, नई मुहल्ला, पलामू में मनायेगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में रांची, गया, पलामू, लातेहार और गढ़वा सहित विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों आनंदमार्गियों के भाग लेने की संभावना है।

# निर्माण स्थल पर झूठा शिलापट्ट लगाने पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने जतायी आपत्ति

**विधायक का आरोप**

- जीरो के बहुउद्देशीय भवन निर्माण में बरती जा रही धांधली, बालू की जगह डस्ट से किया जा रहा है निर्माण





आधारशिला का बोर्ड और पांकी विधायक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** जिले के पांकी प्रखंड के जीरो गांव में आदिम जनजाति के लिए बनाए जा रहे बहुदेशीय भवन में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। निर्माण कार्य में बंगला ईंट, थर्ड ग्रेड सीमेंट और बालू की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। पीलिंथ तक टेढ़ा-मेढ़ा बना दिया गया है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस योजना का शिलान्यास किसी जनप्रतिनिधि के द्वारा अबतक नहीं किया गया है। निर्माण स्थल पर झूठा शिलापट्ट लगा दिया गया है। शिलान्यास के बोर्ड पर शिलान्यास की तारीख लिखी जरूर है, मगर जिम्मेदार प्रतिनिधियों को इसकी जानकारी तक नहीं है। जब इस मामले में स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता से सवाल किया गया, तो उन्होंने साफ कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

**खास बातें :** विधायक डॉ मेहता ने निर्माण स्थल पर झूठा शिलापट्ट लगाए जाने पर नाराजगी जाहिर की हैं। उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति के विकास के लिए सरकार द्वारा काफी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, लेकिन विभाग के अधिकारी और ठेकेदार की लापरवाही के कारण लोगों तक योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। बिना शिलान्यास कराए ही घटिया तरीके से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो गंभीर बात है। विधायक ने बताया कि बालू की जगह दर से निर्माण कार्य हो रहा है, जो भ्रष्टाचार की खुली चुनौती है। वहीं, जब संबंधित जेई से सवाल किया गया, तो उन्होंने गोलमोल जवाब देकर मामले से पल्ला झाड़ने की कोशिश की। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ठेंगा दिखाकर मनमाने ढंग से निर्माण करा रहा है। भवन का कार्य मानकों को ताक पर रखकर किया जा रहा है, जिससे भविष्य में भवन की मजबूती पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। सरकारी योजनाओं में इस तरह की लापरवाही आदिवासी समुदाय के प्रति सरकार की गंभीरता पर भी सवाल खड़े करती है।

# सुभाषचंद्र बोस एक महान देशभक्त और स्वतंत्रता सेनानी थे : डॉ अनुपमा गुप्ता

- ज्योति प्रकाश महिला बी.एड. कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर विशेष आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में गुरुवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम किया गया। मौके पर कॉलेज परिसर देशभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नेताजी के संघर्षमय जीवन और उनकी विचारधारा से प्रेरणा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने दीप प्रज्वलन और नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की।



नेताजी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोग।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि नेताजी ने भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी संघर्ष गाथा और निडरता हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की सीख देती है। ने नेताजी के जीवन पर प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस एक महान देशभक्त व स्वतंत्रता सेनानी थे। इनके बताये मार्गों पर चलकर ही देश का सर्वांगीण विकास हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं अविनाश सिंह, रेखा सिंह, अंजना दुबे, माया त्रिपाठी, सुजीत कुमार, अंजू मौर्य, किरण मौर्य और कुलदीप पांडे ने नेताजी के जीवन पर प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किये। वहीं संस्थान के युवा छात्राओं ने भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के कृतित्व व व्यक्तिव पर प्रकाश डाले।

# परीक्षा पे चर्चा की प्रश्नोत्तरी में ऑक्सफोर्ड का परचम लहराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि पराक्रम दिवस के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय चैनपुर में आयोजित परीक्षा पे चर्चा प्रश्नोत्तरी में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल छात्रों के द्वारा परचम लहराया गया।

केन्द्रीय विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। विजित 3 छात्रों में ऑक्सफोर्ड (11वीं) के श्रीमन अग्रवाल और सलोनी समीक्षा सम्मिलित रहे जबकि एक छात्र केन्दीय विद्यालय से थे। विजित तीनों छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया।

विजित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि - केवल पुस्तकी ज्ञान से सफलता पाना मुमकिन नहीं है। इस हेतु सामान्य ज्ञान व परिस्थियों से समायोजन करना आवश्यक होता है। हमें गर्व है कि हम इस क्षेत्र में महती भूमिका का निर्वहन कर रहें हैं। सुभाषचंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रुप में मनाये जाने पर प्रधानमंत्री का आभार माना।



विजेता विद्यार्थियों के साथ ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी व कर्मचारी।

**प्रकाशचंद जैन सेवा सदन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनायी गयी**

# स्वतंत्रता संग्राम में सुभाषचंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है : सुरेश जैन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय स्वतंत्रा संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जन्म जयंती प्रकाशचंद जैन सेवा सदन के सुभाषचंद्र बोस तल में मनायी गयी। समारोह का शुभारंभ सेवा सदन के महासचिव सुरेश जैन, सदस्य डा श्यामबिहारी महतो, डा आरएन सिंह, डा एमपी सिंह, संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष प्रदीप केजरीवाल समेत कई अतिथियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। सेवा सदन के महासचिव सुरेश जैन ने कहा कि नेताजी अपने डालटनगंज प्रवास के समय इसी भवन में जो कि उस समय स्व गोपाबाबू का था रहे थे। उन्होंने कहा कि स्व बोस के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। स्व बोस एक सच्चे देशभक्त व स्वतंत्रता सेनानी थी। स्वतंत्रता संग्राम में बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बोस के मन में देश प्रेम स्वाभिमान और साहस की भावना बचपन से थी। उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर आजाद हिंद फौज को और क्रांतिकारी बना दिया। मौके पर सुरेश उदयपुरी, संजय तुलस्यान, ब्रजेश तिवारी, कामता प्रसाद, कृष्ण कुमार ओझा, एसके मिश्रा, विजय कुमार, सुधीर कुमार सिंह, विकास कुमार गुप्ता, पिंकी कुमारी, अंबिला खलखो समेत कई कर्मी शामिल थे।



नेताजी की जयंती के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### विद्यार्थियों के बीच विद्यालय कीट का वितरण



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के राजकीय उर्दू उमवि बटऊआ के छात्र-छात्राओं के बीच विद्यालय किट बांटा गया। मुख्य अतिथि जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह ने विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं के बीच स्कूल ड्रेस किट जिसमे दो सेट पोशाक, जूता, मोजा दिया। श्री सिंह ने कहा कि सरकार सभी बच्चों को नि:शुल्क किट्स का वितरण कर रही है। उन्होंने बच्चों का हौसला बुलंद करते हुए बताया कि शिक्षा ही सर्वधन है, इससे बढ़कर कोई धन नहीं होता है। मौके पर प्रधानाध्यापक रुपेंद्र कुमार, सहायक शिक्षक शांति भूषण यादव, सहायक अध्यापक अवधेश कु०रवि, गुलफ्शा खातून,प्रबंधन समिति अध्यक्ष- सकिल अहमद आदि उपस्थित थे।

### धार्मिक अनुष्ठान के बीच मनायी गयी रामेश्वर नाथ अनंत कामना पूर्ति मंदिर की दूसरी वर्षगांठ



**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना परिसर स्थित रामेश्वर नाथ अनंत कामना पूर्ति मंदिर की दूसरी वर्षगांठ गुरुवार को धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मनायी गयी। मौके पर मंदिर में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की गयी। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बताते चलें कि इस मंदिर की स्थापना 23 जनवरी 2023 को हुई थी। मंदिर के निर्माण में तत्कालीन एएसआई अनंत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। विशेष पूजा अर्चना के बाद भंडारा में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, एएसआई अनंत सिंह, विनोद विश्वकर्मा, पंडित अच्युतानंद पांडेय, अशोक दुबे आदि थे।

### लोगों के लिए लाभदायक है स्वास्थ्य मेला : संग्राम सिंह



**पाटन पलामू।** पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने पाटन प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया। इसका उद्घाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, जिप सदस्य संग्राम सिंह, पाटन चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण मेहता, शक्ति शंकर गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पदाधिकारी प्रदीप सिन्हा, शहरी जिला कार्यक्रम प्रबंधक पदाधिकारी सुखराम बाबु ने किया। शिविर में आये लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गयी। मौके पर डॉ श्रवण मेहता, डॉ मिथलेश कुमार, डॉ कृष्ण कुमार, डॉ प्रशंसा गोयल, डॉ सोमनाथ चक्रधर ने ईलाज किया।

## खाना बनाते समय गैस का सिलेंडर फटने से किसान गंभीर रूप से जला

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के गहोरा नहर के समीप गुरुवार को खलिहान की रखवाली करने के लिए बने झोपड़ी में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर फट गया। इससे खाना बना रहे 70 वर्षीय युगेश्वर सिंह उर्फ बुकनी सिंह झुलस गए। वह तरबनकला गांव के रहने वाले हैं। इस घटना में झोपड़ी सहित खलिहान में रखा पुआल का ढेर जल कर खाक हो गया। पुआल की कीमत करीब दस हजार रुपए बताई जा रही है।घटना की जानकारी मिलते ही पिपरा थाना के एस आई नकुल शर्मा, मुंशी रविकांत कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घायल वृद्ध को इलाज के लिए हरिहरगंज सीएचसी भेजा। वहीं ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। साथ ही आग की लपट से आस-पास के खलिहान को बचाया जा सका। उधर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने बताया कि घायल व्यक्ति करीब 50 प्रतिशत जला है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है।

## आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल में छात्रों ने लगायी विज्ञान प्रदर्शनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल में छात्रों ने विज्ञान सह स्कूल प्रदर्शनी लगायी। जिसमें स्कूली विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदित हो कि रेहला एबीपीएस अकादमी ज्ञान के साथ रचनात्मक कार्यों को लेकर सदैव सजग रहा है। इसे ध्यान में रख तथा एनईपी के उद्देश्यों को चरितार्थ करने को प्राचार्य नुरुल हक के नेतृत्व में प्रदर्शनी लगायी गयी थी। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मानव संसाधन प्रमुख पदमाकर दास, प्राचार्य नुरुल हक व उप-प्राचार्या जैसी साजी मैथ्यू ने किया। प्रदर्शनी में छात्रों ने खुद के बनाये आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किये। जिसमें विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, कंप्यूटर, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और आर्ट एंड क्राफ्ट पर आधारित प्रदर्शनी शामिल थी।

## वित्त मंत्री ने डीसी व तकनीकी अधिकारियों के साथ किया अमानत बृज का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** सबकुछ ठीकठाक रहा तो डेढ़ दशक से लंबित पांकी अमानत बराज का अधूरा कार्य 15 फरवरी के बाद शुरू हो जायेगा। जमीन संबंधित मामलों के निपटारे के लिए इसी महीने 30-31 और एक फरवरी को बराज परिसर में विशेष कैंप लगेगा। जिन ग्रामीणों की जमीन बराज निर्माण क्षेत्र में अधिग्रहित की गयी है, वे इस कैंप में शामिल होकर मुआवजा भुगतान से संबंधित अपना दावा कर सकते हैं। उक्त बातें राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कही। गुरुवार को मंत्री पांकी बराज का निरीक्षण कर रहे थे। मंत्री के साथ जल संसाधन विभाग के सीनियर अधिकारी, इंजीनियर और पलामू जिला प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बराज क्षेत्र का निरीक्षण किया। बराज की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के साथ अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान को लेकर ग्रामीणों से बात की।

### झारखंड सरकार के वित्त मंत्री ने पांकी बराज को संज्ञान में लिया



**पांकी पलामू।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से पांकी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज मिले। उन्होंने पांकी विस में सबसे बड़ी समस्या पांकी बराज को संज्ञान में दिया था। कई सालों से बंद पड़े पांकी बराज की शुरुआत पूर्व मंत्री स्व मधु सिंह के समय हुई थी। लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ। लाल सूरज पांकी की जनता से इसका जिक्र करते रहे हैं।

## पांकी एसेंट पब्लिक स्कूल में मनी सुभाष चंद्र बोस जयंती

शिवशंकर पासवान



**पांकी पलामू।** लोहरसी रोड स्थित एसेंट पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती मनायी गयी। मौके पर बच्चों ने उनकी जीवनी, पराक्रम, साहस एवं वीरता को संगीत, भाषण, कहानी, दोहा, चौपाई, कविता एवं डांस के माध्यमों से एक दूसरे को बताया। प्राचार्या किरण कुमारी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में मंच पर बोलने का मौका मिलता है। जहां बच्चे अपने कौशल का प्रदर्शन कर पाते हैं। मंच पर अपनी प्रस्तुति देने से बच्चों में हमेशा कुछ नया करने की जिद उत्पन्न होती है। कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थी फिज्जा प्रवीन, स्मृति रानी, सोनाक्षी पांडे अविनाश कुमार, गुलाब्सा नाज, फरमान व अदिती कुमारी ने अपनी प्रतिभा कौशल दिखायी।

# खुद की सुरक्षा के साथ ही परिवार की उन्नति के लिए रोड सेफ्टी का पालन जरूरी : थाना प्रभारी

- सड़क सुरक्षा माह के तहत हिन्डालको ने चलाया जागरूकता अभियान





लोगों से सड़क सुरक्षा की अपील करते पदाधिकारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा कजरी में एन एच 75 के पास जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने भाग लिया। इस दौरान बाइक चालक व पीछे बैठे हुए व्यक्ति को भी हेलमेट पहनने एवं चार पहिया वाहन चालक व साथ में बैठे लोगों को सिट बेल्ट लगाने का आग्रह किया। थाना प्रभारी ने कहा कि अपनी सुरक्षा के साथ साथ अपने परिवार की उन्नति के लिए सुरक्षा मानकों का पालन करना बहुत ही जरूरी है। कभी कभी एक छोटी लापरवाही के कारण पूरे परिवार पर संकट आ जाता है। हिंडालको प्रबंधन द्वारा चलाये गये जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह कार्य में सभी लोगों सहयोग करने की जरूरत है। इस पुलिस प्रशासन भी नहीं चाहती हैं कि आमलोगों को फाइन लगाकर आर्थिक रूप से दंड लगाया जाये लेकिन बार बार आग्रह के बाद भी जब लोगों के व्यवहार में सुधार नहीं आ रहा है। तब ही चालान काटा जा रहा है ताकि चालान भरने के डर से भी लोगों में सुधार आये और सुरक्षा मानकों का अक्षरशः पालन करें। मौके पर माइंस प्रबंधक निशीकांत, सेफ्टी आफिसर अमरेन्द्र सिंह, सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती, सुरक्षा पदाधिकारी उज्ज्वल डे, आर आर शुक्ला, रविन्द्र सिंह, अरविंद सिंह, जवाहर सिंह, मनीष पाठक, यशवंत सिंह, रविश कुमार, अखिलेश सिंह, रंधीर कुमार, अजय चंद मंडल मौजूद थे।

# खेल से युवाओं में संघर्ष क्षमता का होता है विकास : अभिमन्यु सिंह

- भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ रंगारंग आगाज, डालटनगंज ने जीता उदघाटन मैच



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते समाजसेवी अभिमन्यु सिंह।

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला के जे बी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में भवानी सिंह मेमोरियल अंतरर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज हुआ। उद्घाटन समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह व पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान ने किया। इससे पहले स्व भवानी सिंह के चित्र पर अतिथियों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इसके बाद दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गयी। मैच शुरू होने से पहले अतिथियों, खिलाड़ियों व दर्शकों ने राष्ट्र गान गाया। खेल मैदान में जाकर अतिथियों ने क्षेत्र में शांति व अमन के लिए कबूतर उड़ाया। उद्घाटन मैंच लरंगाहा व डालटनगंज टीम के बीच खेला गया। डालटनगंज की टीम विजयी रही। मैच का औपचारिक शुरुआत अभिमन्यु सिंह ने बल्लेबाजी कर किया। अध्यक्षता आयोजन समिति के प्रमुख संजू सिंह व संचालन राजेश गुप्ता ने किया। मौके पर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेल युवाओं के संघर्ष क्षमता को बढ़ाता है। मौके पर डॉ वी पी शुक्ला, सुनील सिंह, आलोक शुक्ल, राहुल दूबे, अशोक तिवारी, रविशंकर चौबे, शिव सिंह, चंद्रमणि दीक्षित, संतोष गुप्ता, पीयूष शुक्ल, रवि गुप्ता मौजूद थे।

# बोकारोः सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के समापन पर विजेता किये गये सम्मानित

सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत किए गए गतिविधियों को वीडियो फिल्म के द्वारा दिखाया गया




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशानिर्देश में सड़क सुरक्षा के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बीएसएल में मनाए गए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का समापन अधिशासी निदेशक संकार्य के कांफ्रेंस रूम में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक संकार्य सीआर महापात्रा के साथ संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक वरीय अधिशासी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे। समारोह के प्रारंभ में 13-21 जनवरी तक मनाए गए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत किए गए गतिविधियों को वीडियो फिल्म के द्वारा दिखाया गया। तत्पश्चात सभी विभागों के पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार सहायक महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं के द्वारा किया गया तथा मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं बीके सरतापे के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं विभाग के सहायक महाप्रबंधक नेहाल पासवान तथा सहायक प्रबंधक शशि सुमन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जेसीएमयू के सदस्यों ने एसडीओसीएम तथा ढोरी खास में सौंपा यूनियन का एजेंडा

15 दिनों में समझौता वार्ता करे अन्यथा होगा चरणबद्ध आंदोलन : जयनाथ मेहता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/फुसरो।** सीटू से संबंध झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों के द्वारा सीसीएल ढोरी के एसडीओसीएम तथा ढोरी खास परियोजना में पीओ के नाम एजेंडा सौंपा। यह कार्य क्षेत्रीय सचिव जयनाथ मेहता के नेतृत्व में किया गया। एजेंडा एसडीओसीएम परियोजना के कार्मिक प्रबंधक तौकीर आलम तथा ढोरी खास परियोजना के कार्मिक प्रबंधक सीताराम यूईके को सौंपा गया। इस दौरान नारेबाजी भी किया गया। इस एजेंडा का 15 दिनों के भीतर समझौता वार्ता कर लागू करने, अन्यथा यूनियन चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कही गई। मेहता ने कहा कि दोनों परियोजना का अलग अलग एजेंडा है जो उस परियोजना के आधार पर है। प्रबंधन को समझौता वार्ता के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। बताया कि हमारी मांगे प्रमोशन, पीएफ और पेंशन राशि का मासिक भी स्टेटमेंट दिए जाने, बीमारी से अक्षम श्रमिकों के आश्रितों को 9-4- 0 के तहत नौकरी दिया जाय। मेहता ने कहा कि इसके अलावा हमारी मांगों में सभी कोलियरी से हुए विस्थापितों को कोल इंडिया पुनर्वास नीति के तहत नियोजन एवं पुनर्वास अधिनियम 2013 के तहत चार गुना मुआवजा, पुनर्वास के तहत 25 डिसिमिल आवंटित भूमि पर निर्मित पक्का मकान आवंटित करे, साथ ही साथ विस्थापित को पहचान पत्र और पुनर्वास समिति का गठन कराए। कहा कि इसी तरह दोनों परियोजना का अलग अलग 29 ज्वलंतशील मुद्दे है। जो श्रमिकों के हित में है। मौके पर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ढोरी क्षेत्र के अध्यक्ष घुनु हंसदा, उपाध्यक्ष देवीलाल मांझी, श्यामा पोदो तथा पंकज कुमार, बाबूराम मांझी, बीडी कुशवाहा, अध्यक्ष प्रेमचंद महतो, किशुन नायक, अख्तर अंसारी, अनिल रजवार, मंगल हंसदा, मिथिलेश सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### सेल स्थापना दिवस को यादगार बनाने की तैयारी में जुटा बोकारो स्टील प्लांट

बोकारो। सेल स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए बोकारो स्टील प्लांट की ओर से तैयारी की जा रही है। सर्वप्रथम हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चे शहर के स्वयंसेवी संस्थान सामाजिक संस्थाएं और बड़ी संख्या में जनसामान्य की भागीदारी होगी। बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी अधिशासी निदेशक और अन्य अधिकारी भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से लोगों का उत्साहवर्धन करेंगे। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बोकारो क्लब के सिनेमा एरिना में एक भव्य संगीत संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा कई मनोरंजक प्रस्तुतियाँ आयोजित हैं जिनमें नृत्य संगीत और अन्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी। इस सांस्कृतिक संध्या में बोकारो के स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जाएगा जो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सभी सेल कर्मी एवं उनके परिवार के सदस्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगीत संध्या में सादर आमंत्रित हैं। यह आयोजन न केवल महारत्न सेल के स्थापना दिवस की खुशी को साझा करने का एक अवसर होगा बल्कि इसे सभी के लिए एक यादगार अनुभव बनाने का प्रयास भी होगा।

### सांसद सुखदेव भगत से मिल युवा कांग्रेस के देव शर्मा ने समस्याओं से कराया अवगत



बोकारो। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोहरदगा से सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात की और बोकारो की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। शर्मा ने सांसद को बताया कि एक ओर जहां बोकारो को इस्पातनगरी के नाम से जाना जाता है वहीं दूसरी ओर यहां के युवा छोटी-मोटी रोजगार के लिए भी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। देव ने बताया कि बोकारो में स्थित प्रमुख कंपनियों सहित अन्य बड़ी व छोटी कंपनियां स्थानीय लोगों को नौकर समझकर उनके अधिकारों का उल्लंघन कर रही हैं। उन्होंने सांसद को स्मरण दिलाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत रोजगार में प्राथमिकता देने की बात कही गई थी लेकिन कई कंपनियां इसे नजरअंदाज कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जबकि शहर में क्वार्टरों की पर्याप्त उपलब्धता है फिर भी विस्थापितों को क्वार्टर आबंटन में बीएसएल द्वारा कोताही बरती जा रही है। बोकारो के लोग समान काम के लिए समान वेतन की मांग कर रहे हैं लेकिन उन्हें उचित भुगतान नहीं मिल रहा है। सांसद सुखदेव भगत ने देव शर्मा की बातों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र पहल करने का आश्वासन दिया।

### कृषि विज्ञान केंद्र गोड्डा में सीनियर कोओपरेटर मनोज कुमार झा ने अपनी बात रखी



गोड्डा। कृषि विज्ञान केंद्र गोड्डा में कृषि विभाग के सहयोग से फर्टीलाइजर बिक्री के लाइसेंस बनाने पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला। जिसमे हमने इफको से जुड़ने की प्रक्रिया एवं नैनो यूररिया, नैनो डीएपी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

### श्री शिव स्वस्थ एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट परिवार महाकुंभ प्रयागराज में शिविर लगाकर किया कंबल वितरण



बेरमो। श्री शिव स्वस्थ एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट परिवार बोकारो थर्मल की ओर से आज गुरुवार को प्रयागराज महाकुंभ मेले में ट्रस्ट के सचिव सह संस्थापक भुवनेश्वर प्रसाद साव ने जरूरतमंद श्रद्धालुओं के बीच शिविर लगाकर कंबल का वितरण किया। ट्रस्ट के सदस्य सह मीडिया प्रभारी जोधन नायक ने बताया कि सेवा भावना से हर क्षेत्र जनहित में ट्रस्ट परिवार कार्य करती है। ट्रस्ट कार्यक्रम में उपस्थित शंभू गुप्ता, ट्रस्ट के सदस्य सह कानूनी सलाहकार गणेश तिवारी, नीरज कुमार, नीतू कुमारी आदि कार्य को प्रशंसा व्यक्त किया।

### मकोली में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



बेरमो। हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब द्वारा मकोली में आयोजित 10 दिवासीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन बुधवार को फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। यहां फाइनल मैच रजरप्पा11 बनाम जाहिद 11 दुग्दा के बीच खेला गया। जिसमें जाहिद 11ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 120 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रजरप्पा 11 के खिलाड़ियों ने 12 ओवर में 121 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि कांग्रेस के बेरमो प्रखंड छेदी नोनिया, मजदूर नेता शिवनंदन चौहान, स्पोंसर महेश सिंह, कन्हैया राय व पूर्व पार्षद आजाद चौहान ने विजेता टीम रजरप्पा के खिलाड़ियों को नगद 25 हजार व बड़ा शील्ड एवं उपविजेता दुग्दा के खिलाड़ियों को नगद 15 हजार व छोटा शील्ड देकर सम्मानित किया। मैन आफ दा सीरीज व मैन आफ दा मैच कन्हैया कुमार बने। अंपायर की भूमिका महेश सिंह व राजा चौहान ने निभाया। मुख्य अतिथि छेदी नोनिया ने कहा कि खेल हार जीत का खेल है। मौके पर आयोजन कमेटी के अविनाश चौहान, अमित चौहान, सहेन्दू चौहान, राजेश चौहान, विजय कुमार, नीरज कुमार, दीपक कुमार, रामाशीष कुमार, राजा चौहान, मनीष कुमार, मेराज गुडविल, राजू दिगार, हेमंत कुमार आदि थे।

### डालमिया भारत फाउंडेशन ने ग्रामीणों में बांटे कंबल



बोकारो। सामाजिक कल्याण के प्रति अपनी सशक्त प्रतिबद्धता की कड़ी में भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया भारत फाउंडेशन ने बोकारो में सामुदायिक कल्याण को ले एक और कदम आगे बढ़ाया। डीबीएफ-डालमिया भारत लिमिटेड की कॉपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी शाखा है। इस पहल के तहत गोड़ाबली उत्तर और दक्षिणी पंचायत कनारी पंचायत नरकारा पंचायत जिला परिषद और ब्लॉक प्रमुख के गांववासियों के बीच 1000 से अधिक कंबल वितरित किए गए ताकि कड़ाके की ठंड से उन्हें राहत मिल सके। कंबल वितरण सुनील कुमार के भुसारी यूनिट हेड डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड बोकारो और जिप सदस्य निशा हेम्ब्रम के नेतृत्व में किया गया।

### कसमार में स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन



बोकारो/कसमार। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कसमार प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी जिप सदस्य अमरदीप महाराज बीडीओ नम्रता जोशी सीओ प्रवीण कुमार चिकित्सा पदाधिकारी प्रफुल्ल महतो आदि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का लाभ मरीजों को उठाना चाहिए। डॉ प्रफुल्ल महतो ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का मुख्य उद्येश्य है एक ही स्थान पर सभी तरह की बीमारियों के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य मेला में कुल 21 स्टॉल लगाये गये थे।

## स्पीड न्यूज

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले अनिल अग्रवाल



बेरमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने सीएम हेमंत सोरेन से रांची स्थित आवास में मिलकर पुष्प गुच्छ देकर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राजहित वह जनहित के कई अहम मुद्दे पर चर्चा हुई।

### मुखिया पार्वती के नेतृत्व में मनाई गयी नेताजी की जयंती



बेरमो/ललपनिया। गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र होसिर पश्चिम पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पंचायत की मुखिया पार्वती देवी की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। मुखिया पार्वती देवी, वार्ड सदस्य राजेश्वर साव व उपस्थित लोगो द्वारा आयोजित इस समारोह का शुभारंभ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर नमन किया गया। सभी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के मार्ग दर्शन पर चलने का संकल्प लिया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुखिया पार्वती देवी और वार्ड सदस्य राजेश्वर साव ने कहा कि वर्तमान परिवेश में हमें नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे व्यक्तित्व की आवश्यकता है। समारोह का संचालन झारखंड समृद्धि ट्रस्ट सचिव रंजीत कुमार प्रजापति ने किया। शिवा कुमार, सुनील साव, सीएससी सागर कुमार रवि, सावित्री देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### नप क्षेत्र में फायर ब्रिगेड संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बेरमो /फुसरो नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष सह- विधायक प्रतिनिधि फुसरो नगर परिषद राकेश कुमार सिंह (चुन्नू सिंह) ओर युवा व्यवसायी संघ के पहल पर नगर क्षेत्र में आगजनी से संबंधित बचाव को लेकर फुसरो बाजार में फायर ब्रिगेड संबंधित प्रशिक्षण सह डेमो कंपनी द्वारा आग बुझाव जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमे शामिल नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह, पूर्व पार्षद भरत वर्मा, एडवोकेट आकाश सिंह,रोहित मित्तल, विवेक चौरसिया, विनय बरनवाल, संतोष भगत, मिथलेश चौधरी,आदि लोग उपस्थित थे।

डीपीएस चास के 17 विद्यार्थी सिल्वर जोन मैथ्स ओलंपियाड में शामिल

बोकारो। डीपीएस चास के 17 विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन मैथ्स ओलंपियाड में राज्य में शीर्ष 30 रैंक के अंदर स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित की। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों में कक्षा 7वीं के आलोक आनंद ने छठा आदित्य कुमार ने आठवां अनीश पांडेय तथा अरमान कुमार ने नौवां आदित्य कुमार ने 11वां आराध्या खंडेलवाल ने 12वां सूरज कुमार दास ने 13वां अनिकेत कुमार सिंह तथा कक्षा 12 के ऋषभ कुमार सिंह ने 14वां कक्षा आठवीं के हृषिकेष राज ने 15वां कक्षा 12 के अंचित साहनी ने 18वां सातवीं कक्षा के श्रेष्ठ रंजन ने 19वां छठी के कुमार पृथ्वी सिंह ने 20वां आठवीं के केशव डे राजऋषि चक्रवर्ती राजदीप मंडल तथा विराज अग्रवाल ने 25वां स्थान हासिल किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय की निदेशिका डॉ मनीषा तिवारी ने कहा कि ओलंपियाड परीक्षाएं विद्यार्थियों को गणित के क्षेत्र में अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती हैं।

# दुमका : साइकिल वितरण में अवैध वसूली के आरोप में प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

सोशल मीडिया पर वीडीओ वायरल, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने डीसी से की थी कार्रवाई की मांग

छात्रों से साइकिल के एवज में प्रति छात्र 400 से लेकर 500 रुपये तक की जा रही थी अवैध वसूली



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** स्कूली छात्रों के बीच निःशुल्क साइकिल वितरण के एवज में छात्रों से अवैध वसूली के आरोप में जिले के रामगढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आलूबाडा के प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवनारायण प्रसाद के खिलाफ हंसडीहा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। प्राथमिकी दर्ज बीईईओ मुकुंद मरांडी के लिखित आवेदन पर हुआ। कल्याण विभाग द्वारा छात्रों के निःशुल्क साईकिल वितरण में छात्रों से अवैध वसूली के आरोपी में हुई। इस बावत आरोपों की जांच के लिए गठित प्रशासनिक टीम ने मामले की प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें प्रथम दृष्टया दोषी पाया है। आरोपी प्राध्यानाध्यापक शिवनारायण प्रसाद के विरुद्ध थाना कांड संख्या 09/2025 के तहत बीएनएस की धारा 173 के तहत हंसडीहा थाना में बुधवार की देर रात प्राथमिकी दर्ज हुई। यहां बता दें कि कल्याण विभाग द्वारा स्कूली छात्रों के बीच निःशुल्क वितरित किए जाने वाली साइकिल के लिए भदवारी-नोनीहाट में शिक्षा विभाग द्वारा कलस्टर केंद्र, नोनीहाट हाई स्कूल को बनाया गया है। बीते मंगलवार को इस केंद्र में रामगढ़ प्रखंड के 14 विद्यालय के छात्रों के बीच साइकिल वितरित की जा रही थी। जिसमें कुछ विद्यालय के शिक्षकों द्वारा साइकिल के एवज में छात्रों से नाजायज तरीके से प्रति छात्र चार सौ से पांच सौ रूपयों की वसूली का मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। मामले पर संज्ञान लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया नेटवर्क एक्स पर दुमका डीसी को टैग करते हुए मामले की जांच कर दोषी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। इसके बाद प्रखंड प्रशासन ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय जांच टीम का गठन किया था। जांच टीम के साथ डीईओ भूतनाथ रजवार, डीएसई आशीष कुमार हेम्ब्रम एवं रामगढ़ के बीडीओ कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने भी बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लुटिया एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय आलूबाड़ा जाकर मामले की जांच की थी। साईकिल प्राप्त करने वाले छात्रों से बातचीत करते हुए छात्रों का वायरल वीडियो दिखाकर छात्रों से उनका पक्ष भी जाना था। अधिकारियों ने विद्यालय में अनुपस्थित छात्रों से उनके घर जाकर भी मामले की जानकारी ली थी। बताया जाता है कि प्रशासनिक जांच में छात्रों ने जांच टीम के समक्ष उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आलूबाड़ा के प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवनारायण प्रसाद पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई। इसके बाद अधिकारियों ने रामगढ़ के बीईईओ को संबंधित शिक्षक के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया था। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुटिया में पूछताछ के दौरान एक छात्र संगम सिरहा ने कहा था कि नोनीहाट से साइकिल ऑटो द्वारा घर तक लाने के लिए उसने 400 रुपये छात्रों से वसूले गये थे। साइकिल लाने में 200 रुपये खर्च हुए थे। शेष 200 रुपये उसके द्वारा संबंधित छात्रों को वापस कर दिए गए था। वहीं कुछ छात्रों ने कहा था कि उन लोगों ने साइकिल को नोनीहाट से खुद चलाकर घर तक लाया था। इसलिए उन लोगों ने किसी को पैसे नहीं दिए थे। किसी भी छात्र ने यहां के शिक्षक विधान चंद्र कुंवर को रुपए देने की बात जांच के दौरान नहीं कही। विद्यालय की साफ-सफाई में कमी, मध्याह्न भोजन योजना तैयार करने वाली रसोईया द्वारा निर्धारित यूनिफॉर्म नहीं पहनने एवं छात्रों की उपस्थिति पंजी संधारित नहीं होने के कारण उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लुटिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक विधानचंद्र कुंवर के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश भी अधिकारियों ने दिया था।

## बेरमो : नेताजी सेवा संघ ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** नेताजी सुभाष सेवा संघ करगली बाजार द्वारा नेताजी की 129 वां जयंती एवं संघ का 15 वां स्थापना दिवस 23 जनवरी को रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष पर हर साल की तरह इस साल भी यहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 30 लोगो ने रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार नेताजी जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित शिविर में रक्त संग्रह इन्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी बोकारो के डॉ मैथिली ठाकुर, सहयोगी संजय कुमार, धनंजय कुमार, कुमार हर्षवर्धन द्वारा किया गया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, विशिष्ट अतिथि सीसीएल बोकारो एवं करगली क्षेत्र के महाप्रबंधक चित्तरंजन कुमार, ढोरी क्षेत्र के प्रभारीजीएम राजीव कुमार सिंह, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, बीएमएस नेता सह जेसीसी सदस्य रविंद्र कुमार मिश्रा,सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर शंकुतला कुमार ,बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह, फुसरो व्यवसायी संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, भाजपा नेता विनय कुमार सिंह,भाजपा नेत्री अर्चना सिंह, भाई प्रमोद सिंह, भरत वर्मा,अनिल गुप्ता आदि गणमान्य जनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया। रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि नेताजी के आदर्शों पर चलने से ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बीएंडके जीएम जीएम चितरंजन कुमार ने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक दायित्व का पालन भी कर रहा है। कहा कि ब्लड बैंक का स्थापना कराने का प्रयास किया जायेगा।

## दुमका : रोटी बैंक ने नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** रोटी बैंक के संस्थापक जतिन कुमार के नेतृत्व में पराक्रम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ श्वेता स्वराज, विशेष अतिथि महिला थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग स्कूल के निर्देशक अजय दुबे, संस्थापक जतिन कुमार ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ श्वेता स्वराज ने कहा कि नेताजी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नेताजी के जीवन पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथि एवं संस्थापक ने मैडल एवं प्रमाण देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लनेताजी सुभाष चंद्र बोस की वीरता और देशभक्ति से हमें प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर इस दिन को उत्साहपूर्वक मनाते हुए नेताजी के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक राजेश कुमार झा ने किया। प्रतियोगिता में भाग लेने में क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले दीक्षा तिवारी, आयुष राज, नितिन गुप्ता, रिया कुमारी, श्रेया मिश्रा, गुनगुन शर्मा, निवेदिता, मोदी रानी, चंदा कुमारी, शिवला कुमारी, जिया कुमारी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में एएआई कामेर्ला केरकेट्टा, सुमित भंडारी, स्कूल शिक्षक व कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## झारखंड दिवस को लेकर झामुमो ने की बैठक



बैठक को संबोधित करते सांसद नलीन सोरेन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** 46वां झारखंड दिवस मनाने को लेकर झामुमो ने शिकारीपाड़ा के सिदो कान्हू परिसर में बैठक आयोजित की । बैठक में मुख्य रूप से हर साल की भांति इस साल भी 2 फरवरी 46वां झारखंड दिवस मनाने को लेकर झामुमो की कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से दुमका के सांसद नलिन सोरेन मौजूद थे। जिन्होंने कहा कि दुमका के गांधी मैदान में 2 फरवरी के दिन आयोजित होने वाले झारखंड दिवस के कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शिकारीपाड़ा के सभी पंचायत से ले जाना है क्योंकि झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी मिल सके। साथ ही वे लोग दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का अभिभाषण सुन सके। दुमका सांसद नलिन सोरेन ने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि कार्यक्रम में सभी पंचायतो से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई मंत्री विधायक मौजूद रहेंगे। बैठक में जिला प्रवक्ता अब्दुल सलाम अंसारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2 फरवरी झारखंड दिवस झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है साथ ही हम सभी झारखंड वासी झारखंड दिवस को एक पर्व की भांति मनाते आ रहे हैं और हर्ष उल्लास के साथ मानते रहेंगे। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि झारखंड दिवस के दिन सभी कार्यकर्ता अपने-अपने पंचायत से साथ ढोल, टमाक मांदर के साथ गांधी मैदान दुमका पहुंचने का प्रयास करेंगे। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष चुंडा हेंब्रम, सचिव प्रभुनाथ हांसदा, कोषाध्यक्ष कलीमुद्दीन अंसारी, जिप सदस्य प्रकाश हांसदा, लाल मोहम्मद, ललका दा, तमीजुद्दीन अंसारी, प्रखंड प्रमुख उर्दू मरांडी के साथ झामुमो के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गोड्डा : लोक मंच मनाया नेता जी की जयंती, दी श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वी जयंती पर देश के प्रति समर्पित सच्चे देशभक्तों ने उनकी जयंती पर उन्हें सलामी देते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसी क्रम में रौतरा चौंक स्थित नेताजी की स्मारक पर लोक मंच सचिव सर्वजीत झा अन्ते वासी, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्त्ता नेता जी के सच्चे अनुयायी बनकर उनके पदचिन्हो पर चलते हुए अपने आपको एक समर्पित यौद्धा बनकर गर्व महसूस करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सेवनिवृत न्यायाधीश शिवपाल सिंह, ज्ञान मोहन मिश्र अध्यक्ष विद्यापति परिषद गोड्डा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव, अबुल कलाम आजाद अधिवक्ता, शिव शंकर साहू,गोड्डा बार असोसिएशन महासचिव योगेश चंद्र झा, नूतन झा ब्याख्याता महिला महाविद्यालय गोड्डा समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। संचालन सुरजीत झा ने किया।

ई-नीलामी सूचना

**सं. 18/पार्सल एसएलआर/एडीवीटी/एमआएसएस/सीएटीजी/ई-ऑक्शन कैटलॉग दिनांकः 22.01.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल में पार्सल एसएलआर विज्ञापन, खानपान और विविध के पट्टे के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। इस संबंध में ई-नीलामी सूचना का मसौदा संलग्न है जिसे **https://www.ireps.gov.in/website** पर अधिसूचित किया गया है। ई-नीलामी का विवरण इस प्रकार हैः **क्रम संख्या, श्रेणी, कैटलॉग संख्या, नीलामी की तिथि, नीलामी शुरू होने का समय, नीलामी बंद होने की तिथि, नीलामी बंद होने का समयः** • (1) पार्सल एसएलआर, पार्सल-एसएलआर-1-25, 05.02.2025, 11:30 बजे, 06.02.2025, 11:50 बजे। • (2) विज्ञापन, एडीवीटी- सीकेपी-1-25, 07.02.2025, 11:30 बजे, 07.02.2025, 13:40 बजे। • (3) विविध, एमआईएएस-टाटा-1-25, 06.02.2025, 12:00 बजे, 06.02.2025, 13:10 बजे। • (4) खानपान, सीएटीजी-सीकेपी-1-25, 05.02.2025, 12:00 बजे, 05.02.2025, 15:30 बजे। • (5) खानपान, सीएटीजी-सीकेपी-2-25, 07.02.2025, 11:45 बजे, 07.02.2025, 13:15 बजे। इच्छुक पक्ष इस पर ध्यान दें और साइट के विवरण और ई-नीलामी नोटिस के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर बताई गई वेबसाइट देखें। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से संपर्क करें।

**(PR-1050)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/चक्रधरपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे

खबर मन्त्र
रांची. शुक्रवार . 24 जनवरी 2025



# मंहगाई की चिंता

भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर फिक्रमंद है। उसे चिंता है कि महंगाई बढ़ी तो त्योहार की रौनक प्रभावित हो सकती है। तभी मौद्रिक नीति की घोषणा करते वक्त केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को यथावत बनाये रखा है। दरअसल, केंद्रीय बैंक का लक्ष्य है कि महंगाई की दर को चार फीसदी से नीचे रखी जाए। चिंता जतायी जा रही है कि आने वाले दो वर्ष में यह दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। जब दो साल पहले खुदरा महंगाई की दर सात फीसदी के करीब पहुंच गई थी तो केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाने का प्रयास किया। बैंक ने धीरे-धीरे रेपो दर में वृद्धि की थी। अब महंगाई बढ़ने की फिक्र में केंद्रीय बैंक ने दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है। जो फिलहाल साढ़े छह फीसदी है। दरअसल, बैंक का आकलन है कि आने वाले दो वर्षों में महंगाई की दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। केंद्रीय बैंक यदि उद्यमियों के दबाव के बावजूद बैंक दरों में कमी नहीं कर रहा है तो उसकी वजह महंगाई है। महंगाई नियंत्रित रही तो विकास दर दो अंकों का आंकड़ा छू सकती है। दुनिया को रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम एशिया के संकट से जूझना पड़ रहा है, भारत उससे अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है। यह एक हकीकत है कि जहां दुनिया के अन्य विकसित देश मंदी के संकट से जूझ रहे हैं, भारत मंदी के दुष्प्रभाव से अर्थव्यवस्था को बचा पाया है। निस्संदेह, हमारी मौद्रिक नीतियां आर्थिकी को स्थायित्व प्रदान करने में किसी हद तक सफल रही हैं। यही वजह है कि संवेदनशील आर्थिकी के वैश्विक परिदृश्य में केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीतियों में बदलाव से परहेज किया है। निस्संदेह, भारत इस समय दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिये खासी सावधानी भी जरूरी है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

मिथुन : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

कर्क : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

सिंह : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

तुला : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8


मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

# सुरक्षित गणतंत्र में सुशासन की आवश्यकता





-गिरीश्वर मिश्र

आज 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ, भारत अपने इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। आगे के समय में भारत की आर्थिक प्रगति वर्तमान सुधारों, तकनीकी प्रगति और जनसांख्यिकीय बदलावों से काफी प्रभावित होगी। ऐसा अनुमान है कि 2025 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो मुख्यतः एक बड़े आकार वाले , युवा कार्यबल, बढ़ते मध्यम वर्ग और घरेलू खपत से प्रेरित है।

यहां यह ध्यान रखने की बात है कि भारत केवल विकास नहीं बल्कि समावेशी विकास चाहता है जो लाखों लोगों को गरीबी और असमानता से मुक्ति दिला सके। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों और फिनटेक के संतोषदायी अनुभव से प्रोत्साहित होकर भारत का डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तन, नए रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। देश डिजिटल साक्षरता, बुनियादी ढांचे और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करके तकनीकी सेवाओं, ई-व्यापार, कृत्रिम मेधा और डेटा विज्ञान में वैश्विक नेता बनने का लक्ष्य बना रहा है। उभरती प्रवृत्तियों को देखते हुए यह लग रहा है कि मेक इन इंडिया पहल के तहत अपने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत का प्रयास आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। बदलते परिवेश में, भारत विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर गाड़ी (ऑटोमोटिव) और औषधीय (फार्मास्युटिकल) क्षेत्रों में एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर सकता है। दरअसल औद्योगिकीकरण और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने की हमारी क्षमता ही आर्थिक मामलों में हमारी प्रगति को निश्चित करेगी। देश का लक्ष्य अक्षय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनना है, क्योंकि यह हरित प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ व्यवस्थाओं के अनुकूल है।

आज भारत कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डेटा एनालिटिक्स से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक कई तकनीकी क्रांतियों में अग्रणी रहने की स्थिति में है। भारत का तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2025 तक देश एआई, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन तकनीकों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे कृषि और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शहरी नियोजन और शिक्षा आदि को लाभ पहुँचेगा। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा पा रही है। मिशन चंद्रयान, गगनयान (मानव मिशन) और संभावित चंद्र और मंगल मिशन भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में अग्रणी बना सकते हैं। भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह उत्तरी अमेरिका के अलावा किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक यूनिकॉर्न (1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की कंपनियां) पैदा करने वाला देश हो सकता है। यह भारत को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक है। परंतु देश की प्रगति सिर्फ. आर्थिक विकास पर ही निर्भर नहीं है, उसके लिए सामाजिक समावेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और लैंगिक समानता भी जरूरी है। भारत ने अपनी शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिससे यह अधिक समावेशी और सुलभ बन सके। कक्षाओं में प्रौद्योगिकी का अधिक एकीकरण हो सकता है, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। उच्च शिक्षा और अनुसंधान पर भारत का जोर विश्वस्तरीय संस्थानों का निर्माण कर सकता है जो वैश्विक छात्रों को आकर्षित कर सकते हैं। इसी तरह टेलीमेडिसिन, निदान (डायग्नोस्टिक्स) और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में प्रगति के साथ भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सुलभता और कुशलता प्रभावी हो सकती है। सरकार की आयुष्मान भारत योजना (गरीबों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना) स्वास्थ्य सेवा असमानताओं को कम कर सकती है, और नई चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का विकास स्वास्थ्य सेवा उपायों के मामले में बदलाव ला सकता है।

> भारत का तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2025 तक देश एआई, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन तकनीकों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे कृषि और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शहरी नियोजन और शिक्षा आदि को लाभ पहुँचेगा। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा पा रही है। मिशन चंद्रयान, गगनयान (मानव मिशन) और संभावित

लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए अभियान चल रहा है जिसके अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आशा करते हैं कि भारत में कार्यबल, राजनीति और नेतृत्व के पदों पर महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ेगी। शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों के लिए प्रयास निश्चित रूप से एक अधिक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। गरीबी और असमानता को कम करना भारत की प्राथमिकता बनी रहेगी। आवास, पानी, स्वच्छता और बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करके वंचितों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है, जिससे लाखों लोग गरीबी से बाहर आ सकेंगे। पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु विषयक कार्रवाई आर्थिक विकास और जीवन की गुणवत्ता दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। भारत का लक्ष्य सौर, पवन और जलविद्युत ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व देना है। देश अपनी ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न कर सकता है, जिससे उसका कार्बन फुटप्रिंट और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो जाएगी।

आज भारत जल की कमी की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, और जल संरक्षण, पुनर्चक्रण और प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। कुशल सिंचाई और जल वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, साथ ही बेहतर नीतियों से इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिल सकती है।

बदलते भू-राजनीतिक माहौल में वैश्विक मामलों में भारत की प्रमुख भूमिका होगी तथा एशिया में अपनी रणनीतिक स्थिति का लाभ मिल सकता है। भारत का कूटनीतिक प्रभाव बढ़ता रहेगा, खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में। क्वाड (अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ) के सदस्य के रूप में, भारत खुद को चीन की बढ़ती ताकत के लिए एक प्रमुख प्रतिसंतुलन के रूप में स्थापित कर रहा है। सांस्कृतिक कूटनीति, मीडिया और बॉलीवुड के माध्यम से देश की बढ़ती सॉफ्ट पावर इसकी वैश्विक स्थिति को और मजबूत कर सकती है।

उन्नत प्रौद्योगिकी , स्वदेशी रक्षा उत्पादन में वृद्धि और वैश्विक सहयोगियों के साथ बढ़े हुए सहयोग द्वारा भारत की रक्षा क्षमताएँ सुदृढ़ हो सकेंगी। भारत शांति अभियानों और संघर्ष समाधान में, विशेष रूप से अपने पड़ोस और अफ्रीका में, केंद्रीय भूमिका निभाना जारी रखेगा। वैश्विक व्यापार और निवेश को बढ़ाने की भारत की आकांक्षा से देश को बेहतर बुनियादी ढांचे, बंदरगाह सुविधाओं और अधिक प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल के साथ एशिया के लिए एक व्यापार केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, लेकिन इसमें महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तन भी होंगे । भारत में शहरी आबादी बढ़ने की उम्मीद है, मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर और हैदराबाद जैसे शहर आर्थिक और नवाचार केंद्रों के रूप में विकसित होते रहेंगे।

## लेटर टू एडिटर

### मानवता के दुश्मन

**यह** समय जरूरतमंदों की मदद का है ताकि वे बीमारी और संकटकालीन स्थिति से उबर सकें और हम अपने मानवीय होने का प्रमाण दे सकें। मगर, लोग आज जिस तरह हालातों का फायदा उठा रहे हैं, उससे यह महामारी और भयावह हो गई है। कोरोना कुछ लोगों को धंधे करने का एक बड़ा अवसर बन गया है जो समूची मानवता के नाम पर कलंक है।

**-अमृतलाल, हजारीबाग**

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-विजय सिंह, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**झारखण्ड** में इको टूरिज्म के विकास हेतु एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। राज्य में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। इको टूरिज्म को इस प्रकार विकसित किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

**अपनी** दो दिवसीय मुंबई यात्रा के दौरान सीएसडी मुख्यालय का दौरा किया। यहां की कार्यप्रणाली और व्यवस्था को देखा। यहां के कार्यों की समीक्षा किया। अधिकारियों से कई विषयों पर सकारात्मक बातचीत हुई।

**- संजय सेठ, केन्द्रीय राज्य रक्षा मंत्री**

# सामरिक सुरक्षा और सम्मान से ही हमारा गणतंत्र सुरक्षित

गणतंत्र दिवस

**अवधेश कुमार**

अपने गौरव प्रतीक विकसित हों अंग्रेजों ने 1931 में इंडिया गेट का निर्माण प्रथम विश्वयुद्ध और उससे पहले के युद्धों में मारे गए 84 हजार जवानों की स्मृति में किया था। वह सब भारतीय जवान थे जो ब्रिटिश सेना में शामिल होकर युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। इस तरह यह अंग्रेजों द्वारा निर्मित युद्ध स्मारक है। ऐसा नहीं है कि अंग्रेजों ने जो भी भवन या स्मारक बनाए उन सबको नष्ट कर दिया जाए या उनकी स्मृतियों को खत्म कर दिया जाए। उन सबको खत्म कर उनकी जगह नए सिरे से सारे निर्माण संभव नहीं और न यह व्यावहारिक और उपयुक्त ही है। इस कारण इंडिया गेट है और रहेगा, किंतु उपनिवेश काल के गौरव प्रतीकों की जगह अपने गौरव प्रतीक विकसित होने ही चाहिए। अमर जवान ज्योति को इंडिया गेट से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक स्थानांतरित करने का दृश्य पूरे देश ने देखा। सैन्य परेड, गार्ड ऑफ ऑनर से सुसज्जित भव्य समारोह में इंडिया गेट की अमर ज्योति को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की अमर ज्योति के साथ मिला दिया गया। अनजाने में यह बोला और लिखा कि अमर जवान ज्योति बुझा दी जाएगी। यह बात समझ से परे है कि आखिर इस तरह की अफवाह कैसे फैलाई जा सकती है? एिक ज्योति से दूसरी ज्योति को जलाना और अमर जवान की सामूहिक ज्योति के साथ उसको समाहित करना बुझाना नहीं होता। वास्तव में अगर राजनीति न हो तो यह कदम किसी दृष्टि से विरोध और विवाद का नहीं है। कोई भी सरकार हमारे देश की रक्षा या सम्मान की खातिर अपनी जान गंवाने वाले वीर बलिदानियों के सम्मान को कम नहीं कर सकती है। जैसा हम जानते हैं अमर जवान ज्योति 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में बलिदान देने वालों वाले 3843 वीर सैनिकों की स्मृति को जीवित रखने के लिए जलाई गई थी। स्वातंत्र्योत्तर भारत के सैन्य इतिहास में वह ऐसा स्वर्णिम अध्याय है जिसे भारत कभी भी भुला नहीं सकता। लेकिन क्या इंडिया गेट ही अमर जवान ज्योति के लिए उपयुक्त जगह था? अंग्रेजों ने 1931 में इंडिया गेट का निर्माण प्रथम विश्वयुद्ध और उससे पहले के युद्धों में मारे गए 84 हजार जवानों की स्मृति में किया था। वह सब भारतीय जवान थे जो ब्रिटिश सेना में शामिल होकर युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। इस तरह यह अंग्रेजों द्वारा निर्मित युद्ध स्मारक है। ऐसा नहीं है कि अंग्रेजों ने जो भी भवन या स्मारक बनाए उन सबको नष्ट कर दिया जाए या उनकी स्मृतियों को खत्म कर दिया जाए। उन सबको खत्म कर उनकी जगह नए सिरे से सारे निर्माण संभव नहीं और न यह व्यावहारिक और उपयुक्त ही है। विश्व के सारे प्रमुख देशों ने ऐसा किया है। वैसे भी वहां अमर जवान ज्योति 1971 के वीर शहीदों की याद में तब लगाया गया जब हमारे पास युद्ध स्मारक नहीं था। जब युद्ध स्मारक बन गया तो अमर जवान ज्योति के अलग से अन्यत्र होने का कोई कारण नहीं। यह उचित भी नहीं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में 26,642 नाम अंकित हैं। 1947 से लेकर भारत की रक्षा में जितने जवान वीरगति को प्राप्त हुए सभी के नाम इसमें अंकित हैं। वहां 1947-48 का युद्ध, गोवा ऑपरेशन, 1962 ऑपरेशन, 1965 वॉर, 1971 वॉर, कारगिल वॉर से लेकर हाल ही में गलवान में जान गंवाने वाले जवानों, आतंकवाद से संघर्ष करते हुए शहीद हुए जवानों के नाम खुदे हैं। इसमें ऐसी व्यवस्था है कि आगे भी ऐसे शहीदों के नाम अंकित किए जाएंगे। सच यह है कि इंडिया गेट पर 1971 में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों के नाम अंकित नहीं है। इसके विपरीत राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में उन सारे जवानों के नाम लिखे हुए हैं तो जहां जवानों के नाम लिखे हुए हैं वहां उस ज्योति का होना जरूरी है या जहां नहीं लिखे हैं वहां?

जहां भारत के लिए संघर्ष करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए सारे वीरों के नाम लिखे हैं उनकी सबकी स्मृतियां हैं उनके साथ इनका नाम होना सही है या इनको अलग से याद करना? इनका उत्तर आप स्वयं तलाश कर सकते हैं। अह्लरङ्ग फीं - डॉ. एलएस यादव का लेख : चीन की नई चालों से रहें सतर्क यह भी न भूलें कि वीर सैनिकों के सम्मान से संबंधित सारे कार्यक्रम अब राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में होते हैं। गार्ड ऑफ ऑनर वहां दिया जाता है। विदेशों से आने वाले नेता अब वही जाकर हमारे सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं। यह एक स्थाई प्रोटोकॉल बन चुका है। विश्व के सारे प्रमुख देश अपने सैनिकों के सम्मान में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक बना चुके हैं। भारत इससे लंबे समय तक वंचित था। इस कारण देश के अंदर और बाहर भी इसका पता नहीं चल पाता था कि आखिर भारत ने किन-किन युद्धों में किस तरह की शौर्य और वीरता

# संविधान सभा ने देश को दिया विश्व का श्रेष्ठतम संविधान

गणतंत्र दिवस

**विजय केसरी**

**भारत** का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है, जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ था। यह विधान 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ था । 26 नवम्बर,भारतीय संविधान सभा के लिए जुलाई 1946 में तिथि तय हुई थी। संविधान सभा की पहली बैठक दिसंबर 1946 को हुई थी। इसके तत्काल बाद देश आंतरिक तौर पर दो भागों , भारत और पाकिस्तान में बंट गया था। संविधान सभा भी दो हिस्सो में बंट गई थी। एक भारत की संविधान सभा और दूसरी पाकिस्तान की संविधान सभा। भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे, जिसके अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 में अपना काम पूरा कर लिया था। 26 जनवरी 1950 को यह संविधान लागू हुआ। इसी दिन की याद में हम हर वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं।

भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से तैयार करने में 2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन का समय लगा था। के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के संविधान का मूल आधार भारत सरकार अधिनियम 1935 को माना जाता है। भारत का संविधान विश्व के किसी भी गणतान्त्रिक देश का सबसे लम्बा लिखित संविधान है।

भारतीय संविधान में वर्तमान समय में भी केवल 395 अनुच्छेद, तथा 12 अनुसूचियाँ हैं । ये 25 भागों में विभाजित है। परन्तु इसके निर्माण के समय मूल संविधान में 395 अनुच्छेद जो 22 भागों में विभाजित थे । इसमें केवल 8 अनुसूचियाँ थीं। संविधान में सरकार के संसदीय स्वरूप की व्यवस्था की गई है जिसकी संरचना कुछ अपवादों के अतिरिक्त संघीय है। केन्द्रीय कार्यपालिका का सांविधानिक प्रमुख राष्ट्रपति है। भारत के संविधान की धारा 79 के अनुसार, केन्द्रीय संसद की परिषद् में राष्ट्रपति तथा दो सदन है, जिन्हें राज्यों की परिषद राज्यसभा तथा लोगों का सदन लोकसभा के नाम से जाना जाता है। संविधान की धारा 74 (1) में यह व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति की सहायता करने तथा उसे परामर्श देने के लिए एक रूप होगा, जिसका प्रमुख प्रधानमन्त्री होगा, राष्ट्रपति इस मन्त्रिपरिषद की सलाह के अनुसार अपने कार्यों का निष्पादन करेगा। इस प्रकार वास्तविक कार्यकारी शक्ति मन्त्रिपरिषद में निहित है । जिसका प्रमुख प्रधानमन्त्री है ,राज्यपाल राज्य का प्रमुख है। प्रत्येक राज्य का एक राज्यपाल होगा तथा राज्य की कार्यकारी शक्ति उसमें निहित होगी। मन्त्रिपरिषद, जिसका प्रमुख मुख्यमन्त्री है, राज्यपाल को उसके कार्यकारी कार्यों के निष्पादन में सलाह देती है। अवशिष्ट शक्तियाँ संसद में विहित हैं। केन्द्रीय प्रशासित भू-भागों को संघराज्य क्षेत्र कहा जाता है। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद जुलाई 1945 में ब्रिटेन ने भारत संबन्धी अपनी नई नीति की घोषणा की तथा भारत की संविधान सभा के निर्माण के लिए एक कैबिनेट मिशन भारत भेजा, जिसमें तीन मंत्री थे। 15 अगस्त 1947 को भारत के आजाद हो जाने के बाद संविधान सभा की घोषणा हुई थी। इसने अपना कार्य 9 दिसम्बर 1947 से आरम्भ कर दिया। सदस्य भारत के राज्यों की सभाओं के निर्वाचित सदस्यों के द्वारा चुने गए थे। जवाहरलाल नेहरू, डॉ भीमराव अम्बेडकर, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद आदि इस सभा के प्रमुख सदस्य थे। इस संविधान सभा ने 2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन में कुल 114 दिन बहस की।

संविधान सभा में कुल 12 अधिवेशन किए तथा अंतिम दिन 284 सदस्यों ने इस पर हस्ताक्षर किया और संविधान बनने में 166 दिन बैठक की गई इसकी बैठकों में प्रेस और जनता को भाग लेने की स्वतन्त्रता थी। भारत के संविधान के निर्माण में संविधान सभा के सभी 389 सदस्यो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने पारित कियाऔर इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था।इस सविधान में सर्वाधिक प्रभाव भारत शासन अधिनियम 1935 का है। इस में लगभग 250 अनुच्छेद इस अधिनियम से लिये गए हैं।संविधान के उद्देश्यों को प्रकट करने हेतु, एक प्रस्तावना प्रस्तुत की जाती है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना अमेरिकी संविधान से प्रभावित तथा विश्व में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। प्रस्तावना यह घोषणा करती है कि संविधान अपनी शक्ति सीधे जनता से प्राप्त करता है इसी कारण यह 'हम भारत के लोग' - इस वाक्य से प्रारम्भ होती है। केहर सिंह बनाम भारत संघ के वाद में कहा गया था, 'संविधान सभा भारतीय जनता का सीधा प्रतिनिधित्व नहीं करती। अतः संविधान विधि की विशेष अनुकृपा प्राप्त नहीं कर सकता, परंतु न्यायालय ने इसे खारिज करते हुए संविधान को सर्वोपरि माना है'। जिस पर कोई प्रश्न नहीं उठाया जा सकता है।

भारत के संविधान की प्रस्तावना इसकी आत्मा है। संविधान को पढ़ने से पूर्व संविधान की प्रस्तावना को पढ़ना अनिवार्य है।

संविधान की प्रस्तावना इस प्रकार है। 'हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी , पंथनिरपेक्ष,लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को :सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथाउन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई0 (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, सम्वत दो हजार छह विक्रमी) को एतदद्वाराइस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं'।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ के डीसी-एसपी ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रामगढ़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के अवसर पर गुरुवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उपायुक्त ने सभी से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने की अपील की।

### सर्वोदय निकेतन में मनी नेताजी की जयंती



कुजू। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त डटमा मोड़ स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में सुभाष चंद्र बोस की जयंती राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निर्देशक नरसिंह कुमार, और प्राचार्य सूर्यनाथ यादव द्वारा सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। वहीं विद्यालय के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत और कविता के साथ ही आजादी की लड़ाई में नेताजी की भूमिका विषयक भाषण प्रतियोगिता और नेताजी के जीवन से जुड़े घटनाओं से संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत किया। जिसमें श्वेता कुमारी, अनुष्का कुमारी, अनु कुमारी, संजना कुमारी, कुंदन कुमार, भास्कर कुमार, सागर कुमार, तौसी परवीन, मीठी कुमारी, आयुष कुमार आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के निर्देशक नरसिंह कुमार ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस आधुनिक भारत के शिल्पकारों में से एक थे। आपने अंग्रेजी शासन के खिलाफ न सिर्फ भारत बाकी विदेशों में भी विरोध का झंडा ऊंचा किया था। प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने कहा कि नेता जी ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में शुरूआत तो गांधी जी के अहिंसा आंदोलन से की, मगर शीघ्र ही उन्हें यह एहसास हुआ कि बिना शक्ति प्रदर्शन के राष्ट्र को आजादी मिलना असंभव है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु ही उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की।

### क्रांतिकारी नेता थे बोस : प्राचार्य




**रजरप्पा।** डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई गई। झारखंड प्रक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एसके शर्मा सहित शिक्षकों तथा बच्चों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात शिक्षक तथा बच्चे वैदिक हवन में शामिल हुए। छठी कक्षा के छात्र अर्श खां ने हिंदी में भाषण प्रस्तुत किया जिसमे उनके त्याग, बलिदान और योगदान की झलक मिली। वैदिक हवन कार्यक्रम में विद्यालय के धर्म शिक्षक सत्यकाम आर्य तथा रजनीश पाठक ने संयुक्त रूप से भजन प्रस्तुत किया। डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य ने अपने संबोधन में नेताजी के नेतृत्व और बलिदान के महत्व पर जोर देते हुए बच्चों को देशभक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस एक राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी।

### एसवीएम स्कूल में स्मार्ट क्लास शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसवीएम पब्लिक स्कूल सुंदरनगर भुरकुंडा में गुरूवार को स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ गढ़वा थाना के सब इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद ने विधिवत फीता काटकर किया। नरेंद्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है। शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह स्मार्ट क्लास शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। एसआई श्री प्रसाद ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सफलता का मूल मंत्र देते हुए शिक्षकों के मार्ग-दर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करने की बात कही। इसके पूर्व विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि नरेंद्र प्रसाद को बुके देकर स्वागत करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय की सचिव इंदु शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाना ही विद्यालय का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के प्रति विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। मौके पर प्राचार्य हर्ष शर्मा उर्फ प्रेम, प्रबंधन सह सालाहकार गुरेन्द्र सिंह, एक्सक्यूटिव हेड लव कुमार, नंदिनी वर्मा, सहबाजिया, संध्या कुमारी, रजनी कौर, आरती, वंशिका, दिव्या, अलीला, मधु सागर, मधुलता आदि मौजूद थे।

### एससी/एसटी मोर्चा ने जीएम से की वार्ता



भुरकुंडा (रामगढ़)। सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती, रैयत खतियानी विस्थापित प्रभावित एससी/एसटी मोर्चा एवं बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक के बीच वार्ता हुई। वार्ता में सेल संचालन समिति द्वारा जीएम से सेल जल्द चालु करने की मांग की गई। जिसमें महाप्रबंधक ने दो दिनों के अन्दर सयाल डी परियोजना से 20 हजार टन कोयला डीओ ऑफर भेजने की बात कही। वार्ता मे गांव की समस्याओं के समाधान को लेकर भी चर्चा की गई। वार्ता में समिति के अध्यक्ष जीतराम मुंडा, सचिव पवन बाउरी, रामविलास करमाली, अमर बाउरी, राजेश मुंडा, अनूप बाउरी, मानस मुंडा, बंटी बाउरी, प्रदीप बाउरी, अंजित मुंडा, देव बाउरी, पम्मी करमाली, नंदू मुंडा, जमुना मुंडा, किरण करमाली, लालू भुंइया, छोटू भुंइया, गुड्डू बाउरी आदि मौजूद थे।

# देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : प्राचार्य

## जुबिली कॉलेज में मनी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रीवर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में एनएसएस ईकाई 1 एवं 2 के तत्वावधान में गुरूवार को नेता जी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनके अदम्य साहस और स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह झा ने नेताजी की देश के प्रति उनकी श्रद्धा व समर्पण से सबों को प्रेरणा लेने की बात कही। साथ ही नेताजी का सुप्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा की चर्चा करते हुए कहा कि आज भी युवा वर्ग में यह नारा नई ऊर्जा का संचार भरता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों से सुभाष चन्द्र के जीवन दर्शन को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि भारत माता के ऐसे सपुत जिन्होंने राष्ट्र धर्म को सरोपरि और देश सेवा के लिए आईसीएस जैसे उच्च नौकरी को छोड़ दी। प्राचार्य ने कहा कि देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। उन्होंने सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विशेश्वर रविदास ने आजाद हिंद फौज तथा जय हिंद जैसे नारा की चर्चा करते हुए उन्हें स्वतंत्रता संग्राम का अग्रणी अग्रणी नेता बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. एसएस पांडेय, सुरेश सिंह, सोमनाथ, महावीर, मोहन राम, प्रवेश, संध्या, रामेश्वर, दीपक, पूजा, प्रियंका, विकास, पंकज, आंचल, नारायण आदि स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# कुल्ही के कई होटलों में छापेमारी, शराब बरामद

**35 लीटर अवैध चुलाई शराब और 6.50 लीटर बीयर बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर रजरप्पा थाना क्षेत्र के कुलही गांव में उत्पाद विभाग के जरिये छापेमारी की गई। यहां तीन होटलों में अवैध शराब की बिक्री हो रही थी। उत्पाद विभाग की ओर से की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया गया है। कुलही गांव में स्थित विभिन्न होटलों एवं ढाबा में गहन एवं व्यापक छापेमारी किया गया। जहां कुल 3 अभियोग दर्ज करते हुए 35 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 6.50 लीटर अवैध बीयर बरामद किया गया। जीतू महतो के होटल से 10 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 6.50 लीटर अवैध बीयर बरामद करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। गंगाराम महतो के होटल से 20 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए फरार अभियोग दर्ज किया गया। उमेश महतो के होटल में छापेमारी कर पांच लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

### टाटीझरिया में कानून जागरुकता कार्यक्रम

दारू । जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय कानून जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को टाटीझरिया के में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के जिला सचिव गौरव खुराना के निर्देश पर पीएलबी रोहित ने घर-घर जाकर झरपो, भराजो, जरगा गांव में जागरूकता कानूनी अभियान चलाया।

रोहित ने बताया कि गांव के हर घर में भूमि विवाद को लेकर जिला प्राधिकार हजारीबाग में सुलहनामा किया जा सकता है। जहां व्यवहार न्यायालय हजारीबाग में पैसा की बचत के साथ निःशुल्क आपसी समझौता करवा सकता है। अभियान के तहत नशीले पदार्थों के सेवन, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न, पोक्सो एक्ट, डायन प्रथा, सड़क दुर्घटना के उपरांत मुआवजा तथा घरेलू हिंसा से होने वाला नुकसान की जानकारियां दी गयी।

## गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि होंगे कुजू के प्रकाश



**कुजू।** जन औषधि के संचालक रह चुके फार्मासिस्ट कुजू निवासी अंजन प्रकाश को क्षेत्र में स्वस्थ सेवाएं प्रदान करने को लेकर केंद्र सरकार द्वारा सपरिवार को विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया है। जन औषधि के माध्यम से गरीब तथा मध्यम वर्ग को उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवाइयां उपलब्ध करवा कर अंजन प्रकाश के द्वारा किये गये कार्य को लेकर यह सम्मान मिला है। 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंजन प्रकाश से सीधा संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना भी कर चुके है। मौके पर अंजन प्रकाश ने यह जानकारी दी कि उन्हें और उनकी पत्नी बाल गोपाल प्ले स्कूल की प्रधानाध्यापिका दीपिका मेहता एवं बच्चों के साथ दिल्ली आने जाने हेतु हवाई जहाज का टिकट भेजा गया है। 25 से 28 जनवरी तक भारत सरकार के मेहमान होंगे। सपरिवार आवागमन के साथ-साथ उनके चार दिनों की ठहरने और खाने-पीने की पूरी व्यवस्था प्रसार भारती दूरदर्शन की ओर से की गई है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को दिल्ली बुलाया गया है, फिर वहां 25 जनवरी से 28 जनवरी तक अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे, जिसमें 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की परेड को वीआईपी गैलरी में बैठकर देखने का मौका मिलेगा। 27 और 28 जनवरी को उन्हें दिल्ली के प्रमुख प्रसिद्ध स्थान पर भ्रमण के लिए ले जाया जाएगा।

## क्षमता से ज्यादा स्कूली बच्चे बैठने वाले वाहन जब्त




**रामगढ़।** यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे के नेतृत्व में गुरूवार को गोला में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने क्षमता से अधिक बच्चों को स्कूल ले जा रहे कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल व ऑक्सफोर्ड अकादमी के एक एक वाहनों को पकड़ा। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व ही क्षमता से अधिक बच्चोंे स्कूल ले जा रहा एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें तीन बच्चों की मौत हो गयी थी। इस मौके पर यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे ने बताया कि मारूति वैन में 20 बच्चों को स्कूल ले जाया जा रहा था। जांच करने पर कागजात भी फेल मिले। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल संचालकों से अनुरोध है कि बच्चों को लाने और ले जाने में उन वाहनों का प्रयोग करें जिनका दस्तावेज सही है नही तो कार्रवाई की जाएगी।

## ए ला एंगलाइज विद्यालय में मनी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर गुरूवार को प्रभात फेरी निकाली गई। कहा गया कि विशेष आयोजन का उद्देश्य छात्रों को नेताजी के आदर्शों और देशभक्ति की भावना से अवगत कराना था। प्रभात फेरी स्कूल प्रांगण से शुरू होकर जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार, हनुमानगढ़ी, जवाहर नगर, हुरूमगढ़ा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण पहुंचा। प्रभातफेरी में शामिल विद्यार्थी हाथों में नेताजी के प्रेरक उद्धरण ह्यतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का तख्तियों और बैनर लिये हुए थे। साथ ही जय हिंद, वंदे मातरम, जब तक सूरज चांद रहेगा नेता जी का नाम रहेगा आदि का नारा बुलंद कर रहे थे। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य विजयंत कुमार और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नेता जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर प्राचार्य

**▸▸ नेताजी के बताये मार्ग पर चले छात्र : विजयंत कुमार**

विजयंत कुमार ने विद्यार्थियों को नेताजी के संघर्षमय जीवन और उनकी आजादी की लड़ाई में भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि नेताजी का जीवन हमें अनुशासन, निडरता, और देशसेवा की प्रेरणा देता है। प्राचार्य ने कहा कि जीवन में कठिनाइयों का सामना करना और उन पर विजय पाना ही सच्ची जीत है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कृतियों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। साथ ही नेताजी को अदम्य साहस और देशभक्ति का परिचायक बताया। सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर लघु कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस जी के जीवनी पर प्रकाश डालें और उनकी वीर गथाओं की व्याख्या की। बच्चों ने नाटक, गायन और देश भक्ति




पर विभिन्न प्रस्तुति पेश कर सबों को मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, सिद्धार्थ कुमार, सेंसाई कंचन दास, वैभव कुमार, अनुराग मद्धेशिया, गौरव कुमार साहू, कंचन सोनी, अजीत कुमार सिन्हा, कुमार विश्वक सेन, कृष्णा अम्बष्टा, मिथलेश बेदिया, अजीत शर्मा, सूरज देव सिंह, सुजय कुमार, राजन कुमार, सपना मिंज, वर्षा टेटे, शीला देवी, ट्विंकल पाउल, शबनम बानो, पूजा महतो, बबीता सिंह, शबाना खातून, सीमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रिया कुमारी का योगदान रहा।

## एक नजर में

### बीएम मेमोरियल स्कूल में मनी नेताजी की जयंती

**बड़कागांव।** बीएम मेमोरियल स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार ने की और संचालन आनंद कुमार पासवान ने किया। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा ने अपने संबोधन में नेताजी के बलिदान और देशभक्ति की भावना को याद करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जो योगदान दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी हर भारतीय के दिल में जोश भर देता है। इस दौरान शिक्षकों ने छात्रों को नेताजी के विचारों से प्रेरणा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, उप प्राचार्या पूनम कुमारी, रंजीत कुमार, ब्रह्मदेव सिंह चौहान और अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे। सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

### कॉलेज के छात्रों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ

**बड़कागांव।** झारखंड कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य बिनोद यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताए गए। प्राचार्य ने बताया कि सड़क पर लापरवाही से हर साल लाखों लोग अपनी जान गंवाते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि बाइक चलाते समय हेलमेट पहनें और कार में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। छात्रों ने जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ ली और सड़क पर सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर रंजीत कुमार, सूरज कुमार दास और अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। करीब 200 छात्रों ने इस शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया, जो कॉलेज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### कटकमसांडी में पंकज ठाकुर की संदिग्ध मौत

**कटकमसांडी ।** प्रखंड क्षेत्र के ओपी पेलावल पुलिस ने छड़वा डैम स्थित एक कमरे से एक 25 वर्षीय युवक का शव बरामद कर शव को दूसरे दिन पोस्टमार्टम हेतु शेख भिखारी मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया है। युवक का नाम पंकज ठाकुर उम्र 25 वर्ष बताया गया, जो गदोखर निवासी स्व. रामकुमार ठाकुर का पुत्र है। घटना बुधवार देर शाम की है। इस बाबत युवक की माता मसोमात हेवंती ने ओ पी पेलावल में लिखित आवेदन देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया कि बूधवार के शाम को पुत्र पंकज कुमार ठाकुर अपने दोस्त बिट्टू उर्फ मंजर आलम पिता मिन्हाज अंसारी के साथ घूमने गया था।शाम तक वापस घर नहीं लौटा तो हम सभी खोजबीन करने लगे। इसी बीच पंकज के दोस्त मंजर आलम पिता मिन्हाज अंसारी ने हम सब को छड़वा डैम के किनारे बने एक छोटा एस्बेस्टस शीट के कमरे की ओर जाने की बात कही। जब वहां पहुंचे तो देखा की पुत्र पंकज कुमार ठाकुर फंदे से झूल रहा है, जिसका पैर जमीन से टिका है। शव को देखने साफ लगा कि पुत्र की हत्या कर पुलिस को दिग्भ्रमित करने के लिए आत्म हत्या का रूप दिया गया है। शव को देखते ही परिजनो ने पुलिस को घटनास्थल पर आने से पहले ही शव को जमीन पर रख दिया गया। इधर पुलिस ने बताया कि मामला संदेहास्पद है। प्रथम द्रष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम के बाद मामले की तहकीक की जाएगी। परिवार वाले प्रशासन से दोषी को कठोर सजा देने की मांग भी की।

### बरही के दो चौराहों पर तैनात होगी ट्रैफिक पुलिस

**बरही।** बरही चौक और बिलौतिया मोड़ पर ट्रैफिक समस्या से परेशान जनता को राहत दिलाने के लिए विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से मुलाकात की। विधायक ने इन क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम की स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए समस्या बन रहा है, बल्कि यहां से गुजरने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने एसपी से इन दोनों चौराहों पर नियमित ट्रैफिक पुलिस की तैनाती का अनुरोध किया। बैठक में हजारीबाग जिले के ट्रैफिक इंचार्ज मनोज कुमार सिंह और बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल भी शामिल रहे। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए संभावित उपायों पर चर्चा की। विधायक के इस कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की है और इसे ट्रैफिक समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### उमाशंकर अकेला फिर कांग्रेस में हुये शामिल

**बरही।** बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने झारखंड कांग्रेस में शामिल होकर अपनी राजनीतिक यात्रा का नया अध्याय शुरू किया। पार्टी में शामिल होने के दौरान झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनका स्वागत किया।इस अवसर पर उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस के सिद्धांतों और नीतियों की सराहना करते हुए कहा, ₹कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर मैं क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का संकल्प लेता हूं।₹ कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं ने विश्वास जताया कि उमाशंकर अकेला के जुड़ने से कांग्रेस झारखंड में और मजबूत होगी।

### आईलेक्स पब्लिक स्कूल में मनी बोस की जयंती

बरही। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती गुरुवार को आईलेक्स पब्लिक स्कूल के विभिन्न शाखाओं में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पंचमाधव, करियातपुर, गोरियाकरमा, बड़कागांव, बरकठा, पाण्डेयबारा और गाड़िकला (गिरिडीह) स्थित स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने वीडियो कॉल के माध्यम से सभी शाखाओं के विद्यार्थियों को संबोधित किया और नेताजी के योगदान पर प्रकाश डाला। निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। उनका नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, आज भी युवाओं में जोश भरने वाला है। आजाद हिंद फौज का गठन और विदेशी शक्तियों से सहयोग जुटाना, उनके अतुलनीय योगदान का प्रमाण है। उन्होंने छात्रों से नेताजी के विचारों और समर्पण को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह नेताजी ने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उसी तरह विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पण दिखाना चाहिए। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनकी शिक्षाओं को अपनाने की शपथ ली।

### विधायक ने पंकज ठाकुर के निधन पर जताया शोक

हजारीबाग। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गदोखर निवासी पंकज ठाकुर की मौत की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे। स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है, जिसके बाद विधायक ने इस मामले में त्वरित जांच और कार्रवाई की मांग की है। दुखद घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने मृतक के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने पोस्टमार्टम को शीघ्र करने और शव को मृतक के घर भेजवाने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इस मामले में हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है, तो इसकी निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए। मामले की पूरी पारदर्शिता के साथ जांच हो और दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिले। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने प्रशासन से अनुरोध किया कि इस मामले की जांच को प्राथमिकता दी जाए और तुरंत कार्रवाई शुरू की जाए ताकि मामले की असलियत सामने आ सके। उन्होंने कहा, ऐसी घटनाओं से समाज में भय का माहौल बनता है और लोगों में अविश्वास पैदा होता है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस घटना में जो भी दोषी हैं, उन्हें सजा मिले।

## आदर्श प्लस-टू उवि मधवाटांड़ में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई




**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जननायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई गई। वहीं विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बच्चे एवं विद्यालय के शिक्षकों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत माता की गुलामी से आजादी के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया, आज हर भारत वासी फख्र से जय हिंद कहता है, इस हिंद के लिए सुभाष चंद्र बोस ने अपने जीवन को आजादी की संघर्ष के लिए झोंक दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। कार्यक्रम को उप प्राचार्य रवींद्र कुमार रवि, विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार और विद्यालय के प्रशासक दीपक कुमार ने भी संबोधित किया। मौके पर महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, फुलंगी चन्द्र यादव, सनोज कुमार, सीताराम यादव, शमशेर आलम, बिट्टू कुमार, सुनील कुमार यादव, पंकज कुमार साव, पप्पु कुमार समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज में मनी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

# सुभाष चंद्र बोस भारत की आजादी में एक महत्वपूर्ण कड़ी थे : सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सुभाष चंद्र बोस जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सुभाष चंद्र बोस की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय के सचिव हिमांशु कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत की आजादी में एक महत्वपूर्ण कड़ी थे, जिन्होंने हर एक भारतीय को अपना परिवार समझा और भारत को,




अपने परिवार को सुरक्षित करने के लिए, उनकी स्वतन्त्रता के लिए एक आजाद हिन्द फौज की स्थापना की और भारत को आजाद करने में सफल भी हुए।

वहीं प्राचार्य ने कहा कि भारत में आजादी बहुत ही आवश्यक थी और यह महात्मा गांधी की सोच से नहीं होने वाला था। ऐसे में हमारे भारत के महान युवाओं के प्रेरणास्रोत सुभाष चंद्र बोस की सोच और भरपूर समर्पण देश के प्रति युवाओं को एकजुट कर दिया और फिर भारत में अंग्रेजों के खिलाफ एक ऐसी ताकत उभरकर आयी कि अंग्रेजों को भारत छोड़ना ही पड़ा।

मौके पर प्रो.हरीश कुमार नीरज, विनोद कुमार अवस्थी, मनोज विश्वकर्मा, सूरजदेव कुमार, सिकंदर ठाकुर, सुधांशु कुमार शेखर, विनय कुमार, हरीश कुमार नीरज, समेत सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

## एक नजर में

### सांसद के सौजन्य से भद्रकाली मंदिर परिसर में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**इटखोरी।** ठंड के प्रकोप को देखते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह के सौजन्य से शुक्रवार को भद्रकाली मंदिर परिसर में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। सांसद के प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह और उनके पुत्र नितेश कुमार सिंह ने मंदिर परिसर में कार्यरत कर्मियों और गरीब लोगों को कंबल प्रदान किए। इस अवसर पर भाजपा नेता रतन शर्मा, दहिन सिंह, सतीश सिंह, सुधीर राय, टुन्नी सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह जरूरतमंदों के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता है।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल पितीज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**इटखोरी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल पितीज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उन्नीकृष्णन और शिक्षकों ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी के विचार और उनके नारे, विशेषकर 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा', ने युवाओं में जोश और ऊर्जा भरने का काम किया। नेताजी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया, जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का महत्वपूर्ण हिस्सा बना। शिक्षक वेद प्रकाश पांडे ने भी नेताजी की देशभक्ति और उनके संघर्ष पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन हमें देशसेवा और कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। प्रधानाचार्य ने बताया कि भारत सरकार ने नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह दिन देशभक्ति और नेताजी के बलिदान को याद करने का अवसर है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### भद्रकाली महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में भूगोल विभाग के तत्वावधान में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच इंडियन जियोग्राफी विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. महेंद्र ठाकुर ने की। क्विज प्रतियोगिता में छात्रों को दो ग्रुपों में बांटा गया। ग्रुप ए को विजेता और ग्रुप बी को उपविजेता का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप कुमार ने किया। इस मौके पर प्रो. श्याम सुन्दर प्रसाद, डॉ. मंसूर आलम फखरी, प्रो. बालेश्वर पासवान, प्रो. मोइनुद्दीन अंसारी, और पुस्तकालय प्रभारी शिव कुमार सिंह भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### सड़क मरम्मत में बरती गई है घोर अनियमितता, दुर्घटनाओं का जिम्मेदार कौन?



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय से ब्रह्मपुर जाने वाली कालीकरण सड़क की मरम्मत में घोर अनियमितता बरती गई है, जिसका मुख्य कारण बताया जा रहा है कि अधिकारियों का संवेदक के साथ साठ-गांठ है। अगर समय रहते इसकी सही जांच-पड़ताल की जाती, तो सड़क की मरम्मत बेहतर तरीके से की जा सकती थी। कुछ ही दिन पहले गिद्धौर-बरहमपुर कालीकरण सड़क की मरम्मत की गई थी, लेकिन अब सड़क के कई हिस्सों में दरारें आ गई हैं। खासकर कोलोनिया से रुपिन के बीच का हिस्सा पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इस कारण कई मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ी है। इस मामले में सवाल उठता है कि संवेदक द्वारा ऐसी अनियमितताएं क्यों बरती जा रही हैं और इसके लिए जिम्मेदार कौन है? सड़क मरम्मत में भारी अनियमितता के कारण दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान भी जा सकती है। आलोचनाओं का सामना कर रहे अधिकारियों से लेकर संवेदक तक सभी मौन हैं, जबकि आम जनता को इस लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। करोड़ों की लागत से हुई इस मरम्मत कार्य के बावजूद सड़क की खराब स्थिति पर किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। अब सवाल यह उठता है कि इस घोर अनियमितता का जिम्मेदार कौन होगा?

# राज इंटरनेशनल स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनी

- नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे : प्राचार्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राहुल घोष ने नेताजी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर किया। वहीं सरीमुद्दीन खुसदिल ने सुभाष चन्द्र बोस के जीवन तथा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के बारे में बताया। वहीं प्राचार्य राहुल घोष ने कहा कि अगर आपको किसी को रोल मॉडल मानते हैं तो आप नेताजी सुभाष चंद्र बॉस को अपना रोल मॉडल बनाएं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इनकी जयंती हर साल 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई जाती है। आजाद हिंद फौज की स्थापना की तथा देश की स्वतंत्रता में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा। वहीं अध्यक्ष रामलखन सिंह ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं, जो अपनी वकालत और समाजवादी नीतियों के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' और 'जय हिंद' जैसे नारे दिए। वहीं निदेशक संपा सिंह ने कहा कि एक व्यक्ति एक विचार के लिए मर सकता है, लेकिन वह विचार, उसकी मृत्यु के बाद एक हजार जन्मों में अवतरित होगा। अगर जीवन में संघर्ष न रहे, किसी भी भय का सामना न करना पड़े, तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है। वहीं एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किये गये। मौके पर एके लाल, अनिता सिंह, आदित्य राज उपाध्याय, उजाला सिंह, पूजा शेखर, शरद अग्रवाल, काजल, इंदु, ज्योतिष्ना, ज्योति, दीन प्रिया, श्रेया, कुशल, आशीष, भुजेल, रिजवान, मो. इकबाल, आयशा नोमानी, अंशिका अनुराग, अंजर हुसैन, अमन राज आदि मौजूद थे।

## प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**कोडरमा।** प्रखंड परिसर स्थित मैदान में बुधवार को प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रमुख सुषमा देवी व बीडीओ हलधर कुमार सेठी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.आरपी शर्मा की देखरेख में सुबह 10 बजे देर शाम तक 1110 मरीजों का इलाज किया गया। वहीं प्रमुख सुषमा देवी ने कहा कि स्वास्थ्य मेले से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी, यह पहल सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लाने का एक प्रयास है। वहीं बीडीओ हलधर कुमार सेठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं और यह मेला उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। स्वास्थ्य मेले में 30 महिलाओं की जांच, 115 बच्चों का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य मेले में नौ डॉक्टरों की टीम ने सेवा दी, जिनमें डॉ.आरपी शर्मा, डॉ.सत्येंद्र कुमार सिन्हा, डॉ. गुंजन कुमारी, डॉ.मयूरी सिन्हा, डॉ.प्रह्लाद कुमार, डॉ.मुन्ना प्रसाद, डॉ.मनोज कुमार, डॉ.सोमेश और डॉ.मृत्युंजय पांडेय शामिल थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान मेला का उद्घाटन दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, दक्षिणी पंचायत के पूर्व मुखिया अनुराधा सीता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रदीप बैठा, डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. नीरज कुमार जैन, डॉ. चंदन कुमार सिंह, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. श्रीकांत कुमार, डॉ. दिनेश कुमार प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान स्वास्थ्य मेला में दंत जांच, आयुष्मान भारत, डिजिटल हेल्थ कार्ड, मातृत्व स्वास्थ्य, किशोरी स्वास्थ, शिशु टीकाकरण, मलेरिया, कुष्ठ, दिव्यांगता आदि जांच के लिए दर्जनों स्टॉल लगाये गये थे। मेले में महिला, पुरुष व बच्चे की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा भी दी गयी। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि इस तरह के मेले के आयोजन से समुचित स्वास्थ्य लाभ उठाना है। स्वस्थ्य जीवन मनुष्य का अभिन्न अंग है।

मौके पर बीडीएम, बीपीएम धर्मेंद्र राम, बैम सतीश कुमार बर्णवाल, बीटीटी गंगाधर दास, बालमुकुंद राम, संगीता देवी, सरिता देवी, कुमारी संजू सोनी, सुनीता देवी, सियाराम, रोहतास, रेशमा समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

## डीईओ ने आवासीय विद्यालय में जयंती पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को किया नमन



**कोडरमा।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर डीईओ अविनाश राम नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। जहां नेताजी सुभाषचंद्र बोस की फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वहीं विद्यालय में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापिका, शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यालय में नामांकित सभी बच्चे मौजूद थे।

## नेहरू युवा केंद्र के छात्र-छात्राओं ने आर्ट्स क्लासेज में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी



**कोडरमा।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा आर्ट्स क्लासेज छोटा ऑफिस पानी टंकी झुमरीतिलैया में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्ट क्लासेस के डायरेक्टर मुकेश कुमार साव, सनी क्लासेस के डायरेक्टर सनी कुमार एवं दीपू कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रचना कुमारी ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर सभी छात्र और छात्राएं मौजूद थे।

## द-आई स्कूल कोडरमा में मनी सुभाष चंद्र बोस जयंती



**कोडरमा।** सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आई स्कूल में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन कर सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक मधु कुमारी, एडमिन श्रुति राय सहित अन्य शिक्षकों ने नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। वहीं विद्यालय निदेशक मधु कुमारी ने कहा कि नेताजी ने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी, जिसे कभी देश भुला नहीं सकता। उन्होंने उनकी जीवनी से बच्चों को सीख लेने की बात बताई। उन्होंने कहा कि नेताजी देश के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। वहीं बच्चों ने नेताजी के दिए प्रसिद्ध नारे 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा 'का जय घोष किया। मौके पर श्रुति राय, ज्योति, कशिश, विकास, मनवा देवी, तक्ष गंझू, सूर्यांश कुमार, रिषित राज, दुर्गेश गंझू, मिहिर कुमार, अक्षित कश्यप, परी वर्मा, अंशिका, रेयांश कुमार, प्रिशा विश्वकर्मा, अभिनव, रूद्र प्रताप, तनिष्क, युवान, अदिति सिन्हा समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## फुलवरिया में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**कोडरमा।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक फुलवरिया गांव में कोडरमा मेडिकल हॉल द्वारा स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में मुख्य रूप से डॉ.अनिसूल हक द्वारा गांव के महिलाएं, बुजुर्गों और बच्चों को मुफ्त इलाज किया गया, साथ ही खून की जांच, बीपी, शुगर व दवाएं भी मुफ्त दी गयीं। मौके पर विनय सिंह, जयप्रकाश राम, कुंतल बनर्जी, मुन्ना सिंह, सहिया सबिता देवी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# जीएस पब्लिक स्कूल में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनी

- सफलता हमेशा असफलता के स्तम्भ पर खड़ी होती है : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विद्यालय परिवार ने पराक्रम दिवस मनाया, साथ ही बच्चों ने नेताजी के वेशभूषा में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति व श्लोगन प्रस्तुत किये। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उपनिदेशक नीरज कुमार, प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। वहीं अध्यक्ष ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं, जो अपनी वकालत और समाजवादी नीतियों के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' और 'जय हिंद' जैसे नारे दिए।




वहीं निदेशक नितेश कुमार ने कहा एक व्यक्ति एक विचार के लिए मर सकता है, लेकिन वह विचार, उसकी मृत्यु के बाद एक हजार जन्मों में अवतरित होगा। अगर जीवन में संघर्ष न रहे, किसी भी भय का सामना न करना पड़े, तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है। भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और महान क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की जन्मदिन को पूरा देश एक उत्सव की तरह मना रहा है। मौके पर सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## मंजुला शर्मा एकेडमी में नेताजी की जयंती पर प्रतियोगिता आयोजित



**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन किया गया। वहीं प्रतियोगिता का शुभारंभ नेता जी सुभाष चंद्र बोस की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वहीं बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं निदेशक रजनीश शर्मा ने कहा कि हमें नेताजी से नेतृत्व के गुण को सीखने की आवश्यकता है। नेताजी ने युवाओं को देश का ट्रस्टी कहा था, इसलिए युवाओं को देशहित में परिश्रम करना चाहिए। नेताजी से हमें यह सीख मिलती है कि अगर दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कोई भी शारीरिक या मानसिक बाधा आपको लक्ष्य प्राप्त करने से नहीं रोक सकती। मौके पर रामप्रवेश पांडेय, शिव कुमार, प्रीति चौधरी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे मौजूद थे।

### कृषि महाविद्यालय गढ़वा के प्रशिक्षुओं ने गिद्धौर के किसानों की खेती का किया सर्वे



गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत गांव में गुरुवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के तहत गढ़वा कृषि महाविद्यालय से आए परीक्षार्थियों ने अग्रिम पंक्ति प्रशिक्षण के तहत एक सर्वे किया। इस सर्वे का उद्देश्य किसानों द्वारा की जा रही फसल उगाई की प्रक्रिया और उनकी लागत-लाभ की जानकारी प्राप्त करना था। सर्वे के दौरान किसानों से जानकारी ली गई कि उन्होंने रवि फसल के तहत गेहूं, प्याज, सरसों, चना, आलू जैसी फसलें उगाई हैं। सर्वे में यह भी पूछा गया कि इन फसलों को लगाने से लेकर उपजने तक का कितना खर्च आता है और कितनी आय होती है। सर्वे कार्य का नेतृत्व कार्यक्रम प्रबंधक उपेंद्र कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि गांव-गांव में घूमते हुए प्रत्येक घर से जानकारी ली गई और हर किसान का नाम और फसल का विवरण रिकॉर्ड किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रबंधक सिकेंद्र कुमार सिंह, प्रशिक्षक प्रबंधक सिकेंद्र कुमार दुबे, कृषक मित्र प्रसादी पासवान, रोहित कुमार दांगी, वसुंधरा कुमारी, रमा कुमारी, लवली कुमारी और दर्जनों परीक्षार्थी उपस्थित थे।

# दसवें वर्ष में प्रवेश करेगा राजकीय इटखोरी महोत्सव

## चतरा जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारियां



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध मां भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 इस वर्ष अपने दसवें संस्करण में प्रवेश करेगा। यह महोत्सव झारखंड की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर साल 19, 20 और 21 फरवरी को भव्य रूप से आयोजित किया जाता है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस वर्ष महोत्सव को और भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत-नृत्य और कई अन्य रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मालूम हो कि इटखोरी का ऐतिहासिक महत्व हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म से जुड़ा हुआ है। यहां मां भद्रकाली मंदिर और महात्मा बुद्ध की 1008 छोटी मूर्तियों वाला स्तूप श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। महोत्सव के दौरान हजारों श्रद्धालु और पर्यटक इटखोरी पहुंचते हैं, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार महोत्सव में कई प्रमुख हस्तियां और लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। राज्य सरकार और जिला प्रशासन इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इटखोरी महोत्सव न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देता है बल्कि स्थानीय कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच भी प्रदान करता है।

इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रशासन, स्थानीय लोग और श्रद्धालु पूरी तरह से तैयार हैं। यह महोत्सव न केवल आस्था का संगम होगा, बल्कि झारखंड की संस्कृति और पर्यटन को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

### इटखोरी महोत्सव को लेकर आज होगी बैठक

**इटखोरी।** आगामी तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों को लेकर आज शुक्रवार सुबह 11 बजे भद्रकाली मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता चतरा अनुमंडल पदाधिकारी करेंगे, जिसमें प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य और गणमान्य लोग शामिल होंगे। इटखोरी अंचल अधिकारी सविता सिंह ने सभी आमंत्रित सदस्यों से समय पर पहुंचकर बैठक में भाग लेने की अपील की है। इस बैठक में महोत्सव की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। गौरतलब है कि राजकीय इटखोरी महोत्सव क्षेत्र का एक प्रमुख सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन है, जिसमें हर वर्ष हजारों श्रद्धालु और पर्यटक शामिल होते हैं। प्रशासन इसे सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी में जुटा हुआ है।

### बीआर इंटरनेशनल स्कूल में सुभाष चंद्र बोस जयंती मनी



**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर नेताजी के जीवन और उनके योगदान को याद किया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिसने पूरे माहौल को देशभक्ति से भर दिया। वहीं विद्यालय के शिक्षक केदार साव ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा, सुभाष चंद्र बोस ने अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता और अटूट देशभक्ति के जरिए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं विनोद सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए नेताजी की 'आजाद हिंद फौज' के गठन और उनके आदर्शों के महत्व को समझाया। वहीं निदेशक ओम प्रकाश राय ने नेताजी के बलिदान और उनकी दूरदर्शिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन हमें यह सिखाता है कि यदि हमारे इरादे मजबूत हैं, तो हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं प्रशासक सुनील कुमार ने छात्रों को नेताजी के विचारों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने नेताजी के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। मौके पर लक्ष्मी कुमारी, इंद्रमणि कुमारी, संध्या कुमारी, शाइस्ता प्रवीण, फूल कुमारी, आरती कुमारी, विजय प्रकाश, राजेंद्र कुमार, अमित सिंह एवं सभी शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### घाघरा प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में मनाया गया नेताजी की जयंती



घाघरा। घाघरा प्रखंड के कई शिक्षण संस्थानों में सुभाष चंद्र बोस की जयंती गुरुवार को मनाई गई। जिसमें विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल घाघरा, चिल्ड्रन एकेडमी प्लस टू स्कूल रन्हे व स्वरूप सरस्वती शिशु सह विद्या मंदिर सहित कई विद्यालयों में जयंती मनाई गई। इस दौरान सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर दीपार्जन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के निदेशक भवानी प्रसाद राय, विजय साहू व देवव्रत सिंह ने कहा सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था। वे भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। उन्होंने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर देश के युवाओं में जोश भर दिया था। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए सैन्य संघर्ष का नेतृत्व किया। इस मौके पर अजीत लकड़ा, प्रेमचंद कुमार, मनोज साहू, मीना देवी, तरुण वर्मा, लीलावती उरांव, महेंद्र एक्का, दीपिका कुमारी, रिंकी कुमारी व जलेश्वर उरांव व कई लोग मौजूद थे।

### नीलांबर पीतांबर का इतिहास ने हमें मूल जाति एसटी का अधिकार वापस दिलाया है : मंगल



रायडीह। रायडीह प्रखंड के कोजांग में गुरुवार को खरवार भोगता समाज का सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता खरवार भोगता समाज विकास संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता शामिल हुए। मौके पर मंगल सिंह ने कहा कि खरवार भोगता समाज शाही नीलांबर पीतांबर के वंशज है। देश व समाज के प्रति उनका समर्पण हमारे लिए प्रेरणा और उनकी साहस वीरता व बलिदान हमारी पहचान है। नीलांबर पीतांबर का इतिहास ने हमें अपने मूल जाति एसटी का अधिकार वापस दिलाया है। बच्चों को शिक्षित और संगठित करना है। राजनीति अधिकार हासिल करना है। शाही नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। केंद्रीय महासचिव जगरनाथ प्रधान ने भोगता समाज को एसटी में वापस लाने के लिए किए गए सांगठनिक संघर्ष से समाज के लोगों को अवगत कराया। संरक्षक विश्वनाथ प्रधान ने खरवार समाज के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि रोहतास गढ़ में धवल प्रताप के पांच पीढ़ी ने शासन किया था और वह खरवार भोगता से आते थे। जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान, बलराम प्रधान, सचिव भरत प्रधान, हीरा प्रधान आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित होने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में कोजांग, हराटीली और बीजटांड़ के ग्रामीण शामिल थे। विनोद प्रधान कार्यक्रम का संचालन व डबलू प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### नेताजी ने आजदी की लड़ाई में अपना जीवन कुर्बान किया : महेंद्र भगत



गुमला। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती विकास भारती विशुनपुर के द्वारा मनाया गया। गुरुवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने श्रद्धांजलि दी। वहीं नेताजी की जयंती पर कई कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर विकास भारती के आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेंद्र भगत ने कहा कि नेताजी हमारे स्वतंत्रता संग्राम के सबसे अग्रणी नेता थे। जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वोच्च निछावर कर दिया। नेता जी के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दिया गया नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा पूरे भारत में काफी प्रसिद्ध हुआ और इस नारे के साथ हजारों देशवासी इस आंदोलन में उनके साथ जुड़े। उन्होंने कहा कि हमें नेताजी के आदर्शों पर चलना चाहिए और हमेशा देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर रामकुमार चौधरी, सशस्त्र सीमा बल के सब इंस्पेक्टर विजय सिंह, विकास भारती के शिक्षा प्रमुख कुमकुम मैत्रा, अमित और आश्रम विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

### 38वें राष्ट्रीय खेल के लिए स्पोर्टस एकेडमी के दो खिलाड़ियों का चयन



गुमला। 38 वें राष्ट्रीय खेल की मेजबानी के लिए इस बार उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेल ध्वज मिला है। जो 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में आयोजित होगी। ज्ञात हो कि इस राष्ट्रीय गेम्स पर सिर्फ वही खिलाड़ी भाग ले सकते है जो सीनियर नेशनल में टॉप 7 में रहे हो। जिसमें हैंडबॉल और बीच हैंडबॉल टीम शामिल है। झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन के सह सचिव और स्पोर्ट्स अकादमी गुमला के संचालक सैयद जुनू रैन को झारखंड बीच हैंडबॉल के टीम प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया है। जुनू रैन को 27 जनवरी से 1 फरवरी तक ऋषिकेश के टीबीडी में आयोजित बीच हैंडबॉल में झारखंड राज्य की टीम प्रबंधक के रूप में नेतृत्व करते नजर आएंगे। यह गुमला जिला के लिए है गर्व की बात है कि 38 वीं राष्ट्रीय खेल जैसे बड़े खेल में जुनू रैन का चयन टीम प्रबंधक के रूप में हुआ है। जुनू रैन गुरुवार को गुमला से उत्तराखंड के लिए रवाना हुई। वहीं स्पोर्ट्स अकादमी के दो खिलाड़ी दीपक कुमार और विक्रम राज ठाकुर का चयन 38 वीं राष्ट्रीय खेल के लिए हुआ है। स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष हफीजुर रहमान ने इस बड़ी उपलब्धि खिलाड़ी व सैयद जुनू रैन को शुभकामना दी।

### मोतियाबिंद शिविर 26 को

गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें आंखों की सभी तरह का बीमारियां एवं ऑपरेशन बिल्कुल मुफ्त किया जाएगा। यह ऑपरेशन रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ नवल व टीम के द्वारा किया जाएगा। जिन लोगों को आंखों का इलाज व ऑपरेशन करना हो तो अपना रजिस्ट्रेशन लायंस क्लब के सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल के प्रतिष्ठान में करा सकते हैं। लायंस क्लब ऑफ भवन गुमला में गणतंत्र दिवस के झंडोतोलन प्रातः 8:10 बजे किया जाएगा।

# गुमला : जयंती पर लायंस क्लब के सदस्यों ने दी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि

खबर मंत्र संवाददाता



नेताजी को श्रद्धांजलि देते लायंस क्लब के सदस्य।

गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा गुरुवार को स्थानीय पटेल चौक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सचिव अशोक कुमार जायसवाल ने कहा सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हम उन्हें याद करते हैं और उनके योगदान को सलाम करते हैं। वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में हुआ था। वह एक बंगाली कायस्थ परिवार से ताल्लुक रखते थे। सुभाष चंद्र बोस ने अपनी शिक्षा कोलकाता और कैंब्रिज विश्वविद्यालय में प्राप्त की। वह एक उत्कृष्ट छात्र थे और उन्होंने आईसीएस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। हालांकि उन्होंने आईसीएस की नौकरी छोड़ दी और भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने लगे। सुभाष चंद्र बोस ने ही आजाद हिंद फौज का गठन किया और जापान के सहयोग से अंग्रेजी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वह एक महान नेता और सैन्य रणनीतिकार थे। जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, पीआरओ योगेंद्र प्रसाद साहू, पूर्व सदस्य कुलदीप सिंह, ला. अरुण कुमार केसरी, विशाल कुमार बिट्ठू, सत्येंद्र गुप्ता, समाज सेवी बद्री कुमार गुलशन एवं नंदलाल विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# लोहरदगा अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मंच जल्द करेगा हल्ला बोल कार्यक्रम : शकील

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के बैनर तले लोहरदगा अंचल अधिकारी के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम बहुत जल्द किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंच के जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार लोहरदगा अंचल में हो रहा है। प्रति डिस्मिल जमीन के म्यूटेशन से लेकर विभिन्न कार्यों में पैसा वसूली करने के लिए दलालों की लाइन लगी हुई है और वसूली कर यहां के कर्मचारी पदाधिकारी अंचल अधिकारी सब सम्मिलित हैं। इस भ्रष्टाचार का उजागर करने के लिए भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच हल्ला बोल कार्यक्रम करेगा। आए दिन लोहरदगा अंचलाधिकारी के खिलाफ लोग चर्चा का विषय बना हुआ रहता है। समाचार पत्रों में भी इनका भ्रष्टाचार सोशल मीडिया में भी इनका भ्रष्टाचार देखने-पढ़ने को आए दिन मिलते रहता है। जिससे भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के पदाधिकारी गन सक्रिय रूप से अंचल के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम करने जा रहे हैं। लोहरदगा अंचल के अंचल अधिकारी से बात करने पर झूठा केस में मुकदमा कर फंसा देने का धमकी दिया जाता रहता है। आरटीआई पर आवेदन करने पर भी। इनका रवैया व्यवहार सही नहीं है। आम जनता के साथ भी दुर्व्यवहार करते रहते हैं एवं रौब दिखाकर गरीब दबे कुचले लोगों को मिलने नहीं दिया जाता है। गरीबों का काम नहीं किया जाता है। इसलिए प्रशासन, सरकार, एंटी करप्शन ब्यूरो, ईडी से निवेदन मंच करती है कि वर्तमान अंचल अधिकारी की संपत्ति की जांच कराई जाए ताकि एक झारखंड में मिसाल बन सकें की भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार कमर कस चुकी है।

# स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर सरकार ग्रामीणों को मुहैया करा रही है सुविधा : जिग्गा सुसारन होरो

## सिसई रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



सिसई। रेफरल अस्पताल सिसई परिसर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गुरूवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन विधायक जिग्गा सुसारन होरो व जनप्रतिनिधियो के द्वारा किया गया। विधायक होरो ने कहा कि स्वास्थ मेला का लाभ ग्रामीण उठाये। गांव में रहने वाले ग्रामीणों के लिए स्वास्थ उपचार के लिए सरकार की ओर सारी सुविधाएं अस्पताल मे दी जाती है। लेकिन विभाग की लापरवाही सुनते रहते है कि आज डॉकटर नहीं है, तो दवा नहीं या फिर एम्बुलेंस नहीं है। लोगों को बेहतर उपचार नहीं मिल रहा है। अस्पताल कर्मी मरीजों से व्यवहार ठीक से नहीं करते हैं। लेकिन विभाग को चेता रहे हैं कि आज के बाद ऐसी शिकायत नहीं मिलना चाहिए। गांव देहात में कितना दवा वितरण हुआ। समय-समय पर स्वास्थ कैंम्प लगाया जा रहा है कि नहीं हम हर महीना जानकारी लेंगे। अगर लापरवाही हुआ तो हम बकसेंगे नहीं। सभी सहिया भी अपने क्षेत्र मे बेहतर कार्य करे। विधायक ने ग्रामीणो को कहा दवा और इलाज की व्यवस्था सरकार विभाग को देती है। किसी को दूर दराज जाकर इलाज कराने अवश्यकता नहीं सभी लोग लाभ उठायें। रेफरल असपताल प्रभारी डॉ ललिता मिंज ने मेला में उपस्थित ग्रामीणो को जानकारी दिया कि इलाज की पूर्ण व्यवस्था है और सभी बीमारी का दवा भी मौजूद है। मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, अब्दुल अरसद, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, जिप अध्यक्ष विजय लक्ष्मी कुमारी, रजा अंसारी, बबलू, जाकीर अंसारी, सलमान अली जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिमरला माइंस एवं ट्रकों का परिचालन सुचारू रूप से चलता रहेगा : धीरज साहू

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। गुमला जिले के घाघरा प्रखंड के आदर गांव में पूर्व राज्यसभा सांसद सह इंटक यूनियन के महासचिव सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू पहुंचे एवं आदर गांव में ग्रामीणो एवं विमरला बॉक्साइट माइंस के रैयतो माइनर, ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं आम लोगों से मुलाकात की एवं बैठक की। बैठक में विमरला के ग्रामीणों और रैयतों ने कहा कि कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए माइंस को एवं ट्रकों को बंद करा कर अपनी स्वार्थ पूर्ति करना चाहते हैं, लेकिन हम सभी ग्रामीण और रैयत, माइनर चाहते हैं कि किसी भी कीमत पर माइंस एवं ट्रकों का परिचालन बंद ना हो। ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी धीरज प्रसाद साहू को बताया कि हम सभी एकजुट है। संबोधित करने वालों में विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, धर्मेंद्र कुमार, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, इंटक के सोहराब अंसारी, खलील अंसारी सामाजिक कार्यकर्ता हाजी अफसर कुरैशी, विमरला इंटक के अध्यक्ष विनय कुमार भूईयां, हरिशचंद भूईयां, अर्जुन सिंह, सुरेश राम, गुरूदरी इंटक के अध्यक्ष बरनावास ठिठियो, सचिव निनूस कुजूर उपाध्यक्ष अरुण सिंह प्रेम दत्ता, रहमान अंसारी अभय सिंह ने भी अपने विचार रखें। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हम गरीब मजदूर, ग्रामीण, ट्रक चालकों, मालिकों के साथ है और बिमरला गांव को हमने गोद भी लिया हुआ है। आदर और विमरला से हमारा पुराना रिश्ता है और मैं वैसे लोगों को चेतावनी देता हूं जो चंद लोग अपने स्वार्थ के लिए गरीबों को परेशान कर रहे हैं। वैसे लोग को सख्त हिदायत है कि अगर जबरदस्ती माइंस या ट्रको को रोका गया तो हम लोग भी सीधा जवाब देंगे। मैं शीघ्र ही विमरला माइंस का भी दौरा करूंगा और निरीक्षण करूंगा। किन्ही ग्रामीण को को परेशानी है, दिक्कत होने पर हम हमेशा संपर्क में रहते हैं और हम हमेशा विमरला, आदर या सभी जगह के लोगों के लिए काम करते है। बिमरला माइंस व ट्रकों का परिचालन सुचारू रूप से चलता रहेगा।

### घाघरा: दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के टोटाम्बी चौक के समीप दो बाइक की सीधी भिड़ंत में एक की मौत व दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान लोहरदगा जिला के हेसवे दादीटोली निवासी रतन महतो के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार मृतक रतन महतो व रितेश महतो बाइक में सवार होकर गुमला से अपना घर हेसवे जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक बाइक में दो लड़का व दो लड़की सवार होकर गुमला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। घटना के बाद रतन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं रितेश व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। दोनों घायलों को गुमला सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। यहां बता दें कि जिस बाइक में चार लोग सवार होकर जा रहे थे। उस बाइक का एक युवक गंभीर रूप से घायल है। उक्त युवक के साथ में सवार एक अन्य लड़का व दो लड़की अपने साथी को घायल अवस्था में छोड़कर लेकर फरार हो गए।

# गणतंत्र दिवस पर चेंबर कार्यालय में होगा झंडोतोलन

## सहवरण से गुमला चेंबर के छः नये सदस्यों का चयन

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स की सत्र 2025 की पहली मासिक बैठक बस स्टैंड रोड स्थित चेम्बर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश सिंह ने की। पहली बैठक में मुख्य रूप से सभी का अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात सहवरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई। सहवरण के लिए 06 लोगों को नामित किया गया जिसमें सर्वसम्मति से मुन्नीलाल साहू, मोहम्मद इम्तियाज मिनी, रितेश गुप्ता, ज्योति कुमारी, सोनी भगत व ब्रिज फोगला को चुना गया। इसके बाद गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। चेंबर कार्यालय में प्रातः के 8:40 में झंडोत्तोलन किया जाएगा। चेम्बर अध्यक्ष ने चेंबर के सभी पदाधिकारी सदस्य व आम व्यापारियों को भी कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने की अपील की। बैठक में विशेष रूप से चुनाव पदाधिकारी सह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष पद्म साबू, अमित माहेश्वरी, विनोद केशरी, हिमांशू केशरी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल, कार्यकारणी के गुरमीत सिंह, अमित मंत्री, दिलीप गुप्ता, नीरज गुप्ता, शंकर साहू, संजीव शर्मा, अनिकेत कुमार आदि उपस्थित थे।

### देश को आजाद कराने में नेताजी का अतुलनिय योगदान है : प्रमेंद्र सिंह



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के विशाल सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा नेता जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम प्रमुख प्रमेंद्र सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत माता के सच्चे सपूत की भूमिका को जीवन पर्यंत निभाते रहे। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान से मदद लेकर आजाद हिंद फौज का गठन किया और जीवन पर्यंत अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते रहे। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 में कटक उड़ीसा संभाग बंगाल प्रांत में हुआ था। उनके पिता जानकी नाथ बोस एक जाने-माने अधिवक्ता थे। मां प्रभावती देवी एक अच्छी भारतीय नारी थी। जयंती के अवसर पर उनसे जुड़ी हुई अनेक तथ्यों को रखा गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी उपस्थित थे।

### ट्रक की चपेट में आने से बच्ची की मौत, पिता गंभीर



लोहरदगा। जिले के शहरी क्षेत्र स्थित लूथरन हाई स्कूल के समीप सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार 8 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई वही पिता गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका प्राथमिक इलाज सदर अस्पताल में करा कर रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार चितरी डाडू निवासी दीपक चिक बड़ाइक अपने 8 वर्षीय पुत्री हंसिका चिक बड़ाइक के साथ अपने लूना से सदर अस्पताल बेटी का इलाज कराने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान लूथरन हाई स्कूल के समीप एक बाइक के टक्कर होने से असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े, जिससे मालवाहक ट्रक के चपेट में आने से मौके पर ही 8 वर्षीय बच्ची हंसिका चिक बड़ाइक की दर्दनाक मौत हो गई। वही पिता दीपक चिक बड़ाइक के पैर टूट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशाशन की लापरवाही पर आक्रोश व्यक्त कर ट्रैफिक व्यस्था में सुधार का मांग किया। वही बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अजात शत्रु भी मौके पर पहुंच जिला प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त कर ट्रैफिक व्यस्था में सुधार का मांग किया है। घटना के बाद मौके पर सदर थाना पुलिस की टीम पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया।

# झामुमो की संयोजक मंडली की बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। केंद्रीय समिति के निदेश पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिला कार्यालय में संयोजक मंडली की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यहां पर बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख मोजम्मिल अहमद ने की। इस बीच बैठक में चर्चा की गई कि केंद्रीय समिति के आदेशानुसार लोहरदगा जिला में पार्टी के सदस्यता अभियान एवं पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय कमेटी का पूर्नगठन और बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु रणनीति तैयार की गई। मोजम्मिल अहमद ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता बूथ व पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर एकजुटता दिखाते हुए युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु हर प्रखण्ड में प्रभारी का चयन किया गया। जिसमें पेशरार प्रखंड में राधा तिर्की एवं बालमुकुंद लोहरा, भंडरा व लोहरदगा सदर प्रखंड अनिल उरांव व समीद अंसारी, सेन्हा प्रखंड में सतीम टोप्पो व सरिता भगत को बागडोर सौंपा गया है। किस्को अजय उरांव व अख्तर अंसारी, वहीं कुडू नगर के लिए तिवारी उरांव को प्रभारी बनाया गया। सभी को मोजम्मिल अहमद ने बधाई दी और कहा कि हमारी पार्टी लोहरदगा में काफी मजबूत है।

### नेताजी की प्रतिमा पर एसपी व अन्य पदाधिकारियों ने किया माल्यार्पण



लोहरदगा। नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर शहर के पावरगंज चौक पर अवस्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज, कोषागार पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), समेत जिला के अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

### गांव में आ पहुंचा आठ फीट लंबा अजगर



भंडरा। प्रखंड क्षेत्र के कसपुर गांव में गुरुवार की सुबह विशाल अजगर सांप मिलने पर दहशत फैल गई। अजगर की लंबाई करीब 8 फीट है और वजन 10 किलोग्राम है। ग्रामीणों ने भंडरा निवासी शकील अहमद को इसकी सूचना दी। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं शकील अहमद ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत के बाद विशाल अजगर को पकड़ कर बोरे मे डाल कर अपने घर ले आए जिसके बाद बन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने अजगर को अपने कब्जे मे ले लिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सरायकेला खरसावां ने गिरिडीह को 53 रनों से किया पराजित

## जेएससीए इंटर जिला अंडर 19 क्रिकेट टुर्नामेंट

## सरायकेला खरसावां के उत्कर्ष आनंद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये



मैन ऑफ द मैच को पुरस्कृत करते जेएससीए के अधिकारी।



दोनों टीमों के साथ अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में सरायकेला खरसावां की टीम ने गिरिडीह को 53 रनों से पराजित कर पूरा अंक अर्जित किया।

जिला मुख्यालय स्थित शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए सरायकेला खरसावां की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 333 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से उत्कर्ष आनंद ने 37 गेंद पर नाबाद 70 रनों की पारी खेली। उत्कर्ष ने 8 चौक व 6 छक्के लगाये। हनी चौधरी 57, अमन शाह 50, राहुल अग्रवाल 40, देव चौधरी 33 व इशांत कुमार ने 27 रनों की पारी खेली। गिरिडीह की ओर से महेंद्र मंडल व ऋषिकेश रंजन को दो- दो विकेट लिये।

वहीं रौनक, शोएब व आदित्य को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिरिडीह की टीम ने धमाकेदार शुरूआत की। नैतिक राज ने 9 चौके के सहारे 88 रन व श्लोक ने 56 गेंद पर 71 रनों की बेहतरीन पारी खेली। वहीं सौरव ने 33 रनों का योगदान दिया। एक समय लग रहा था कि गिरिडीह की टीम मैच अपने पक्ष में कर लेगी, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने हाथ नहीं दिखाई। पूरी टीम 44.5 ओवर में 280 रनों पर सिमट गई। सरायकेला खरसावां की ओर से देव चौधरी ने 4 व उत्कर्ष आनंद ने तीन विकेट हासिल किया। अमन शाह को दो विकेट मिला। गेंद और बल्ले के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सरायकेला खरसावां के उत्कर्ष आनंद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। टीआरडीओ राजेश झा,अंपायर रमेश कुमार, प्रशांत कुमार व स्कोर शशि भूषण मिश्रा ने मैन ऑफ द मैच को 5000 कैश अवार्ड व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, सौरभ विश्वकर्मा, आयुष अग्रवाल, आकाश आनंद, विमल कुमार, लाल चंद्रशेखर व अन्य मौजूद थे।

# परचम कुशाई के साथ शुरू हुआ हजरत बाबा दुखन शाह (र.अ.) का 100वां उर्स मुबारक

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। हजरत बाबा दुखन शाह (र. अ.) की 100वां उर्स का आगाज गुरूवार को परचम कुशाई के साथ आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू, कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, नाइब सदर हाजी नईम खान, सैयद आरिफ हुसैन, सहसचिव अनवर, अलताफ कुरैशी, मुजम्मिल अंसारी, सरवर खान, जामा मस्जिद के इमाम शमीम रिजवी, हाफिज सफीक, कारी शाहिद कुरैशी फिदाई, असगर अंसारी, लुकमान अंसारी, अबुल कलाम तैगी, सज्जाद अंसारी, सिराज अंसारी, मोहम्मद कैश, सगीर, खालिद, असगर तैगी आदि समेत अंजुमन के अन्य ओहदेदारों व गणमान्य लोगों द्वारा हजरत बाबा दुखना शाह के मजार पर परचम लहराया गया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि आज परचम कुशाई के साथ हजरत बाबा दुखन शाह (रअ) 100 वां सलाना उर्स मुबारक शुरू हो गया है। साथ ही केरत व नातिया ईनामी मुकाबला दोपहर 2:00 बजे से असर तक होगा। 25 को अहले सुबह 3.00 बजे गुसुल संदल और चादरपोशी सुबह 6:00 बजे अंजुमन इस्लामिया के जानिब से की जाएगी। तत्पश्चात पुलिस प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर व चादरपोशी की जाएगी। सुबह 6:00 बजे से ही कुरआन ख्वानी ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के जानिब से की जाएगी। जबकि बाद नमाज जोहर लंगरखानी होगी। साथ ही बाद नमाज ईशा ईद मिलादुन्नबी और तबर्रूक तकसीम की जाएगी। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी के कव्वाली प्रोग्राम का उद्घाटनकर्ता बेरमो विधायक अनुप सिंह एवं पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की तथा मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत होंगे।

**स्पीड न्यूज**

### परिवार नियोजन पर एएनएम व सहिया को दिया गया आनलाईन प्रशिक्षण



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद लोग।

**चंदवा।** चंदवा सीएचसी सभागर में एएनएम व सहिया को परिवार नियोजन का आनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। बतौर प्रशिक्षक देबाशीष पंडा ने प्रशिक्षण में मौजूद एएनएम और सहिया को परिवार नियोजन से संबंधित सभी दवाओं को लाभार्थियों को वितरण करने के पश्चात एफपीएलएमआईएस पोर्टल पर आनलाइन खर्च करने की जानकारी दी। बताया कि कंडोम, अंतरा, ईजीपी, कापर-टी, छाया, माला एन का प्रयोग कर परिवार नियोजन की सोच को मूर्त रूप प्रदान किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित जानकारियां साझा करते सार्थक सहिभागिता की अपील की गई। मौके पर बीटीटी पुरूषोतम मुंडा, एएनएम नीलम मिंज, सुप्रिया कुमारी, प्रतिमा कुमारी, रीता कुमारी समेत एएनएम और सहिया मौजूद थे।

### कुत्ता काटने से तीन लोग घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड के अलग अलग क्षेत्र में गुरुवार को पागल कुत्ते के काटने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मासीयातु निवासी संजय ठाकुर की तेरह वर्षीय पुत्री आशा कुमारी, बारियातू प्रखंड के अमरवाडीह निवासी वासुदेव गंझू के पचास वर्षीय पुत्र किटेश्वर गंझू व बालूमाथ प्रखंड के हेमपुर निवासी सुभाष गंझू के छब्बीस वर्षीय पुत्र सीटू गंझू को पागल कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार एवं एमपीडब्ल्यू गुलाम कुरैशी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि कुत्ता काटने से जख्मी हुए लोगों का ईलाज चल रहा है, सभी खतरे से बाहर है।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में वर्ग छह के लिए नामांकन प्रकिया प्रारंभ

**बरवाडीह।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरवाडीह में सत्र 2025-26 में वर्ग 06 में नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ है। आवेदन पत्र दिनांक 24 जनवरी से विद्यालय कार्यालय एवं प्रखंड संसाधन केन्द्र बरवाडीह से नि:शुल्क दिनांक 24 फरवरी तक प्राप्त किया जा सकता है। पुर्णत: भरा हुआ आवेदन पत्र दिनांक 24 जनवरी से दिनांक 27 फरवरी तक विद्यालय कार्यालय अथवा प्रखंड संसाधन केन्द्र, बरवाडीह में जमा किया जा सकता है। उक्त जानकारी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन संगीता कुमारी ने देते हुए नामांकन के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अपील की है।

### पुण्यतिथि पर कंबल का वितरण



कंबल वितरण करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ कृष्णापुरी मोहल्ला में गुरुवार को एक शोक सभा आयोजित कर बालूमाथ केजाने माने समाज सेवी एवं समाजवादी नेता स्वर्गीय राम लखन साव के 17 वी पुण्यतिथि पर उनके परिवार के लोगों ने दर्जनों गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। स्वर्गीय राम लखन साव के पुत्र बालूमाथ के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि पिताजी के आत्मा की शांति के लिए गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल व वस्त्र का वितरण किया गया है । और भविष्य में इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन बराबर किया जाएगा। ताकि गरीब व असहाय लोगों का आशीर्वाद परिवार मिल सके। इस मौके पर उनके परिजन गायत्री देवी, बीरेंद्र गुप्ता, सागर कुमार गुप्ता, रिशु कौशल, ज्योति देवी, आशा देवी, जिज्ञासा कुमारी, साक्षी कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### सुभाष चंद्र बोस के 127 वीं जयंती



सरयू। नवनिर्मित सरयू प्रखंड के आवासीय विद्यालय में नेता जी सुभाष चंद्र बोस का 127 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। वही आवासीय विद्यालय के शिक्षक और छात्रों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रखंड के आवासीय विद्यालय में रंग रोगन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विजेता छात्रों को मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर सिंह, वनविरवा विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलाकांत, प्रभात रंजन तिवारी, नर्मदा कुमारी, इंदु कुजूर, अध्यक्ष प्रमिला देवी, अनिल प्रजापति, खादिम रसूल व स्कूल बच्चे समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### झंडोतोलन का समय सारणी निर्धारित

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को गणतंत्र दिवस मे झंडोत्तोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित करने को लेकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे बैठक की गई। जहाँ बैठक का संचालन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने की। बैठक मे उपस्थित सभी राजनीतीक दल प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कई विभाग के कर्मी उपस्थित थे। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। जिसमे सर्वसम्मति से प्रखंड सह अंचल कार्यलय परिसर में बारियातु-08:30, पशुपालन विभाग 08:40, संकुल संगठन कार्यालय 08:45, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा कार्यालय-08:50, मेसर्स प्रिंस भारत गैस, मे 08:55मध्य विद्यालय बारियातु-09:00, झारखण्ड राज्य आवासीय बालिका विद्यालय 09:05, बीआरसी कार्यालय मे 09:10,स्वास्थ उपकेन्द्र 09:15,राजद कार्यालय, बारियातु-09:20, पंचायत सचिवालय 09:25, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय-09:30, समय निर्धारित की गई।

# बरवाडीह अंचल निरीक्षक को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह अंचल में पदस्थापित अंचल निरीक्षक सुरेश राम को एसीबी की टीम ने गुरुवार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बरवाडीह की एक महिला ने सुरेश राम पर जमीन का दाखिल खारिज के लिए एसीबी के समक्ष रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। शिकायत में महिला ने बताया था कि की पैसे नहीं देने के कारण उनका काम नहीं किया जा रहा है। शिकायत के बाद एसीबी पलामू के एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर गठित टीम ने पूरे मामले की अपने स्तर से छानबीन की जब मामला पूरी तरह सत्य पाया गया तो एसीबी की टीम ने आरोपी सुरेश राम को रंगे हाथ गिरफ्तार करने की योजना बनाई। गुरुवार को एसीबी की टीम ने महिला को केमिकल लगे पैसे देकर सुरेश राम के पास भेजा। आरोपी ने जैसे ही पैसे अपने हाथ में लिए वैसे ही एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि आरोपी द्वारा एक महिला को जमीन के काम के बदले लगातार परेशान किया जा रहा था और रिश्वत मांगी जा रही थी। एसीबी की टीम ने उसे गुरुवार को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि रिश्वतखोरों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। जनता को रिश्वत के लिए परेशान करने वाले लोगों के खिलाफ निगरानी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कोई रिश्वत मांगे तो इसकी सूचना निगरानी की टीम को दें। रिश्वत मांगने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



गिरफ्तार अंचल निरीक्षक सुरेश राम।

### गांधी इंटर महाविद्यालय में मनाया गया सड़क सुरक्षा माह



जानकारी देते प्राचार्य ।

**लातेहार।** बुधवार को गांधी इंटर महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्य दशरथ साहू के अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। प्राचार्य श्री साहू ने छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटना से हो रहे जान माल की क्षति के बारे में बतलाया। साथ ही सड़क दुर्घटना के कारण उनसे बचाव के तरीके पर भी विशिष्ट रूप से बतलाया। उन्होंने बतलाया कि मुख्यता दुर्घटना के लिए चार सी जिम्मेवार है यदि हम इन चार सी पर ध्यान दें तो दुर्घटना की संभावना काफी कम हो जाएगी इन चार सी में पहला (कॉन्सट्रेशन) एकाग्रचित होकर गाड़ी चलाना, दूसरा (कर्व) घुमावदार मोड़ पर सावधानी बरतना, तीसरा (केटल) मवेशी या पशु सड़क के आसपास रहने पर सतर्क हो जाना तथा चौथा (चाईल्ड) बच्चा सड़क के अगल-बगल बच्चे खेल रहे हैं तो सावधानीपूर्वक धीमी गति से बाइक चलाना के साथ उन्होंने दो पहिया वाहन चालक विद्यार्थियों को हेलमेट पहनना, गाड़ी का बीमा रखना, सावधानीपूर्वक ओवरटेक करने तथा नियंत्रित गति सीमा में चलने की सलाह दी उन्होंने कहा कि वहान चलन जीवन चालन के समान है बाइक में चलते हुए मोबाइल का प्रयोग नहीं करने तथा अति से गाड़ी नहीं चलने के भी बात कही। मौके पर कई शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, तीन घायल सभी शादी समारोह से लौट रहे थे घर

खबर मन्त्र संवाददाता



क्षतिग्रस्त वाहन।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव के नवीन टोप्पो पिता जोनसन टोप्पो और वाल्टर कुजूर पिता कमिल कुजूर की बुधवार को देर शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वही रेगाई पंचायत के मुखिया कमला किंडो पति अर्जुन केरकेट्टा, जेम्स कुजूर और अशित कुमार घायल हो गए जिसे प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। सभी घायल का डॉक्टर रवि भगत के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ में किया। वही शव को पुलिस सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की जानकारी देते हुई ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नवीन टोप्पो अपने कुछ दोस्त के साथ लातेहार परिवाहन विभाग गये थे।चालान कटाने के बाद सभी महुआडांड़ वापस आये। इस क्रम में महुआडांड़ आदर्श नगर रामपुर में शादी समारोह में भाग लेने गये।जहां देर रात खा-पीकर अपने अपने घर वापस लौट रहे थे। जहां दोनों मृतक ग्राम चैनपुर को घर छोड़ने के दौरान ग्राम रेंगाई टोली के पास जामुन के पेड़ से बोलेरो वाहन की सीधे टक्कर हो गई। जहां घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पहुंचकर वाहन के दरवाजे काट कर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मृतक नवीन टोप्पो की गर्मी में शादी होनी थी। वही दूसरे मृतक वाल्टर कुजूर के तीन बच्चे है। दो लोगों की मौत से पूरे चैनपुर गांव में मातम छाया हुआ है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### चंदवा व लातेहार पुलिस के साथ टोरी आरपीएफ ने तीन किशोरियों को किया रेस्क्यू

खबर मन्त्र संवाददाता

■ लातेहार के आरागुंडी से तीन किशोरी को बहला फुसला कर ले जाया जा रहा था दिल्ली, परिजनों के शिकायत पर की गई कार्रवाई

**चंदवा।** जिला प्रशासन, रेल प्रशासन की सतर्कता के बावजूद भी जिले में भोली भाली नाबालिक बच्चियों को बहला-फुसला कर व बड़े शहरों में एशोआराम का सब्जबाग दिखाकर दलालों द्वारा ह्यूमन ट्रैफकिंग का प्रयास लगातार किया जा रहा है। बुधवार की देर शाम में लातेहार जिले के आरागुंडी पंचायत के तीन नाबालिग किशोरियों को बहला फुसला कर दिल्ली ले जाया जा रहा था, लेकिन टोरी आरपीएफ व चंदवा पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए तीनों बच्चियों को ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार होने से बचा लिया। बता दे कि तीनों बच्चियों के परिजनों ने किसी दलाल के द्वारा बच्चियों को प्रलोभन देकर दिल्ली ले जाने के लिए प्रयास किये जाने की शिकायत की थी। जिसके बाद लातेहार पुलिस की सूचना पर चंदवा पुलिस की टीम व टोरी आरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से करवाई करते हुए टोरी जंक्शन में जांच पड़ताल की, जहां से तीनों बच्चियों का सफर रेस्क्यू किया गया। हालांकि बच्चियों के साथ कोई दलाल नहीं पकड़ा गया संभवत: पुलिस के आने की भनक लगते ही दलाल मौके से फरार होने में सफल हो गए। बच्चियों ने बताया कि उनके बगल के गांव की एक लड़की दिल्ली में रहकर काम करती है, उन्हीं के बहकावे में आकर वे दिल्ली जा रही थी। इधर बच्चियों को सकुशल बरामद करने के बाद देर रात ही परिजनों को बुलाकर बच्चियों को उन्हें सुपुर्द कर दिया गया साथ ही बच्चियों को ऐसे किसी भी प्रलोभन में न आने की पाठ भी पढ़ाई गयी।

### झामुमो नेता साजिद खान ने हाजी अली में चादरपोशी कर की राज्य की खुशहाली की कामना

■ सीएम हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना सोरेन से मिलकर भेंट की सिरनी प्रसाद



सीएम से मुलाकात करते धनु खान।

**चंदवा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की पहल पर झामुम नेता साजिद खान उर्फ धनु खान ने मुंबई स्थित हाजी अली के दरगाह में चादरपोशी की। चादरपोशी के पश्चात मुंबई से लौटकर मंगलवार को श्री खान मुख्यमंत्री आवास पहुंचे जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से मिलकर उन्हें सिरनी प्रसाद भेंट कर राज्य की खुशहाली की कामना की। इस संबंध में साजिद खान ने बताया कि राज्य में झामुमो गठबंधन के प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री व उनकी पत्नी की पहल पर चादर चढ़ाने हाजी अली के द्वार गए थे, जहां चादर चढ़कर राज्य की खुशहाली एवं अमन चैन की कामना की साथ ही राज्य के लोगों के बेहतरीन के लिए दुआएं भी मांगी।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



स्वास्थ्य मेला में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के बाजार टांड मे प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उदघाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, उप प्रमुख निशा शाहदेव, सीएचसी प्रभारी प्रकाश बड़ाईक, सेवानिवृत शिक्षक जानकी नंदन राणा, गोनिया मुखिया रानो देवी, प्रधानलिपिक कपिलदेव सिंह, डॉ अमरनाथ प्रसाद,सुरेंद्र कुमार, बीपीएम मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सीएचसी प्रभारी बड़ाईक ने कहा की एनसीबी, फैलेरिया, मलेरिया, आंख, परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य, त्वचा रोग, पोषण आयुष्मान कार्ड, बाल स्वास्थ्य पोषण, दंत चिकित्सक, हॉमियों पैथिक सहित अलग अलग जाँच व निवारण के लिए 16 स्टॉल लगाए गए हैं। आप सभी इसका लाभ लें। वहीं प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की। जिप सदस्य रमेश राम ने उपस्थित लोगों को सुझाव देते हुए कहा की फास्ट फूड खाने से परहेज करें। अधिक से अधिक घर मे बने भोजन का उपयोग करें। गर्म पानी पिए और आप सभी घर के आसपास साफ सफाई रखें। उप प्रमुख निशा शाहदेव ने कहा की सरकार के पहल से लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है यह विभाग का बेहतर पहल है। जो व्यक्ति दूर जाकर अपना उपचार नहीं करवा पाते हैं वैसे लोगों के लिए यह मेला वरदान साबित होगा। विभिन्न तरह के बीमारियों का मुफ्त इलाज व निशुल्क दवा वितरण किया जा रहा है जो सकारात्मक पहल है। वहीं जानकी नन्द राणा ने भी अपने सम्बोधन मे विभिन्न तरह के महत्वपूर्ण जानकारी दिया। उसके पश्चात लगाए गए सभी स्टॉल का निरिक्षण किया गया। वहीं डॉ सीमा रानी, दंत चिकित्सा अलिसा टोपो, डॉ पवन कुमार सहित अन्य चिकित्सको ने कई मरीजों का जाँच किया। प्रखंड स्तरीय मेला मे 284 रजिस्ट्रेन किया गया। सुगर व बीपी जाँच 105, कैंसर 10, टीबी 10, दाँत 53, रक्त जाँच 125, कुष्ठ 10, मलेरिया 10, एनमियां 5, परिवार नियोजन का सुझाव 67, आयुष्मान कार्ड 56, मोतियाबिंद जाँच 80, आयरण कैल्शियम सहित कई जाँच और दवा दी गई। जबकि मंच का संचालन निरंजन कुमार ने की। मौके पर एमपी डब्लू संदीप कुमार, बलराम कुमार, पंकज पाण्डेय, योगेंद्र कुमार, दीपांशु कुमार सहित अन्य कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## झामुमो नेताओं ने पोखरी कला और लात में चलाया सदस्यता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



सदस्यता अभियान चलाते जेएमएम नेता।

**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर पूरे राज्य में पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जेएमएम नेताओं द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता अफजल अंसारी और शशि भूषण तिवारी के नेतृत्व में बरवाडीह प्रखण्ड में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में सरयू के जिला परिषद सदस्य सह जेएमएम नेता बुद्धेश्वर उरांव ने शिरकत की। इस दौरान अफजल अंसारी ने पोखरी कला और शशि भूषण तिवारी ने लात पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें पार्टी के नीति और सिद्धांतों के साथ जनहित में चलाए जा रहे विकास कार्यों को देखते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने जेएमएम की सदस्यता ली। अफजल अंसारी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों से प्रभावित होकर क्षेत्र की जनता काफी संख्या में पार्टी से जुड़ रही हैं। वहीं शशि भूषण तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे आज हर वर्ग और हर तबके के लोग खुश है। सरकार ने महिलाओं को सम्मान दिया है। जिससे महिलाएं भी बढ़ चढ़कर जेएमएम की सदस्यता ग्रहण कर रही है। बताया कि पार्टी को मजबूत करना और सभी वर्ग और उम्र के लोगों को पार्टी से जोड़ना ही हमारा लक्ष्य है। वहीं झामुमो नेता देवनाथ सिंह खरवार और अरुण सिंह द्वारा भी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा हैं।

# नेताजी की जयंती पर स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर किया शहर भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी सह 'आजाद हिंद फौज' के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर बालूमाथ स्थित एंजेल्स स्कूल के बच्चों ने रैली निकाल कर शहर भ्रमण किया। इस दौरान स्कूली बच्चे भारतमाता, शहीद भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फूले, सुखदेव, राजगुरु, पद्मावती समेत महान स्वतंत्रता सेनानियों व सामाजिक सुधारको का वेश धारण कर देश की आजादी की लड़ाई में उन महापुरुषों के योगदान को याद किया। शहर भ्रमण की शुरूआत चेकनाका स्थित एंजेल्स पब्लिक स्कूल से हुई. थाना चौक, न्यू बस स्टैंड, छठ तालाब, टमटम टोला, हाइस्कूल, पांकी रोड, रहमत नगर, चांदनी मोहल्ला, बाजार टांड़, गालिब कॉलोनी, शहीद चौक होते हुए पुनः स्कूल परिसर में वापिस आकर संपन्न हुई। इस दौरान स्कूली बच्चे देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत अनेक झांकी भी प्रस्तुत किया, महापुरुषों के जयकारे भी लगा रहे थे। एंजेल्स पब्लिक स्कूल के अनुराग सिंह ने बताया कि नेताजी की जयंती पर हर साल स्कूल के द्वारा आयोजन कर सुभाष चंद्र बोस को याद किया जाता है। जागरुकता अभियान के तहत सड़क सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण सुरक्षा, प्रदूषण इत्यादि पर स्लोगन एवं प्रदर्शनी भी आयोजित किया जाता है। रवि कुमार मालाकार, हरितमा भारती, रविंद्र कुमार, संतोष कुमार, निशा कुमारी पांडेय, शोभा, सरस्वती, निकिता, नीतू, मनोज यादव, प्रशांत कुमार राणा, ऋषभ राणा, शगुफ्ता, श्वेता कुमारी सिंह, छवि राणा ने कारगर भूमिका अदा की।



महापुरुषों का वेश धारण किए बच्चे।

# जयंती पर याद किये गये सुभाष चन्द्र बोस

**तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे आज भी लोगों के जेहन में है : असगर खान**

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** शहर के सुभाष चौक में सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा स्थल पर उनकी जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता रामयश पाठक, असगर खान, निर्मल भारती, रवि डे, सुधीर प्रसाद व अन्य ने संयुक्त रूप से सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर रामयश पाठक व निर्मल भारती ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी नेता और सच्चे देशभक्त सुभाष चंद्र बोस की जयंती को 2021 से पराक्रम दिवस के तौर पर भी मनाया जा रहा है। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि आज हम यहां एक ऐसे महान नेता की जयंती मनाने के लिए इकठ्ठा हुए हैं, जिनकी वीरता और देशभक्ति ने हमें प्रेरित किया है, यहां हम बात कर रहे हैं सुभाष चंद्र बोस की जिन्हें नेताजी के नाम से भी जाना जाता है, सुभाष चंद्र बोस ने कभी ब्रिटिश शासन के सामने सिर झुकाना स्वीकार नहीं किया, उनका मानना था कि संघर्ष से ही देश को आजादी मिल सकती है, यही वजह है कि उन्होंने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया, यह केवल शब्द नहीं थे बल्कि क्रांति की पुकार थी, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में एक अलग ही जोश भर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे ने कहा कि एक व्यक्ति एक विचार के लिए मर सकता है, लेकिन उसका विचार मृत्यु के बाद हजार जन्मों तक अमर हो जाता है, अपने देश के लिए हमेशा वफादार रहने वाले, अपने प्राणों का त्याग करने के लिए हमेशा अमर होते हैं। समाजसेवी सुधीर प्रसाद ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस की जयंती-पराक्रम दिवस के दिन स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और नेताजी के संघर्ष को याद किया जाता है, नेताजी का जीवन संघर्ष, साहस और देशभक्ति का प्रतीक माना जाता है। मौके पर आप नेता ट्विंकल कुमार, कैलाश बैठा, बालाजी उरांव, पप्पू सर, मनीष भारती, सिरिल टोप्पो, भरत यादव, श्री भोला, इजरायल, अरुण भारती, अजीत बनारसी, जीतू प्रसाद, मो. रशीद, बबलू खान, मनोज सिंह, सुनील ठाकुर, झरामचंद्र ठाकुर, मनोज साव, प्रमोद गिरी, धर्मेंद्र भारती, अनूप प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

### बीपीएस मेमोरियल रेसीडेंशियल स्कूल में सुभाष चंद्र बोस का मनाया गया 128वां जयंती



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत एसबीआई रोड स्थित बीपीएस मेमोरियल रेसीडेंशियल स्कूल सह एवरेस्ट कोचिंग सेंटर के प्रांगण में दिन गुरुवार को शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा देश के महान क्रांतिकारी वीर नेता जी सुभाष चंद्र बोस का 128वां जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजेंद्र कुमार ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के महानायक थे उन्होंने अपने कर्तव्य को निभाते हुए देश के प्रति अपनी जान कुर्बान कर दी। वह एक मात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर देश को आजाद कराने के लिए और दुनिया से ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकने के लिए प्रण लिया था। वहीं विद्यालय एवं कोचिंग सेंटर के संस्थापक संदीप पासवान ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवनी से आज के युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेने की जरूरत है और देश के विकास एवं उन्नति में सभी युवा वर्ग के लोगों को बढ़-चढ़कर अपना योगदान देना चाहिए। मौके पर सहायक शिक्षक पिंटू यादव, राजकुमार उरांव, मनीष पासवान, ज्योति कुमारी, शिव शंकर उरांव, समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विद्या कोचिंग सेंटर का मना स्थापना दिवस



उपहार देते शिक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखण्ड के टाटीदीरी में विद्या कोचिंग सेंटर का 14वां स्थापना दिवस सह नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कोचिंग के निदेशक विनोद प्रसाद गुप्ता ने माँ सरस्वती की पूजा और नेताजी के तस्वीर पर फूल और माला चढ़ाकर किया।

मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि आज ही के दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म उड़ीसा के कटक में हुआ था। उनके पिता पेशे से वकील थे और घर के आर्थिक स्थिति ठीक होने के कारण उनका पढ़ाई लिखाई ठीक ढंग से हुआ। उन्होंने दर्शन शास्त्र से बीए की परीक्षा पास किया। राष्ट्र भक्ति और राष्ट्र भावना से प्रेरित नेताजी ने अपने नौकरी से त्याग पत्र देकर देश के आजादी के लड़ाई में कुद पड़े। आज ओ हमारे बीच नहीं है पर उनके बताये हुए मार्ग पर सभी को चलना चाहिए। कार्यक्रम में उमेश ठाकुर, हेमंत कुमार, सुशिल कुमार, छोटू कुमार, ओम कुमार, अभिषेक कुमार, आकाश कुमार, प्रियांशु कुमारी, नंदनी कुमारी, प्रमिला कुमारी, गायत्री कुमारी आदि उपस्थित थी।

### केंद्रीय मंत्री ने देखी कई कमियां लेकिन मीडिया को बताने से किया परहेज

# आकांक्षी जिला गढ़वा को बनाएंगे टॉप 10 : बीएल वर्मा

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने की गढ़वा जिले के विकास कार्यों की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अकािरिता विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री सह आकांक्षी जिला गढ़वा के प्रभारी मंत्री बीएल वर्मा ने गढ़वा का दो दिवसीय दौरा कर केंद्र सरकार की ओर से जिले में संचालित विकास योजनाओं के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने प्रेस कन्फ्रेंस बुलाकर मीडिया को इसकी जानकारी दी। कहा कि निरीक्षण के दौरान कई कमियां देखी लेकिन उसे सार्वजनिक नहीं कर सकता। गढ़वा डीसी और संबंाित विभाग के पदाकािरियों को इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कई जगह अच्छे कार्य भी होता दिखा। गढ़वा देश के 111 आकांक्षी जिले के 67वें स्थान पर है। उनकी



प्रेस कन्फ्रेंस करते केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा

प्राथमिकता इसे टप 10 में लाने की है। इसके लिए पदाकािरियों के साथ समीक्षा बैठक की गई है। प्रभावी कार्य की योजना भी बनाई गई है। गढ़वा समाहरणालय के कन्फ्रेंस हल में प्रेस कन्फ्रेंस में बोलते हुए श्री वर्मा ने कहा कि उन्होंने स्कूल, अस्पताल, प्राानमंत्री जन औषाि केंद्र, मडल ग्राम, स्टेडियम का निरीक्षण किया। स्वयं सहायता समूह की बहनों, जन वितरण प्रणाली के उपभोक्ता, डीलर, कस्तूरबा गांाी विद्यालय की छात्राओं, प्राानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मिला। इस तरह कई योजनाओं और उससे जुड़े लोगों की राय ली। कहीं बहुत खराब अनुभव हुआ तो कहीं बहुत अच्छा काम भी दिखा।

**सदर अस्पताल का असंतोषजनक, पीएचसी मझिआंव शानदार :** उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल गढ़वा का काम संतोषजनक नहीं पाया गया। सदर अस्पताल में कई कमियां देखी गई। इसके लिए उन्होंने विशेष निर्देश दिया है। वहीं मझिआंव पीएचसी का कार्य शानदार देखा गया। उन्होंने कहा कि कई योजनाओं में काफी कमियां देखी गई जिसे ठीक करने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया गया है।

कुछ कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की कुछ विकास योजनाओं में राज्य सरकार का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग ने पिछड़े जिले को देश के विकसित जिलों की श्रेणी में लाने की योजना बनाया है। प्राानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य जिलों की तरह गढ़वा जिला का भी विकास तेजी से होता देखना चाहते हैं। मंत्री ने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं की उपलबियों का विस्तार से वर्णन किया। प्रेस कन्फ्रेंस में पलामू के सांसद बीडी राम और डीसी शेखर जमुहार भी मौजूद थे।

खबर एक नजर में

## विद्यालय में चाहारदीवारी निर्माण के लिए विधायक को सौंपा आवेदन



आवेदन सौंपते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय अंबाखोरेया में चहारदीवारी निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विधायक अनंत प्रताप देव को आवेदन सौंपा है। बताते चलें कि उच्च विद्यालय अंबाखोरेया चहारदीवारी नहीं होने से बच्चों को काफी परेशानियां होती है। वहीं बीडीओ जुल्फिकार अंसारी को भी उच्च विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण को लेकर आवेदन दिया गया है।

मौके पर कमलेश सिंह गोड़, एकलाख अंसारी, राधेश्याम पासवान, भगवान गोड़, श्रवण गोड़, इश्वर गोड़, शिवशरण गोड़, उपेन्द्र प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

## स्कूल प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित : निदेशक

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल का 22 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। यह विद्यालय आरपीएम शैक्षणिक संस्था द्वारा संचालित है। कार्यक्रम का उदघाटन सरस्वती जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीपोज्वलन के साथ किया गया। साथ ही साथ सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यायार्पण कर जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार मिश्र, प्राचार्या संगीता सिंह, शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## विधायक के निर्देश पर अभियंता ने कराई चिन्हित सड़क की मापी

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के ग्रामीण सड़को को पक्कीकरण के लिए क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव के निदेर्शानुसार गुरुवार को आरईओ के कनीय अभियंता धीरेंद्र कुमार ने डीपीआर के लिए कई सड़को का मापी किये। जिसमे मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ से सबनवा अंसारी टोला, माली रेलवे गुमटी से डाली होते हुए पचपोखरी तक,करदण्डा रेलवे लाइन से करदण्डा गांव तक, मोहम्मदगंज महुदण्ड मुख्य पथ राजनडीह से रामनगर परियोजना हाई स्कूल होते हुए भौराहा मुखलाल यादव के घर तक के सड़क निर्माण का सर्वे मापी किया।

## सुभाषचंद्र बोस ने अपने नारों से देशभक्ति का अलख जगाया था : बिट्टु

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कांग्रेसी नेताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर पुष्पांजली कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती है। देश के आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। ब्रिटिश शासन से देश की आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी के दिए नारों ने देशभक्ति की अलख जगा दी थी- तुम मुझे खून दो , मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिन्द, दिल्ली चलो इसमें से तो 'जय हिंद' का नारा राष्ट्रीय नारा बन गया। आज भी देश के युवाओं के वह प्रेरणा स्रोत हैं।

# किन्नर को शौकत खान ने तिरंगा देकर किया सम्मानित



सम्मानित करते शौकत खान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** किन्नर समाज गुरु राधा दीदी की टीम से सिमरन दीदी ने राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान से मुलाकात की। इस दौरान शौकत खान ने किन्नर सिमरन दीदी एवं अन्य किन्नर दीदी को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर शौकत खान ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में गढ़वा किन्नर समाज की गुरु राधा दीदी और उनकी पुरी टीम ने जिला प्रशासन गढ़वा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर एक अनोखा समाज में अलख जगाते दिखी थी। राष्ट्रीय ध्वज से सम्मानित होने पर किन्नर दीदी ने कहा कि आज जो मुझे शौकत खान के द्वारा देश का सबसे बड़ा सम्मान मिला है ये हम सब के लिए गौरवान्वित भरा है और मैं इस तिरंगा को सदा अपने पास रखुंगी।

# डीएवी शताब्दी में मनायी गई नेताजी की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर विद्यालय के वरीय शिक्षक ओम प्रकाश सिंह एवं अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुष्प अर्पण किया। इस दौरान अनुमंडल स्तर पर हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के दर्जनों विजेता छात्र-छात्राओं को शिक्षकों ने आशीर्वाद व शुभकामनाएं प्रदान किया। नेताजी की जयंती युवाओं के लिए किस प्रकार प्रासंगिक है, इस विषय पर शिक्षक प्रवीण कुमार पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त किए। अंग्रेजी शिक्षक विभूति भूषण शाहू ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा दिए गए नारे तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी




उपस्थित लोग

दूंगा, जय हिंद बारे मे बच्चों को बताया। शिक्षक ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने देशभक्ति गीत ऐ मेरे वतन के लोगों गाकर सभी को देश प्रेम से रोमांचित कर दिया। नौवीं के छात्र मयंक कुमार ने नेताजी की जयंती पर बड़ा ही सुंदर और ओजपूर्ण भाषण प्रस्तुत किया तथा देशभक्ति से ओतप्रोत कविता पाठ किया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बच्चों को शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सौकत अली, जयशंकर तिवारी, सूरज कुमार सिंह, संजय कुमार राय, अनिल कुमार द्विवेदी, मुकुंद राय, शबनम खातून, नेहा पांडेय, वैभव कुमार विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार, राजकुमार दुबे, विजय शंकर दुबे आदि उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री सहित जिले के अधिकारियों ने दी नेताजी को श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखर स्वतंत्रता सेनानी एवं युवाओं के मार्गदर्षन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के सुअवसर पर गढ़वा जिला समाहरणालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री सह आकांक्षी जिला गढ़वा के प्रभारी मंत्री बीएल वर्मा, सांसद बीडी राम, डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसडीओ संजय पांडेय सहित



श्रद्धांजलि देते डीसी

कई अधिकारियों एवं राजनीतिक दल के नेताओं ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही नेताजी की देष की स्वतंत्रता के लिए किये गये बलिदान एवं संघर्ष को याद किया एवं उनसे प्रेरणा ली।

## सुभाषचंद्र बोस के आदर्शों को अपनायें बच्चे : वार्डेन अनिल

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत सुआ पंचायत में सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वार्डेन अनिल कुमार ठाकुर, राजेंद्र कुमार प्रजापति, सतीश कुमार पांडेय व विद्यालय के बच्चों के सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बोस की जयंती पर स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग, क्विज व संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित किया। बेहतर प्रदर्शन करनेवाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे सुभाषचंद्र बोस : प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय



सम्मानित करते शौकत खान

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडल के जपला स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने मां सरस्वती, भारत माता एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे।

## पेज एक का शेष

### नेताजी के विचार...

**झारखंड से जुड़ी हैं कई यादें :** इस मौके पर सीएम ने कहा कि झारखंड, बिहार, बंगाल तथा ओड़िशा से नेताजी का खासा रिश्ता रहा है। झारखंड की राजधानी रांची के साथ-साथ गोमो, रामगढ़ समेत यहां के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां से नेताजी की कई यादें जुड़ी हैं। जब तक यह देश रहेगा। नेताजी का नाम अमर रहेगा। नेताजी को शत-शत नमन।

### एक लक्ष्य-एक...

नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था- आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा- आजाद हिंद।

**हमारा लक्ष्य ग्लोबली बेस्ट बनाना है :** पीएम ने कहा, एक समृद्ध परिवार में जन्मे नेताजी ने सिविल सर्विसेस की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते, लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश विदेश में भटकना पसंद किया, नेता जी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को ग्लोबली बेस्ट बनाना है, एक्सीलेंस को चुनना ही है, एफिशिएंसी पर फोकस करना है। नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनायी। इसमें देश के हर क्षेत्र हर वर्ग के वीर और वीरांगनाएं शामिल थीं। सबकी भाषाएं अलग-अलग थीं, लेकिन भावना एक थी देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है।

**विश्व में भारत की हैसियत बढ़ी :** विश्व में भारत की बढ़ती हैसियत पर पीएम ने कहा कि इस समय देश की प्रगति के लिए वातावरण अनुकूल है और विश्व भारत की तरफ देख रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से निकाला गया है। देशभर में आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की सेना को भी अत्यधिक मजबूत बनाया जा रहा है।

### आयरन ओर, सोना सहित ...

बनहर्दी कोल ब्लॉक से जल्द मिलेगा कोयला

लातेहार के बनहर्दी कोल ब्लॉक से जल्द ही पतरातू में निमार्णाधीन 4000 मेगावाट के पावर प्लांट को कोयला मिलेगा। इसके लिए पतरातू विद्युत उत्पाद निगम लिमिटेड ने पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन नीति जारी कर दी है। जारी नीति के तहत ऐटे, बनहरदी, बारी, रामपुर, सुरली,टोटा, सबानो, जलदगा के रैयती और निजी स्वामित्व वाले भूमि के लिए एक मुश्त 37 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाएगा। वहीं बरवाडीह के रैयती भूमि के लिए प्रति एकड़ 41 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। आवासी भूमि के लिए एक मुश्त 60 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही अधिग्रहित क्षेत्र में आने वाली परिसंपत्तियों के लिए उसका मुल्यांकन कर अलग से भुगतान किया जाएगा। साथ ही खनन परियोजना क्षेत्र के निवासियों के जीवन स्तर का भी ख्याल रखा जाएगा।

### तकनीकी चुनौतियों से ...

2024 चुनौतियों और जटिलताओं के बीच डेमोक्रेटिक वैल्यूज की पुष्टि के लिए इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडी के लिए एक निर्णायक साल है। उन्होंने कहा, टेक्नोलॉजी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। यह साइबर सुरक्षा खतरों और गलत सूचना जैसी चुनौतियां भी लाती है। सीइसी ने इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडी से इन तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों को कारगर बनाने का आग्रह किया, ताकि जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम किया जा सके।

**फर्जी खबरों के खतरे :** मॉरीशस के मुख्य चुनाव आयुक्त अब्दुल रहमान ने भी मतदाताओं के विश्वास को कम करने के लिए फर्जी खबरों के खतरे पर जोर दिया। चुनाव कर्मचारियों की भर्ती के लिए फर्जी ऑनलाइन आवेदनों के एक विशेष मामले पर प्रकाश डालते हुए रहमान ने चुनावों के दौरान गलत सूचनाओं और भ्रामक सूचनाओं के खतरे को बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की। सम्मेलन के पहले दिन चुनाव प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और चुनाव प्रबंधन पर उनके प्रभाव, समावेशी और सुलभ चुनावों के लिए चुनावी समानता को बढ़ावा देने और क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व सहित कई सत्र आयोजित किये गये।

# मुखिया ने किया चबूतरा का उदघाटन



उद्घाटन करती मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग के वार्ड न 11 में मुखिया अनीता देवी ने चबुतरे का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि उक्त चबुतरा की मरम्मति 56 हजार 600 रूपये की राशि से करायी गई है। चबुतरे का उदघाटन मुखिया ने गुरुवार को पूजा अर्चना कर किया। बताते चले कि उक्त चबूतरे का निर्माण विधायक गिरवर पांडेय ने विधायक मद से कराया गया था। वर्तमान में उक्त चबूतरा जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गया था। मौके पर वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, डॉ. दुख हरण राम, अजय चंद्रवंशी, उपेंद्र ठाकुर, लाल मोहन चंद्रवंशी, शिव कुमार साह, मनोज साह, श्रीराम राम, सुरेंद्र पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

## समता स्कूल में मनी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**पाटन पलामू।** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में सुभाष चंद्र बोस जी की 128 वी जयंती समारोह केक काटकर एवं पुष्प माल्यार्पण कर विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान के द्वारा मनाया गया। साथ ही उनके द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस ने साफ कह दिया था कि यदि हमे स्वतन्त्रता चाहिए तो हमे खून बहाना पड़ेगा, जो गांधी के अहिंसा के सिद्धान्त से मेल नहीं खाता था। उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारा देकर आजाद हिन्द भौज को और क्रांतिकारी बना दिया जिसके परिणाम स्वरूप देश की युवाओं आजादी के प्रति और उत्साह बढ़ गया। इस देश की आजादी में नेताजी के अहम योगदान हैं जिनके कारण ब्रिटिश शासन को भागना पड़ा।

# अंतर्राष्ट्रीय कन्फ्रेंस सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी विद्युत सब स्टेशन के समीप अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, बीडीओ जुल्फिकार अंसारी, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, सदर मुखिया महबूब अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान बुजुर्ग महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया।

मौके पर विधायक ने सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि पहले लोग पांच-पांच माह से वृद्धावस्था पेंशन व अन्य पेंशन से वंचित रहते थे, लेकिन हमारी झामुमो की सरकार में सरकार आपके द्वार आपके कार्यक्रम का आयोजन कर सभी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्ति



संबोधित करते विधायक

आज लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मुझे यहां की जनता ने जो भरोसा और उम्मीद से मुझे जिताया है मैं उस पर खरा उतरूंगा। उन्होंने पलायन की समस्या को दूर करने की बात कही। उन्होंने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि आज हमारे समाज में समाज की कुरीतियां बढ़ गई है दहेज प्रथा बाल विवाह तथा नशा डायन बिसाही आदि कुरीतियों से समाज परेशान है। साथ ही उन्होंने पनघटवा में मछली पालन का प्रशिक्षण करने गए मृतक विजय यादव के घर जाकर उनके परिजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया एवं सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने इस मिशन के कार्यों की सराहना करते हुए कमेटी को धन्यवाद दिया। बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने कहा कि हिंदुस्तान में संविधान की बदौलत ही किसी भी पद पर चाहे वह प्रशासनिक हो या और कोई पद पर हो वह शिक्षा का ही दिन है। शिक्षा से मनुष्य के सभी समस्याओं का हल होता है एवं पहचान भी होती है। कार्यक्रम को जिप सदस्य जानकी सिंह व सीताराम देहाती, मुन्ना भारती, प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने भी संबोधित किया।

स्पीड न्यूज

### 70वीं बीपीएससी पीटी का रिजल्ट हुआ जारी 21581 अभ्यर्थी सफल

**पटना।** बीपीएससी ने गुरुवार को एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में 21 हजार 581 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। यह परीक्षा 912 केंद्रों पर 13 दिसंबर को परीक्षा आयोजित हुई थी। इसमें कुल तीन लाख 28 हजार 990 अभ्यर्थियों ने पीटी की परीक्षा दी थी। पटना के बापू परीक्षा केन्द्र का एग्जाम रद्द हो गया था। इसके बाद 22 केंद्रों पर 4 जनवरी को एक सेंटर का री-एग्जाम हुआ था। परीक्षा का परिणाम पहले की तरह 45 दिन के भीतर घोषित कर दिया है।

### सैफ के आवास पर पुलिस की सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि, सैफ अली खान ने हमले के बाद निजी सुरक्षा भी तैनात की है। सैफ के आवास पर जाली लगाने, सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम भी शुरू किया गया है। दरअसल, सैफ अली खान के घर में घुसकर 16 जनवरी की रात को एक शख्स ने हमला कर दिया था।

### विदेश सचिव मिस्री 26 को जायेंगे चीन

नयी दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री दो दिवसीय दौरे पर 26-27 जनवरी को चीन जायेंगे और बीजिंग में दोनों देशों के बीच विदेश सचिव-उप मंत्री तंत्र की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार इस द्विपक्षीय तंत्र की बहाली नेतृत्व स्तर पर हुए समझौते से प्रेरित है। इसमें राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा की जाएगी।



गणतंत्र दिवस परेड के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल दौरान हैरतगंजेब करतब दिखाते सेना के जवान।

# बेतिया में डीइओ के घर से दो करोड़ कैश बरामद

## आय सेअधिक संपत्ति मामले में रजनीकांत प्रवीण के घर एसयूवी की रेड

खबर मन्त्र संवाददाता

- शिक्षा विभाग ने डीइओ को किया निलंबित
- अवैध संपत्तियों का ब्यौरा खंगाल रही हैं एसयूवी

**पटना।** बिहार में बेतिया के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रजनीकांत प्रवीण के विशेष निगरानी ईकाई (एसयूवी) ने छापा मारा। बेतिया स्थित घर से करीब दो करोड़ रुपए नकद बरामद किए हैं। वहीं अन्य चल व अचल संपत्ति की जानकारी भी मिली है। इसके बाद शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से डीईओ निलंबित कर दिया। एसवीयू के मुताबिक डीईओ रजनीकांत प्रवीण की करोड़ो की आय से अधिक अवैध संपत्ति का पता चला था। इसके बाद केस दर्ज कर गुरूवार को डीआईओ के बेतिया स्थित आवास समेत चार ठिकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में दो करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए। साथ ही अन्य स्थानों पर भी उनकी चल व अचल संपत्ति होने का पता चला है।

टीमें अवैध संपत्तियों का ब्यौरा खंगाल रही हैं। रजनीकांत प्रवीण बिहार शिक्षा सेवा के 45 वीं बैच के अधिकारी हैं।रजनी कांत प्रवीण



की पत्नी सुषमा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी सेवा छोड़ दी थी। वर्तमान में ओपन माइंड बिड़ला स्कूल, दरभंगा की निदेशक हैं। आरोप है कि रजनीकांत प्रवीण द्वारा अवैध रूप से अर्जित धन के भी स्कूल में लगा है।

# अमेरिकी कांग्रेस ने लैकेन रिले विधेयक को दी मंजूरी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संसद (कांग्रेस) ने बुधवार को लैकेन रिले विधेयक को अंतिम मंजूरी प्रदान कर दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर के बाद यह कानून का रूप लेगा। इस कानून का एकमात्र मकसद अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाना है। इससे भारत समेत कई देशों के प्रवासी प्रभावित होंगे। माना जाता है कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों में लगभग 75,000 भारतीय हैं। डेमोक्रेट्स के बड़े गुट ने रिपब्लिकन के सहयोग से इसे 263-156 मतों से पारित किया। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव अभियान के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले संबोधन में कहा था कि अवैध रूप से आए लोगों को जो जहां से आया है, वहीं वापस भेज दिया जाएगा। इस विधेयक का नाम 22 वर्षीय जॉर्जिया नर्सिंग छात्र लैकेन रिले के नाम पर रखा गया है। लैकेन की

## अवैध प्रवासियों पर लगेगा लगाम

- अमेरिका में अवैध रूप से रह रहें हैं 75000 भारतीय
- विधयेक के अमल पर 83 बिलियन डॉलर होगा खर्च

पिछले साल वेनेजुएला में हत्या कर दी गई थी। आव्रजन अधिकारियों ने लैकेन की हत्या में दोषी ठहराए गए व्यक्ति के बारे में कहा था कि उसने उचित अनुमति के बिना प्रवेश किया था। उस पर संयुक्त राज्य अमेरिका में दुकानों में चोरी का आरोप भी लगा था। अलबामा से सीनेटर केटी ब्रिट ने कहा है कि मुझे गर्व है कि लैकेन रिले अधिनियम पहला ऐतिहासिक विधेयक होगा जिस पर राष्ट्रपति ट्रंप हस्ताक्षर करके कानून बनाएंगे। यह इस बात का भी सबूत है कि राष्ट्रपति ट्रंप और रिपब्लिकन वादों को पूरा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में तीन दशक की राजनीति में इसे सबसे महत्वपूर्ण विधेयक माना जा रहा है। इसमें आव्रजन न्यायाधीश को बॉन्ड देने



की क्षमता के बिना अप्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है। इसमें आप्रवासी बच्चों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। यह विधेयक राज्य के अटॉर्नी जनरल को संघीय आव्रजन नीति और आव्रजन न्यायाधीशों के बॉन्ड निर्णयों को चुनौती देने के लिए व्यापक कानूनी अधिकार प्रदान करता है। अगले तीन साल में विधेयक के अमल पर 83 बिलियन अमेरिकी डॉलर का खर्च आएगा। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन का अनुमान है कि बिल के लागू होने से अप्रवासियों को हिरासत में लेने वालों की संख्या बढ़ जाएगी।

## अमेरिका में 50 लाख से अधिक भारतीय

एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में भारतीयों की संख्या 50 लाख से अधिक है। इनमें से लगभग 75,000 अवैध रूप से रह रहे हैं। अमेरिका में जारी होने वाले 3,86,000 एच1बी वीजा में से लगभग तीन-चौथाई भारतीयों को मिलते हैं। दूसरी ओर अमेरिकी संविधान में 155 साल पहले हुआ 14वां संशोधन अमेरिका में जन्म लेने वाले हर बच्चे को नागरिकता का जन्मसिद्ध अधिकार देता है। कहा जाता है कि इसे भुनाने के लिए कुछ लोग केवल बच्चे पैदा करने के लिए अमेरिका जाते हैं। इसे नागरिकता पर्यटन भी कहा जाता है। ट्रंप ने दूसरा कार्यकाल शुरू करने पर आदेश जारी कर इसकी परिभाषा ही बदल दी है। यह आदेश कहता है कि अवैध या अस्थायी रूप से रहने वाले आप्रवासियों के बच्चों को अमेरिका में पैदा होने पर भी वहां की नागरिकता नहीं मिलेगी।

## लॉस एंजिल्स के उत्तर में आग से फिर दहशत

**लॉस एंजिल्स।** संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत का प्रमुख शहर लॉस एंजिल्स आग की विभीषिका से उबर नहीं पा रहा। लॉस एंजिल्स में कैस्टेइक के उत्तर में बुधवार को आग लगने से दहशत फैल गई। यह 10,000 एकड़ से अधिक में फैल गई। इस वजह से दक्षिणी कैलिफोर्निया में पिछले एक माह में हजारों लोगों को अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। सांता क्लैरिटा के उत्तर में कैस्टेइक झील के पास रह रहे लोगों को तत्काल घर छोड़ने को कहा गया है। इस बीच दक्षिणी कैलिफोर्निया में शनिवार से सोमवार तक लगभग आधा इंच तक बारिश होने की उम्मीद जताई गई है। लॉस एंजिल्स शहर और काउंटी के अधिकारियों ने कहा है कि नालियों की सफाई शुरू कर दी गई है जिससे बारिश के पानी का प्रवाह न रुके। कैल फायर के अनुसार, दो सप्ताह पहले पैलिसेड्स में लगी आग 23,400 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल गई। इससे कम से कम 6,662 संरचनाएं नष्ट हो गईं। बुधवार शाम तक आग पर 70 प्रतिशत काबू पा लिया गया। ईटन की लगी आग पर 95 प्रतिशत तक काबू पा लिया गया है। इससे अल्टाडेना और पासाडेना क्षेत्र में 9,418 संरचना नष्ट हुई हैं। पैलिसेड्स में 11 और ईटन में 17 लोगों की मरने की पुष्टि की है।

# 'आप' ने दिल्ली को कूड़े के ढेर में बदला

एजेंसी

- केजरीवाल ने यमुना को गंदे नाले में बदलने का पाप किया : योगी
- ओखला में बांग्लादेशियों व रोहिंग्याओं को बसाया

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी सरकार ने दिल्ली को कूड़े के ढेर में बदल दिया और लोगों की बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार ने शहर के ओखला क्षेत्र में अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बसने में मदद की। दिल्ली विधानसभा के लिए पांच फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले, किराड़ी इलाके में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए योगी ने आरोप लगाया कि आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यमुना को गंदे नाले में बदलने का पाप किया है। योगी ने कहा कि बुधवार मैंने अपने सभी मंत्रियों के साथ प्रयागराज में संगम में डुबकी लगाई, जहां महाकुंभ चल रहा है। मैं केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि क्या वे अपने मंत्रियों के साथ दिल्ली में यमुना में स्नान कर सकते हैं। अगर उनमें थोड़ा भी नैतिक साहस है तो उन्हें जवाब देना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने



राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों की खराब स्थिति, अस्वच्छता, पेयजल की समस्या और सीवर का पानी सड़कों पर बहने का आरोप लगाते हुए आप की आलोचना की।

**नोएडा-गाजियाबाद की सड़कें दिल्ली से बेहतर :** उत्तर प्रदेश के नोएडा-गाजियाबाद की सड़कें दिल्ली से कहीं बेहतर हैं। उन्होंने यह दावा किया कि आप सरकार उपभोक्ताओं से तीन गुना अधिक बिजली दरें वसूल रही है, लेकिन वे चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं।

